3 राजधानी
राहुल ने डीयू छात्रों से किया संवाद

6 अभिमत
आनन्द के लिए टैगोर की शिक्षा

10 विदेश
जापान में आया 6.2 तीव्रता का भूकंप

11 राष्ट्रीय
मुरैना में छह लोगों की हत्या

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 179
नई दिल्ली, शनिवार, 6 मई, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

पायनियर

www.dailypioneer.com

टी20 लीगों की बढती संख्या के बीच फुटबॉल की राह पर क्रिकेट

स्पोर्ट्स-12

विस्फोट में पांच जवान शहीद

आतंकवाद विरोधी अभियान के दौरान आतंकियों ने छिपकर किया हमला

● राजौरी क्षेत्र में मोबाइल इंटरनेट सेवाएं निलंबित आतंकियों की धरपकड़ तेज

पायनियर समाचार सेवा। जम्मू/राजौरी

जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में कांडी वन क्षेत्र में शुक्रवार को आतंकवादियों द्वारा किए गए विस्फोट में पांच सैन्यकर्मी शहीद हो गए और मेजर रैंक के एक अधिकारी घायल हो गए। पिछले महीने पुंछ जिले के भाटा धुरियान में सेना के ट्रक पर घात लगाकर किए गए हमले में शामिल आतंकवादियों के एक समूह की उपस्थिति के बारे में जानकारी मिलने के बाद आतंकवाद विरोधी अभियान शुरू किया गया था।

इसी दौरान छिपकर बैठे आतंकियों ने विस्फोट कर दिया। पिछले महीने हुए हमले में भी पांच सैनिक शहीद हो गए थे। आतंकवाद रोधी अभियान जारी होने के चलते राजौरी क्षेत्र में मोबाइल इंटरनेट सेवाएं निलंबित कर दी गई हैं। शुक्रवार के हमले से पहले पुंछ और राजौरी के दो सीमावर्ती जिलों में अक्टूबर 2021 के बाद से सात बड़ी आतंकवादी घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें 22 सैन्यकर्मियों सहित 29 लोगों की मौत हुई है। सेना की उत्तरी कमान की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि उसके जवान पिछले महीने जम्मू क्षेत्र के भाटा धुरियां के तोता गली इलाके में सेना के ट्रक पर घात लगाकर हमला करने वाले आतंकवादियों के एक समूह के खात्मे के लिए लगातार खुफिया सूचना आधारित अभियान चला रहे हैं। बयान में कहा गया है कि राजौरी सेक्टर में कांडी वन में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में विशिष्ट सूचना के आधार पर तीन मई को संयुक्त अभियान शुरू किया गया था। शुक्रवार सुबह करीब साढ़े सात बजे तलाशी दल ने एक गुफा में छिपे आतंकवादियों के एक समूह को घेर लिया।

चट्टानों और खड़े पर्वतीय क्षेत्रों से घिरा इस इलाके में घने जंगल हैं। बयान के अनुसार, जब जवान आतंकियों की घेराबंदी करते हुए आगे बढ़ रहे थे, इसी दौरान आतंकवादियों ने विस्फोट कर दिया। सुबह में पहले विशेष बल से संबंधित सेना के दो जवानों के शहीद होने और मेजर सहित चार सैन्यकर्मी घायल होने की खबर आई। बाद में उधमपुर के एक अस्पताल में तीन सैन्यकर्मियों की मौत हो गई। सेना के बयान में कहा गया है कि आतंकवादियों के भी हताहत होने की संभावना है और अभियान जारी है। शहीद सैनिकों में उत्तराखंड के गैरसैंण के लांस नायक रूचिन सिंह रावत, पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग के पैराटूपर सिद्धांत छेत्री, हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले के नायक अरविंद (शेष पेज 9)

आतंकवाद पर पाकिस्तान को भारत की खरी-खरी

● विदेश मंत्री ने कहा- आतंकवाद को कतई उचित नहीं ठहराया जा सकता, इस मामले में तेजी से गिर रही पाकिस्तान की विश्वसनीयता

पायनियर समाचार सेवा। बेनौलिम (गोवा)

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को पाकिस्तान के अपने समकक्ष बिलावल भुट्टो-जरदारी की मौजूदगी में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक में दो टूक कहा कि बिना किसी भेदभाव के आतंकवाद के सभी स्वरूपों और इसके वित्तपोषण को रोकना चाहिए। यही नहीं, पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी पर तीखा हमला करते हुए विदेश मंत्री ने उन्हें आतंकवाद उद्योग का प्रवर्तक, उसे उचित ठहराने वाला और एक प्रवक्ता करार दिया।

गोवा के बीच रिसॉर्ट में चीन के विदेश मंत्री छिन कांग और रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव तथा एससीओ के अन्य देशों के उनके समकक्षों की बैठक हुई। सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए जयशंकर ने अफगानिस्तान की स्थिति और कोविड-19 महामारी के प्रभाव के साथ-साथ ऊर्जा, भोजन और उर्वरकों की आपूर्ति को प्रभावित करने वाली भू-राजनीतिक उथल-पुथल के परिणामों पर भी चर्चा की। जयशंकर ने परोक्ष रूप से पाकिस्तान की ओर इशारा करते हुए कहा कि आतंकवाद की अनदेखी करना समूह के सुरक्षा हितों के लिए हानिकारक होगा और जब दुनिया कोविड-19 महामारी और उसके प्रभावों से निपटने में लगी थी, तब भी आतंकवाद की समस्या ज्यों की त्यों बनी रही। जयशंकर ने कहा कि आतंकवाद की अनदेखी करना समूह के सुरक्षा हितों के लिए नुकसानदेह होगा। हमारा दृढ़ विश्वास है कि आतंकवाद को कतई उचित नहीं ठहराया जा सकता है। सीमापार आतंकवाद समेत इसके सभी स्वरूपों का खात्मा किया जाना चाहिए।

सदस्यों को यह याद दिलाने की जरूरत नहीं है कि खतरे से मुकाबला करना एससीओ के मूलभूत कार्यक्षेत्र में शामिल है। अफगानिस्तान पर उन्होंने कहा कि उस देश में उभरती स्थिति पर हमारा ध्यान बना हुआ है। हमारे प्रयास अफगान जनता के कल्याण की दिशा में होने चाहिए। अफगानिस्तान में हमारी तात्कालिक प्राथमिकताओं में मानवीय सहायता पहुंचाना, एक वास्तविक समावेशी सरकार सुनिश्चित करना, आतंकवाद से मुकाबला करना और महिलाओं, बच्चों एवं अल्पसंख्यकों के अधिकार संरक्षित करना शामिल हैं। चीन की बेल्ट एंड रोड पहल को लेकर बढ़ती आलोचना के बीच जयशंकर ने यह भी रेखांकित किया कि संपर्क प्रगति की कुंजी है, लेकिन इसके लिए सभी सदस्य देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता को (शेष पेज 9)

लोगों की सुरक्षा एससीओ की संयुक्त जिम्मेदारी: बिलावल

पायनियर समाचार सेवा। बेनौलिम(गोवा)

पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो-जरदारी ने कहा कि हमारे लोगों की सामूहिक सुरक्षा हमारी संयुक्त जिम्मेदारी है। आतंकवाद वैश्विक सुरक्षा के लिए खतरा बना हुआ है। इससे निपटने के लिए एससीओ देशों को मिलकर प्रयास करने होंगे। उन्होंने भारतीय पक्ष पर निशाना साधते हुए अपने बयान में कहा कि राजनयिक लाभ के लिए आतंकवाद को हथियार बनाने के चक्कर में नहीं पड़ना चाहिए।

बिलावल ने कहा कि हमें एससीओ के भीतर इन सार्वभौमिक रूप से मान्यता प्राप्त सिद्धांतों के लिए सम्मान सुनिश्चित करना चाहिए। अंतरराष्ट्रीय कानून और सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों का उल्लंघन करते हुए राष्ट्रों द्वारा एकतरफा और अवैध कदम एससीओ के उद्देश्यों के विपरीत हैं। उन्होंने कहा कि हमारी समस्याएं अपार लग सकती हैं, लेकिन मेरा मानना है कि एकजुट मानव जाति के रूप में हमारे पास न केवल चुनौतियों से निपटने की क्षमता है, बल्कि सामूहिक कार्रवाई भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करेगी।

बिलावल ने कहा कि अगर हमें सफल होना है तो हमें इन मुद्दों को अति-पक्षपातपूर्ण भूराजनीति स्थिति से अलग करना होगा। हमारा बहाना यह नहीं हो सकता कि हम मुकाबले के लिए बहुत विभाजित थे। एससीओ एक प्रभावशाली आर्थिक और सुरक्षा समूह है तथा यह सबसे बड़े अंतर-क्षेत्रीय अंतरराष्ट्रीय संगठनों में से एक बनकर उभरा है। एससीओ की (शेष पेज 9)

आतंकी प्रवृत्ति के साथ खड़ी है कांग्रेस: मोदी

● कर्नाटक में प्रधानमंत्री ने द केरल स्टोरी फिल्म का उल्लेख कर विपक्ष पर साधा निशाना

पायनियर समाचार सेवा। बेल्लारी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कर्नाटक विधानसभा चुनाव में फिल्म द केरल स्टोरी को लेकर जारी विवाद का उल्लेख करते हुए कांग्रेस पर निशाना साधा। प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि वह समाज को तहस-नहस करने वाली आतंकी प्रवृत्ति के साथ खड़ी नजर आ रही है।

कर्नाटक में 10 मई को होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले एक जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने यह आरोप भी लगाया कि कांग्रेस आतंकी प्रवृत्ति वालों से पिछले दरवाजे से राजनीतिक सौदेबाजी तक कर रही है।प्रधानमंत्री ने कहा कि कर्नाटक को देश का नंबर एक राज्य बनाने के लिए कानून व्यवस्था महत्वपूर्ण है। कर्नाटक का आतंक से मुक्त रहना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। भाजपा हमेशा से आतंकवाद के खिलाफ कठोर रही है। लेकिन जब भी आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई होती है तो कांग्रेस के पेट में दर्द होता है। मोदी ने कहा कि पूरी दुनिया आतंकवाद के खतरे को लेकर चिंतित है और भारत को भी कई मौकों पर इसका खामियाजा भुगतना पड़ा है। उन्होंने कहा कि देश ने आतंकी हमलों के कारण बड़ी संख्या में निर्दोष नागरिकों को खोया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस आतंकवाद मानवता विरोधी, जीवन मूल्य विरोधी और विकास विरोधी है। मैं यह देखकर हैरान हूं कि वोट बैंक की खातिर कांग्रेस ने आतंकवाद के सामने घुटने टेक दिए हैं। आतंक के माहौल में यहां के उद्योग, यहां खेती-किसानी, यहां की गौरवमई संस्कृति सब कुछ तबाह हो जाएगी।

उन्होंने वोट बैंक की राजनीति की वजह से आतंकवाद को पालने-पोसने और उसे पनाह देने का कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए उन्होंने दावा किया कि आज कांग्रेस आतंकवाद के खिलाफ एक शब्द बोलने की भी हिम्मत खो चुकी है। उन्होंने कहा कि ऐसी ही आतंकी साजिश पर बनी फिल्म द केरल स्टोरी की इन दिनों काफी चर्चा है। उन्होंने कहा, कहते हैं द केरल स्टोरी सिर्फ एक राज्य में हुई आतंकवादियों (शेष पेज 9)

पीएम 14 जुलाई को पेरिस में बेस्टाइल डे परेड में शामिल होंगे

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

भारत-फ्रांस रणनीतिक साझेदारी की 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर 14 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पेरिस में होने वाली बेस्टाइल डे परेड में विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों की एक टुकड़ी भी अपने फ्रांसीसी समकक्षों के साथ परेड में भाग लेगी। इस संबंध में पीएम मोदी ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के निमंत्रण को स्वीकार कर लिया है। मैक्रों ने एक ट्वीट में कहा कि प्रिय नरेंद्र, 14 जुलाई की परेड के सम्मानित अतिथि के रूप में तुम्हारा पेरिस में स्वागत करके मुझे बहुत खुशी होगी। विदेश मंत्रालय ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा से रणनीतिक, सांस्कृतिक, वैज्ञानिक, अकादमिक और आर्थिक सहयोग सहित उद्योगों की एक विस्तृत श्रृंखला के लिए नए और महत्वाकांक्षी लक्ष्यों को निर्धारित कर भारत-फ्रांस रणनीतिक साझेदारी के अगले स्तर पर पहुंचने की (शेष पेज 9)

राकांपा अध्यक्ष बने रहेंगे शरद पवार, फैसला वापस ले लिया

● महाराष्ट्र की राजनीति के चाणक्य ने कहा, नेताओं-कार्यकर्ताओं की भावनाओं का निरादर नहीं कर सकता

पायनियर समाचार सेवा। मुंबई

महाराष्ट्र के कद्दावर नेता और राज्य की राजनीति के चाणक्य कहे जाने वाले शरद पवार राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष पद पर बने रहेंगे। पवार ने शुक्रवार को कहा कि उन्होंने अपने नेताओं और कार्यकर्ताओं के दबाव में पार्टी के अध्यक्ष पद से हटने का अपना फैसला वापस लेने का निर्णय किया है।

उत्तराधिकारी के चुनाव के लिए उनके द्वारा चुनी गई पार्टी समिति ने एक प्रस्ताव पारित कर कहा कि पवार को पार्टी के अध्यक्ष पद पर बने रहना चाहिए। इसके घंटों बाद शरद पवार ने कहा कि मैं आपकी भावनाओं का निरादर नहीं कर सकता। आपके प्यार के कारण मैं इस्तीफा वापस लेने की आपकी मांग को स्वीकार कर रहा हूं। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के अध्यक्ष शरद पवार द्वारा बुलाए गए संवाददाता सम्मेलन में उनके भतीजे एवं पार्टी के वरिष्ठ नेता अजित पवार नहीं दिखे। शरद पवार ने दो मई को अध्यक्ष पद छोड़ने की घोषणा की थी और अजित पवार उनके इस कदम का समर्थन करते दिखे थे। शुक्रवार की प्रेस वार्ता में अजित पवार की अनुपस्थिति के बारे में पूछे जाने पर राकांपा अध्यक्ष ने संवाददाताओं से कहा कि सभी लोग सभी जगहों पर नहीं हो सकते। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि उनके भतीजे की अनुपस्थिति पर बहुत अधिक ध्यान न दें।

पवार ने कहा कि उनकी बेटी और सांसद सुप्रिया सुले ने राकांपा की कार्यकारी अध्यक्ष बनने के पार्टी नेताओं के सुझाव को अस्वीकार कर दिया। मंगलवार को पवार के इस्तीफे की घोषणा ने पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं को चौंका दिया था। पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं का दबाव बढ़ने के बाद पवार ने कहा था कि वह अपने फैसले पर पुनर्विचार करने के लिए दो-तीन दिन का समय लेंगे। शरद पवार (शेष पेज 9)

पहलवानों की मांगें मान ली गईं हैं, अब आंदोलन खत्म कर देना चाहिए: अनुराग

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने दिल्ली में आंदोलनरत पहलवानों से आंदोलन वापस लेने की अपील की है। ठाकुर ने पहलवानों से अपील करते हुए कहा कि प्राथमिकी दर्ज की गई है, इसलिए पहलवानों को अब अपना आंदोलन खत्म कर देना चाहिए। लखनऊ में खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के लोगो लॉन्च कार्यक्रम में हिस्सा लेने आए केंद्रीय खेल मंत्री ने मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए पहलवानों के मामले में अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि एक कमेटी बनाने की मांग थी और वह बनी। दिल्ली पुलिस ने एफ आईआर दर्ज की, सुप्रीम कोर्ट ने भी फैसला सुनाया। दिल्ली पुलिस निष्पक्ष जांच कर रही है। मैं खिलाड़ियों से अनुरोध करता हूं कि उनकी मांगों को पूरा किया जा रहा है और वे जांच पूरी होने दें। उन्होंने कहा कि किसी के ऊपर तीन करोड़ तो किसी के ऊपर दो करड़ो खर्च किए गए हैं। जहां तक खिलाड़ियों की मांगों का सवाल है मैं कहूंगा की निष्पक्ष चुनाव की बात थी तो आईओए वो भी करवाएगा। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष जांच को पूरा होने दें, दूध का दूध पानी का पानी हो जाएगा और कानून के तहत दिल्ली पुलिस कड़ी कार्रवाई भी करेगी। उल्लेखनीय है कि पहलवान भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष बृज भूषण पर आरोप लगाते हुए गिरफ्तारी की मांग को लेकर 23 अप्रैल से धरने पर बैठे हैं। आरोप है कि बृज भूषण ने एक नाबालिग सहित सात महिला पहलवानों का यौन उत्पीड़न किया है। टोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता बजरंग पुनिया, दो बार की विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता विनेश फोगट और रियो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता साक्षी मलिक विरोध कर रहे हैं।

क्विक न्यूज

सिडनी में मंदिर की दीवार पर भारत-विरोधी नारे लिखे गए

मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया के सिडनी शहर में शुक्रवार को समाज-विरोधी तत्वों ने एक प्रमुख हिंदू मंदिर की दीवारों पर भारत-विरोधी नारे लिखकर उसे विरूपित कर दिया। इस महीने के अंत में होने वाली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ऑस्ट्रेलिया यात्रा से पहले हिंदू मंदिर को विरूपित किए जाने का यह ताजा मामला है। यह घटना सिडनी के रोजहिल में बीएपीएस श्री स्वामीनारायण मंदिर में हुई। हालांकि यह घटना किस समय हुई, यह अभी पता नहीं चल पाया है। ऑस्ट्रेलिया टुडे समाचार पत्र की खबर के अनुसार मंदिर अधिकारियों ने गेट पर एक खालिस्तानी झंडा भी लगा देखा और न्यू साउथ वेल्स (एनएसडब्ल्यू) पुलिस को मामले की जानकारी दी। मंदिर ने एक बयान में कहा, हम रोजहिल में बीएपीएस श्री स्वामीनारायण मंदिर की दीवारों पर समाज विरोधी तत्वों द्वारा भारत-विरोधी नारे लिखे जाने की घटना से बहुत आहत है। बयान में कहा गया है, हम इस बात को लेकर और भी आहत हैं कि ऑस्ट्रेलिया में बीएपीएस मंदिरों को निशाना बनाया गया है। पिछले 23 वर्ष से, बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर स्थानीय समुदाय की पहचान रहा है और एक प्रमुख हिंदू मंदिर है, जो दुनिया भर के सभी बीएपीएस मंदिरों की तरह शांति-सद्भाव, समानता, निःस्वार्थ सेवा और सार्वभौमिक हिंदू मूल्यों का स्रोत है।

यमुना सफाई के लिए आगे आए मुस्लिम धर्मगुरु

जुमे की नमाज के बाद समुदाय के लोगों से एलजी के अभियान से जुड़ने का किया आह्वान

● नदी में कूड़ा फेंकने से रोकने और सफाई के लिए करेंगे जागरूक पहले इसी तरह अभियान से जुड़ चुके हैं पुजारी

राजेश कुमार। नई दिल्ली

एलजी विनय सक्सेना की अपील पर यमुना की स्वच्छता के अभियान से हिंदू पुजारियों के जुड़ने के बाद मुस्लिम धर्मगुरु भी आगे आए हैं। अब यमुना किनारे की बस्तियों में रहने वाले मुसलमानों से धर्मगुरु ने अपील की है कि वे लोगों को नदी में कूड़ा फेंकने से रोकें और नदी की सफाई के प्रति जागरूकता फैलाएं।

इस संबंध में जुमे की नमाज के बाद मस्जिदों के इमाम ऐलान कर रहे हैं। पिछले कुछ दिनों से यमुना किनारे स्थित प्रमुख मंदिरों के पुजारी स्वच्छता अभियान से जुड़कर यमुना को बचाने का संदेश दे रहे हैं। इस अभियान में लोगों को नदी में पुराने कपड़े, पूजा सामाग्री, कैलेंडर आदि सामान फेंकने से रोकने के लिए जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को कई मस्जिदों में जुमे की नमाज के बाद मौलवी और इमामों ने अपनी तकरीर में समुदाय के लोगों से यमुना को स्वच्छ बनाने में योगदान देने और उपराज्यपाल के प्रयास में सहयोग करने की अपील की। मौलानाओं ने अपनी तकरीर में नदी के कायाकल्प के लिए सक्सेना के प्रयासों की सराहना करते हुए अपने समुदाय के लोगों को याद दिलाया कि इस्लाम में मन, आत्मा, शरीर, घर, पड़ोस के साथ जलस्रोतों जैसे नदियों और नहरों की स्वच्छता को प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने कहा कि अगर यमुना नदी साफ रहेगी तो मुसलमान इसमें वजू कर अपनी नमाज अदा कर सकते हैं। द्वारका, रोहिणी, दरियागंज और हजरत निजामुद्दीन बस्ती की मस्जिदों में शुक्रवार की नमाज के बाद मौलवियों ने उपराज्यपाल द्वारा यमुना की सफाई और नदी की कायाकल्प की दिशा में किए हालिया प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि अब इसके सकारात्मक परिणाम दिखाई देने लगे हैं।

उन्होंने कहा कि नजफगढ़ नाले के साथ यमुना के बाढ़ के मैदान को फिर से बहाल करने के प्रयास सही दिशा में चल रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि नदी के कचरों के निस्तारण के सुखद परिणाम भी दिखाई देने लगे हैं। यमुना कायाकल्प के प्रयासों में जनभागीदारी के महत्व को समझते हुए विभिन्न मीडिया मंचों के माध्यम से व्यापक जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया है। एलजी कार्यालय के अनुसार नेशनल ग्रीन (शेष पेज 9)

मणिपुर में छिटपुट हिंसा

13 हजार से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया

● गृहमंत्री ने मणिपुर में स्थिति की समीक्षा की, अतिरिक्त बल दंगा-रोधी वाहन भेजे गए

भाषा। इंफाल

मणिपुर में हिंसा प्रभावित इंफाल घाटी में सुरक्षाबलों की भारी मौजूदगी के बीच बृहस्पतिवार रात हिंसा की किसी ताजा घटना की सूचना नहीं मिली और शुक्रवार को तनावपूर्ण शांति बनी रही। राज्य में पिछले 48 घंटों के दौरान हुई हिंसा पर काबू पाने एवं शांति कायम करने के लिए लिए पड़ोसी राज्यों से सड़क और हवाई मार्ग से अधिक बल भेजे गए हैं।

एक रक्षा प्रवक्ता ने कहा कि कुल 13,000 लोगों को बचाकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। कुछ लोगों को सेना के शिविरों में स्थानांतरित कर दिया गया है जबकि सेना ने चुराचांदपुर, मोरेह, काकचिंग और कांगपोकपी जिलों को अपने नियंत्रण में ले लिया है। इस बीच, केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह और शीर्ष अधिकारियों के साथ मिलकर मणिपुर की स्थिति की समीक्षा की। सूत्रों ने बताया कि केन्द्र सरकार ने राज्य में शांति बनाए रखने के लिए अतिरिक्त सुरक्षा बल और दंगा-रोधी वाहन भेजे हैं।

शाह मणिपुर की स्थिति पर करीब से नजर बनाए हुए हैं और राज्य तथा केन्द्र सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों से पूरे दिन लगातार संपर्क में रहे। उन्होंने वीडियो कांफ्रेंस के जरिए समीक्षा बैठक भी की। सुबह, घाटी के आसपास के पहाड़ी जिलों से सुरक्षाबलों और उग्रवादियों के बीच (शेष पेज 9)

पायनियर
नई दिल्ली, शनिवार, 6 मई, 2023

विकास की नई सोच के साथ आगे बढ़ रहा यूपीः योगी

निकाय चुनावः मुख्यमंत्री बोले- देश की पहली रैपिड रेल गाजियाबाद से हापुड़ और मेरठ गुजरेगी

● भाजपा प्रत्याशियों को जीताने की अपील की

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

गाजियाबाद में मुख्यमंत्री योगी का माल्यार्पण करते भाजपा नेता।

नगर निकाय चुनाव के प्रत्याशियों के लिए प्रचार करने के लिए यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ गाजियाबाद, हापुड़ पहुंचे, सीएम का भाजपा पदाधिकारियों ने जोरदार स्वागत किया जनता को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा कि भारत की तस्वीर बदल गई, भारत का नागरिक जहां कही जाता है, सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हाईवे, रेलवे, एयरपोर्ट जैसे क्षेत्र में भारत की नई पहचान है, देश की पहली रैपिड रेल गाजियाबाद से हापुड़ और मेरठ गुजरेगी। उन्होंने कहा कि गंगा एक्सप्रेस-वे भी हापुड़ से होकर गुजरेगा, 45 मिनट में हापुड़ से दिल्ली की दूरी तय की जा सकती है, 9 वर्ष में करोड़ों के गरीबों के घर का निर्माण हुआ, भारत में गरीबों को राशन दिया जा रहा है। 2017 से पूर्व यूपी दंगा प्रदेश था, 6 वर्ष में कोई दंगा नहीं हुआ, आज यूपी का नौजवान सीना तानकर बोलता हैं यूपी का नागरिक हूं, यूपी में कोरोना कुछ नही बिगाड़ पाएगा, जनता को संबोधित करते हुए कहा कि 4.32 करोड़ निकाय मतदाता यूपी में है। गाजियाबाद देश के सुंदर शहरों में से एक है, नगर स्मार्ट सिटी बन रहे है, 2017 से पहले आतंक था, तब युवाओं के हाथ में तमंचे हुआ करते थे, आज नौजवान के हाथों में टैबलेट है। यूपी सरकार ने 10 लाख रुपए का व्यापारियों को बीमा कवर दिया गया है, यूपी में 35 हजार करोड़ का ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट है, युवकों को रोजगार मिलेगा।

न कर्फ्यू न दंगा यूपी में है सब चंगाः सीएम

गाजियाबाद। गाजियाबाद में रैली को संबोधित करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा, ना कर्फ्यू ना दंगा यूपी में है सब चंगा। योगी ने कहा कि भारत दुनिया का एकमात्र ऐसा देश है जो पिछले तीन सालों से 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन दे रहा है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने रैली में कहा कि दुनिया में अब कहीं भी संकट हो तो लोग भारत की ओर आशा की नजर से देखते हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ करते हुए कहा, मोदी जी के नेतृत्व में पिछले 9 साल में भारत की स्थिति दुनिया में बदली है।

कड़ी सुरक्षा के बीच अनिल दुजाना का अंतिम संस्कार

● शुक्रवार दोपहर मेरठ से लाया गया शव, कई थानों की पुलिस और पीएसी रही तैनात

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

मेरठ एसटीएफके साथ हुई मुठभेड़ में ढेर हुए कुख्यात अनिल दुजाना का दोपहर अंतिम संस्कार कर दिया गया। मेरठ से गांव में शव पहुंचते ही चीख पुकार मच गई। अंतिम संस्कार में दुजाना गांव के अलावा दूसरे गांव के लोग भी अंतिम संस्कार में पहुंचे हैं। दुजाना के अंतिम संस्कार को लेकर गांव में भारी मात्रा में पुलिस बल और पीएसी तैनात की गई है।

आपको बता दें दोपहर करीब दो बजे मेरठ के मेडिकल कालेज से अनिल दुजाना का शव उसके पैतृक गांव दुजाना पहुंचा। अनिल दुजाना की पत्नी पूजा अपने छह माह के बच्चे को लेकर गांव पहुंची। इसके अलावा आसपास के गांव के लोग भी अनिल दुजाना की अंतिम यात्रा में शामिल हुए। इससे पहले गांव के लोगों को कल जैसे ही यह खबर मिली कि अनिल दुजाना का एनकाउंटर हो गया है, गांव वालों ने अनिल के बंद पड़े मकान का ताला तोड़ कर वहां उग आई घास और झाड़ियों को साफ किया। दोपहर करीब दो ढाई बजे अनिल का शव गांव पहुंचा तो गांव में अनिल के घर पर मौजूद महिलाओं में चीख पुकार मच गई। चारों ओर से रोने और चीखने की आवाजे आ रही थी। गांव वालों और परिजनों ने अंतिम संस्कार से पूर्व की प्रक्रिया को पूर्ण किया और इसके तुरंत बाद अंतिम यात्रा निकाल दी गई। गांव के ही शमशान घाट ले जाकर अंतिम संस्कार कर दिया गया। कुख्यात के अंतिम संस्कार को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए गांव में एक कंपनी पीएसी और कई थानों की पुलिस फ फोर्स को तैनात किया गया था। कुख्यात अनिल दुजाना गौतमबुद्ध नगर के बादलपुर के उसी दुजाना गांव का रहने वाला था, जहां के कुख्यात डकैत सुंदर नागर उर्फ सुंदर डाकू ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को जान से मारने की धमकी दी थी। 70-80 के दशक में सुंदर डाकू का एनसीआर में खूब आतंक था।

भाई ने एसटीएफ पर फर्जी मुठभेड़ का लगाया आरोप

नोएडा। अनिल के बड़े भाई ओमप्रकाश नागर ने यूपी एसटीएफ पर बड़ा आरोप लगाया है। ओम प्रकाश नागर का कहना है कि अनिल दुजाना दिल्ली की कोर्ट में सरेंडर करने के लिए गया था, लेकिन वहां से अगवा करके यूपी एसटीएफ ने एनकाउंटर में ढेर कर दिया। ओम प्रकाश ने आगे कहा अनिल पर मुकदमे दर्ज थे, लेकिन सब मुकदमों में जमानत पर बाहर आया हुआ था। बाहर आते ही पुलिस ने एनकाउंटर में ढेर कर दिया। जेल से बाहर आने के बाद रंगदारी, मारपीट, धमकाना, वसूली और किसी अपराध से कोई मतलब नहीं था। अनिल अभी जमानत से बाहर आया था। जयचंद प्रधान हत्याकांड में अनिल के खिलाफ फर्जी मुकदमे दर्ज हुए जयचंद की घरवाली ने फर्जी मुकदमे दर्ज करवाए हैं।

एयरपोर्ट के चारों तरफ सड़क बनने का रास्ता साफ

● किसानों की आपत्ति खत्म, दिसंबर तक पूरा होगा निर्माण

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

जेवर एयरपोर्ट के उत्तर और पूर्व दिशा में 100-100 मीटर चौड़ी सड़क बनाने के लिए जमीन खरीद की प्रक्रिया में किसानों की आपत्ति के बाद यमुना प्राधिकण ने नया रास्ता निकाल लिया है।

दिसंबर तक इस सड़क को बनाया जाना है, इसलिए एयरपोर्ट के दूसरे चरण के लिए अधिग्रहीत की जा रही जमीन में यह सड़क बनाई जानी है। यह सड़क 75 मीटर चौड़ी होगी। इसकी लंबाई 10.6 किमी है। यमुना प्राधिकरण ने एयरपोर्ट के उत्तर और पूर्व दिशा में 100-100 मीटर चौड़ी सड़क बनवाने की योजना बनाई। किसानों से सहमति के आधार पर जमीन खरीदने के लिए विज्ञापन निकाले और किसानों से आपत्ति मांगी। इसके बाद किसानों ने अपनी आपत्ति लगा दी।

अगर अधिग्रहण किया जाता तो उसमें सभी समय लगता। जबकि दिसंबर तक इन सड़कों को बनाया जाना है। इसके बाद दूसरे विकल्पों पर विचार किया गया। जेवर एयरपोर्ट के दूसरे चरण के लिए 1365 हेक्टेयर जमीन खरीदी जा रही है। इसका अधिग्रहण हो रहा है। दूसरे चरण में 45 मीटर चौड़ी रोड का प्रावधान है। यह सड़क उसी तरफ बनाई जानी है, जिस तरफ एयरपोर्ट की कनेक्टिविटी के लिए 100-100 मीटर चौड़ी रोड बनाई जानी है। अब इस 45 मीटर चौड़ी रोड को 75 मीटर कर दिया गया है। दूसरे चरण में इस रोड की चौड़ाई बढ़ा दी है।

प्राधिकरण ने तीन बिल्डरों के बिना बिके फ्लैट और टावर किए सील

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

● 1000 करोड़ रुपये से ज्यादा है बकाया

बकाया नहीं चुकाने पर प्राधिकरण ने बिल्डरों के खिलाफ सख्त एक्शन लिया है। प्राधिकरण ने सेक्टर-46 गार्डेनिया एम्स डेवलपर्स प्रालि, सेक्टर-137 लाजिक्स इंफ्रास्ट्रक्चर प्रालि और सेक्टर-75 गार्डेनिया गेटवे इंडिया लिमिटेड की अनसोल्ड फ्लैट और टावर को सील कर दिया है।

प्राधिकरण के ग्रुप हाउसिंग के ओएसडी प्रसून द्विवेदी ने बताया कि ये तीनों बिल्डर प्राधिकरण का बकाया नहीं दे रहे है। इससे बायर्स की रजिस्ट्री नहीं हो रही है। इसमें गार्डेनिया एम्स डेवलपर्स प्रालि सेक्टर-46 जीएच-01 पर बना हुआ है। 3 सितंबर 2009 को ये प्रोजेक्ट आवंटित किया गया था। इसमें 20 टावर स्वीकृत है। जिसमें से 7 टावर का सीसी जारी करने बाद निरस्त किया गया।

31 मार्च 2023 तक प्राधिकरण के ऊपर इसका बकाया 603.15 करोड़ रुपए हो गया।

प्राधिकरण ने इस प्रोजेक्ट के डी-2 टावर और 110 अनसोल्ड फ्लैट को सील कर दिया।

संक्षिप्त समाचार

नो पार्किंग जोन में खड़ी गाड़ियों के खिलाफ कार्रवाई करती पुलिस।

आधी रात को चला नोएडा पुलिस का अभियान

नोएडा। नोएडा पुलिस आधी रात को सड़कों पर उतर पड़ी और अवैध पार्किंग कर खड़े किए गए वाहनों के खिलाफ अभियान चलाया गया। पुलिस के इस अभियान से वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। सेक्टर 113 में चलाए गए इस अभियान के तहत 20 गाड़ियों के चालान काटे गए और 7 वाहन चालकों से जुर्माना वसूला गया। जानकारी के अनुसार एसीपी सौम्या सिंह के नेतृत्व में पुलिस द्वारा सेक्टर 113 में रात दस बजे के बाद वाहनों को लेकर विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत अवैध पार्किंग में खड़ी गाड़ियों को हटाया गया। सौम्या सिंह के नेतृत्व में की गई कार्रवाई के दौरान 20 गाड़ियों का मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालान किया गया तथा 7 वाहन चालकों से जुर्माना वसूला गया। सोसायटी और मॉल के बाहर खड़े वाहन को हटाने के साथ ही वाहन चालकों को हिदायत भी दी गई कि अवैध रुप से कतई पार्किंग न की जाए।

पत्रकार के साथ धोखाधड़ी, मामला दर्ज

नोएडा। नोएडा के अब ठगों ने एक नामी न्यूज़ चैनल के पत्रकार को अपना शिकार बनाया है। पुलिस को शिकायत देते हुए पत्रकार सौरभ द्विवेदी ने बताया कि उनके पैन कार्ड नंबर से दो जगहों पर दो फर्जी जीएसटी रजिस्ट्रेशन किये गए हैं। सौरभ द्विवेदी का आरोप है कि किसी अज्ञात लोगों ने उनके नाम पर यह रजिस्ट्रेशन किया है जिसकी उनको कोई जानकारी नहीं थी। पहला रजिस्ट्रेशन पंजाब लुधियाना में किया गया है, तो दूसरा सोलापुर महाराष्ट्र में। इसके साथ ही दिल्ली में भी उनके आईडी से रजिस्ट्रेशन की कोशिश की गई थी। लेकिन किसी तरह ठग असफल हो गए है। इसको लेकर अब सौरभ द्विवेदी ने नोएडा साइबर क्राइम को एक लिखित शिकायत दी है और इस पर कार्रवाई करने की मांग की है। सेक्टर सेक्टर 20 थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है और जांच कर रही है।

मानसिक तनाव के चलते दो ने की आत्महत्या

नोएडा। थाना दनकौर में रहने वाले एक व्यक्ति ने मानसिक तनाव के चलते जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह के मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि थाना दनकौर क्षेत्र के कनारसी गांव में रहने वाले रोहित 19 वर्ष ने मानसिक तनाव के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया। इस घटना में उसकी मौत हो गई। थाना फेस .वन क्षेत्र में रहने वाली शशि शेखर 30 वर्ष में मानसिक तनाव के चलते अपने घर पर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

युवक ने अपने कमरे में खुद को मारी गोली, मौत

नोएडा। नोएडा फेज-दो कोतवाली क्षेत्र स्थित नया गांव में शुक्रवार को एक 26 वर्षीय युवक ने खुद से सिर में पिस्टल से गोली मार ली। गोली की आवाज सुनने के बाद स्वजन युवक के कमरे में पहुंचे और उसे घायल अवस्था में नजदीक के यथार्थ अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया। यहां चिकित्सकों ने घायल कुलदीप भाटी को मृत घोषित कर दिया। शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जा रही है। मृतक के घर से घटना में प्रयोग हुई देशी पिस्टल और कारतूस बरामद हुआ है। सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर पुलिस मामले की जांच कर रही है। किसी बात को लेकर कुलदीप के तनाव में होने का मामला सामने आ रहा है।

यमुना अथॉरिटी ने 12 साल बाद निकाली ग्रुप हाउसिंग स्कीम

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास यमुना अथॉरिटी ने 12 साल बाद ग्रुप हाउसिंग स्कीम निकाली है। ग्रुप हाउसिंग स्कीम शुक्रवार को लांच कर दी गई है।

2 जून को स्कीम समाप्त होगी। स्कीम में शामिल होने के लिए बिल्डर यमुना अथॉरिटी की वेबसाइट पर जाकर स्कीम का फार्म डाउन लोड कर सकते है। यमुना अथॉरिटी ने ग्रुप हाउसिंग स्कीम के लिए तीन प्लाट निकाले है। यह तीनों प्लॉट यमुना सिटी में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास सेक्टर-22 डी में है। इन तीनों में प्लॉट में दो प्लॉट 45 हजार वर्ग मीटर साइज के है।

जबकि एक प्लॉट 60 हजार वर्ग मीटर साइज का है। 45 हजार वर्ग मीटर साईज के प्लॉट के रेट 30750 रूप्ये वर्ग मीटर और 60 हजार वर्ग मीटर के प्लॉट का रेट 33825 रुपये प्रति वर्ग मीटर रखा गया है।

यह स्कीम 2 जून तक ओपन रहेगी। 23 जून 2023 को ई. ऑक्शन होगा। इसके बाद ही प्लॉट का अलॉटमेंट लेटर दिया जाएगा।

बसपा, सपा और निर्दलीय प्रत्याशियों के खिलाफ केस दर्ज

● निकाय चुनावः पुलिस ने तीनों को आचार संहिता का उल्लघंन करने का दोषी पाया

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

यूपी निकाय चुनाव का डंका बजने के बाद से ही मैदानी माहौल गर्म है। सभी प्रत्याशी अपने-अपने लिए जनता के सामने जाकर वोट मांग रहे हैं। वही गौतमबुद्ध नगर जनपद में पिछले 24 घंटे के दौरान 3 प्रत्याशियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है।

तीनों प्रत्याशी अपनी अलग-अलग पार्टी की तरफ से जेवर क्षेत्र में वोट मांग रहे थे। पुलिस ने तीनों के खिलाफ आचार संहिता का उल्लंघन करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। नगर पंचायत चुनाव में चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन करने वाले बसपा से जेवर नगर पंचायत के अध्यक्ष पद के प्रत्याशी के खिलाफ थाना जेवर में मुकदमा दर्ज हुआ है। थाना जेवर के प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह ने बताया कि बीती रात को उपनिरीक्षक अनु प्रताप सिंह वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। तभी उन्हें एक ई-रिक्शा आता हुआ दिखाई दिया, जिस पर नगर पंचायत चुनाव के चेयरमैन पद के प्रत्याशी तेजपाल शांत के तीन हार्डिंग और चार झंडे लगे हुए थे। ई.रिक्शा को रोककर नाम पता पूछा गया तो ई रिक्शा चालक ने अपना नाम सतीश बताया।

उसने बताया कि बहुजन समाज पार्टी के चेयरमैन पद के उम्मीदवार तेजपाल शांत का प्रचार प्रसार कर रहा हूं। उन्होंने बताया कि जब चालक से हार्डिंग और झंडे लगाने की अनुमति देने के लिए कहा गया तो वह दिखाने में असमर्थ रहा। उन्होंने बताया कि आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने पर ई-रिक्शा को कब्जे में लेकर रिक्शा के चालक सतीश और चेयरमैन पद के प्रत्याशी तेजपाल शांत के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। थाना जेवर में सपा समर्थित नगर पंचायत अध्यक्ष के प्रत्याशी के खिलाफ आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने का मुकदमा दर्ज हुआ है।

उद्यान से जुड़ी 4 फर्मों पर लाखों का जुर्माना

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

● कार्यों की गुणवत्ता में सुधार नहीं होने पर काली सूची में डाली जाएंगी

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के उद्यान विभाग ने चार फर्मों पर 17 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। रिहायशी इलाकों में उद्यान कार्यों में लापरवाही मिलने पर यह कार्रवाई की गई है। जुर्माने के इस रकम की वसूली इन फर्मों के मासिक बिलों के भुगतान में से कटौती कर की जाएगी। 7 दिन में कार्यों की गुणवत्ता में सुधार न मिलने पर इन फर्मों को काली सूची में भी डालने की चेतावनी दी गई है।

ग्रेटर नोएडा में प्रस्तावित जी.20 सम्मेलन को देखते हुए शहर को साफ सुथरा, हरा-भरा व सुंदर बनाने के लिए सीईओ ऋतु माहेश्वरी के निर्देश पर अभियान चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत आवासीय सेक्टरों के पार्क, ग्रीन बेल्ट सहित सभी प्रमुख मार्गों की रोड साइड ग्रीनरी आदि को दुरुस्त कराया जा रहा है। सीईओ के निर्देश पर उद्यान विभाग की टीम सेक्टरों में जाकर निरीक्षण कर रही है। रोड साइड ग्रीनरी का भी जायजा ले रही है। खामी मिलने पर लापरवाही करने वाली फर्मों पर जुर्माना भी लगा रही है। उद्यान विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक कपिल सिंह के नेतृत्व में प्राधिकरण की टीम ने हाल ही में सेक्टर रो-वन और रो-2 का निरीक्षण किया।

ग्रीनरी का रखरखाव कार्य ठीक से न होने पर कर्मस्टार इंटरप्राइजेस 10 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। टीम ने सेक्टर गामा-1 व 2 का भी निरीक्षण किया। पार्क, ग्रीन बेल्ट और पाथवे आदि दुरुस्त नहीं मिले, जिसके चलते राजा फार्म पर 5 लाख का जुर्माना लगाया गया है। इसी तरह सेक्टर अल्फा वन और टू के निरीक्षण के दौरान भी यही सब खामियां मिली।

सेक्टर-12 में मकान का गिरा छज्जा, लोग डरे

नोएडा। सेक्टर-12 के जेड ब्लॉक में बीती रात्रि मकान का छज्जा नीचे गिर गया। छज्जा गिरने की आवाज सुनकर आस-पड़ोस के लोगों में हड़कंप मच गया और वह अपने मकानों से बाहर निकल आए।

किसी को चोट नहीं आई है। सेक्टर-12 के जेड ब्लॉक के मकान संख्या-641 में राजेश चौहान अपने परिजनों के साथ रहते हैं। करीब 12 बजे उनके दूसरी मंजिल का छज्जा अचानक पहली मंजिल के छज्जे पर आ गिरा।प्रथम तल का छाया भी टूट कर नीचे गिर गया। छज्जा गिरने की आवाज सुनकर आसपड़ोस के लोग मौके पर इकट्ठा हो गए।

पुलिस उपायुक्त कार्यालय में डीसीपी नोएडा शिकायतों का निस्तारण करते हुए।

'पशु संरक्षण में भी अपनी भूमिका अदा करे गौतमबुद्ध नगर पुलिस'

● पुलिस आयुक्त कार्यालय में पशु जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

पायनियर समचार सेवा। नोएडा

सेक्टर 108 स्थित पुलिस आयुक्त कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को पशु क्रूरता अधिनियम 1960 के तहत एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में जनपद के विभिन्न थानों से आए पुलिस कर्मियों को पशु संरक्षण के लिए भी भूमिका अदा किए जाने तथा पशु संरक्षण अधिनियम की जानकारी दी गई।

कार्यशाला में एसीपी साइबर सुरक्षा/महिला सुरक्षा वर्णिका सिंह व पीपल फ ॉर एनिमल और पीएफ ए/पीपीएफ के पदाधिकारियों द्वारा सभी थानों से आये पुलिसकर्मियों को पशु क्रूरता एवं भारतीय दंड संहिता धारा 428, 429 के बारे में जागरूक करते हए पशु संरक्षण से सम्बन्धित महत्वपूर्ण बाते साझा की गयी। पीपल फॉर एनिमल की ट्रस्टी गौरी मौलेखी द्वारा पशु क्रूरता संरक्षण अधिनियम.1960 एवं भादवि की धारा 428, 429 के सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डालते हुए पुलिसकर्मियों को बताया गया कि किस प्रकार वह थानों पर पशु क्रूरता के सम्बन्ध में आने वाले मामलों में कार्रवाई एवं उनका निस्तारण कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि सभी पशु प्रकृति को संतुलित बनाए रखने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देते हैं जिस कारण उनका संरक्षण करना भी हमारा दायित्व है। पशुओं को क्रूरता से बचाने के लिए ही पशु क्रूरता अधिनियम बनाया गया है किंतु ज्यादातर लोग इससे अनजान है जिस कारण वह जानकारी के अभाव में घरेलू पशुओं या खुले में घूम रहे पशुओं के साथ हिंसा करते है। सभी नागरिकों को पशु क्रूरता संरक्षण अधिनियम एवं भादवि की धारा 428, 429 के बारे में जागरूक करना अति आवश्यक है, जिससे पशुओं को हिंसा से बचाया जा सके।

पशुओं को बिना वजह परेशान करना, मारना या गाड़ी में ठूसकर ले जाना भी पशुओं पर क्रूरता करना ही है जिसके संबंध में विधिक कार्रवाई की जाती है। इस दौरान पुलिसकर्मियों को बताया गया की वह ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को जागरूक करें कि वह खुले में पशुओं को आवारा न छोड़े। पशुओं की उचित देखभाल करे। पशुओं के साथ हिंसा या पशु लड़ाई न कराए एवं सभी नियमों का पालन करते हुए ही उनका परिवहन करे जिससे उन्हें किसी प्रकार की शिकायत और कठिनाई का सामना न करना पड़े।

जानवर भी समाज का अभिन्न अंगः एसीपी साइबर

एसीपी साइबर सुरक्षा/महिला श्रीमती वर्णिका सिंह द्वारा बताया गया कि पशु भी समाज का अभिन्न अंग है। उसे पर्याप्त मात्रा में खाना, पानी, घूमना-फिरना और प्यार देना आवश्यक है। पशुओं को हानि नहीं पहुंचाना चाहिए बल्कि प्यार के साथ रखना चाहिए। सभी लोगों की जिम्मेदारी है कि वह पशुओं के साथ सही बर्ताव करें। कानून की नजर में पशु को प्रताड़ित करना अपराध है, पशुओं को परेशान करने से लोगों को रोकना चाहिए एवं न मानने पर उनके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई करनी चाहिए। कार्यशाला के दौरान एसीपी साइबर सुरक्षा/महिला श्रीमती वर्णिका सिंह, पीपल फॉर एनिमल की ट्रस्टी श्रीमती गौरी मौलेखी, पीएफए/पीपीएफ की ट्रस्टी एडवोकेट प्रियंका बंगारी, अन्य पदाधिकारी और करीब 80 पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ऐ, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यवाहक कार्यकारी संपादक: विजय प्रकाश सिंह , स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

तिहाड़ जेल में पुलिस के सामने ही टिल्लू को गोदते रहे हत्यारे

हत्याकांड का एक और वीडियो आया सामने, दो सहायक अधीक्षक समेत 6 निलिंबत

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

तिहाड़ जेल में सुनील उर्फ टिल्लू ताजपुरिया हत्याकांड अभी भी सुर्खियों में है। अब इस हत्याकांड से जुड़ा दूसरा सीसीटीवी फुटेज सामने आ गया है। इस वीडियो में घायल टिल्ली को पुलिसकर्मी सेंट्रल गैलरी में लेकर आ रहे हैं। तभी अचानक से वहां पीछे से कैदी आते हैं और घायल टिल्लू पर एक-एक कर हमला करने लगते है। कोई लात मारता है तो कोई जुआ से मारता है। मामले में जेल के छह कर्मियों को निलंबित कर दिया और दो के खिलाफ विभागीय जांच के आदेश दिए है। वहीं इस मामले तिहाड़ के डीजी ने उपराज्यपाल से मुलाकात कर जांच रिपोर्ट सौंपी।

वीडियो से पता चला है कि नौ पुलिस कर्मी मूक दर्शक बने हुए हैं। यह वीडियो 47 सेकेंड का है। इससे पहले एक और सीसीटीवी फुटेज गुरुवार को सामने आया था। करीब 2.49 मिनट के वीडियो में चारों आरोपी योगेश उर्फ टुंडा, दीपक उर्फ तीतर, राजेश और रियाज खान टिल्लू पर ताबड़तोड़ हमला कर रहे थे।

नए सीसीटीवी फुटेज के अनुसार, वह तब भी जीवित था और जेल सुरक्षा कर्मियों द्वारा उसे अस्पताल ले जाया जा रहा था तभी आरोपियों ने दूसरी बार उस पर हमला किया। उन्होंने कहा, तमिलनाडु पुलिस जेल परिसर के अंदर सुरक्षा प्रदान करती है नए फुटेज से पता चलता है कि सुरक्षाकर्मी गलियारे में थे जब आरोपी दरवाजे से घुसे और दोबारा ताजपुरिया पर लात और हथियार से हमला किया। उसे वीडियो में अपना पैर हिलाते हुए देखा जा सकता है, जिससे पुष्टि होती है कि वह उस समय जीवित था। फुटेज में साफ दिख रहा है नौ पुलिसकर्मी मूक दर्शक बने रहे। इससे जेल प्रशासन और पुलिस की कार्य प्रणाली पर सवाल उठ रहा है।

इससे पहले सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आया था जिसमें दिख रहा था भीषण हमला कैसे हुआ। उच्च सुरक्षा वाली जेल के अंदर एक सीसीटीवी कैमरे में दर्ज पुराने वीडियो में हमलावरों को चादर की मदद से पहली मंजिल से नीचे उतरते और फिर ताजपुरिया की कोठरी में हमला करने के लिए घुसते हुए दिखाया गया है।

ताजपुरिया दूसरे छोर से दृश्य में नजर आता है। जैसे ही वह पहले हमलावर को देखता है, वह एक कोठरी में घुस जाता है और उसे बंद करने के लिए लोहे के दरवाजे को खींच लेता है।

हमलावर उसे घसीटते हुए एक खुले क्षेत्र में ले गए और धारदार हथियारों से उस ताबड़तोड हमला करते हैं। जेल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि उन्होंने घटना की विभागीय जांच की। रिपोर्ट शुक्रवार को मिली और नौ जेल कर्मियों की ओर से चूक पाई गई है। उनमें से दो सहायक अधीक्षक और चार वार्डर को निलंबित कर दिया गया है। उन्होंने तमिलनाडु विशेष पुलिस बल के अधिकारियों के साथ बैठक की और कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई करने पर सहमति जताई है।

अक्षम अधिकारियों और सरकार की उदासीनता जिम्मेदार : पूर्व अधिकारी

नई दिल्ली। तिहाड़ जेल के पूर्व अधिकारी सुनील गुप्ता ने तिहाड़ जेल में दो गैंगस्टर की हत्या होने के बाद शुक्रवार को कहा कि जेल के कैदियों के बीच पहले भी झड़पें होती थी, लेकिन अक्षम अधिकारियों, अप्रशिक्षित कर्मियों और सरकार की उदासीनता के कारण अब अनुशासनहीनता का स्तर बढ़ गया है जिससे जानलेवा हमले हो रहे हैं। तिहाड़ के पूर्व जनसंपर्क अधिकारी गुप्ता ने कहा कि वर्तमान स्थिति से पता चलता है कि (जेल) प्रबंधन निम्न स्तर पर है और जब तक कर्मचारियों की संरचना तथा जेल के समग्र कामकाज में बड़े बदलाव नहीं किए जाते, तब तक ऐसी घटनाएं होती रहेंगी। गुप्ता ने जेल के कर्मियों के लिए एक प्रशिक्षित स्कूल और उच्च पदों पर सिविल अधिकारियों के बजाय पुलिस अधिकारियों की नियुक्ति का समर्थन किया। सुनील गुप्ता ने मीडिया से बातचीत में कहा कि लापरवाही हमेशा से होती रही है लेकिन उनकी नजर में सबसे बड़ी समस्या कमांडिंग पदों पर अक्षम अधिकारियों की तैनाती है। तिहाड़ को अब युवा और ऊर्जावान अधिकारियों की आवश्यकता है।

गोगी गिरोह के दो बदमाश गिरफ्तार, हथियार बरामद

- आरोपियों के पास से 12 पिस्तौल और 30 कारतूस बरामद

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

गोगी गिरोह से कथित रूप से जुड़े दो व्यक्तियों को उत्तरी दिल्ली के तिमारपुर इलाके से गिरफ्तार किया गया और उनके पास से अवैध हथियारों का जखीरा बरामद किया गया। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। दोनों गैंगस्टर अभिषेक उर्फ अमित उर्फ मिट्टा और नवीन उर्फ शनीचर हैं और दोनों हरियाणा में सोनीपत जिले के निवासी हैं।

इन लोगों कब्जे से 12 पिस्तौल और 30 कारतूस बरामद किए गए। पुलिस के मुताबिक, 27 अप्रैल को पुलिस को सूचना मिली थी कि गोगी गिरोह के दो सदस्यों ने हाल में मध्य प्रदेश में कुछ आपूर्तिकर्ताओं से अवैध हथियार खरीदे हैं और वे तिमारपुर के गांधी विहार आने वाले हैं। विशेष पुलिस आयुक्त एच.जी.एस. धालीवाल ने कहा कि उसी दिन जाल बिछाया गया और दोनों व्यक्तियों को पकड़ लिया गया। पूछताछ के दौरान दोनों ने गोगी गिरोह से जुड़े होने की बात कबूली।

दोनों ने दिल्ली, हरियाणा और अन्य राज्यों में फिरौती और भाड़े पर हत्या को अंजाम देने के लिए एक साल से अधिक समय से बिहार के मुंगेर और मध्य प्रदेश के बुरहानपुर से अवैध हथियारो खरीदे। अभिषेक ने यह भी खुलासा किया कि वह गैंगस्टर करमबीर उर्फ काजू समेत गोगी गिरोह के जेल में बंद अधिकतर सदस्यों के संपर्क में था और वह उनसे जेल में तथा दिल्ली एवं अन्य राज्यों में अदालत में पेशी के दौरान मिलता रहता था।

पिछले साल अभिषेक ने अपने सहयोगियों शिवम, मंजीत और कुछ अन्य के साथ मिलकर दिल्ली पुलिस की हिरासत से करमबीर को छुड़ाने की साजिश रची थी जब उसे रोहिणी के बाबासाहेब आंबेडकर अस्पताल ले जाया जा रहा था। लेकिन अस्पताल में कुछ तकनीकी समस्या के चलते उनकी कोशिश नाकाम हो गई। उन्होंने बताया कि वे इस साल अदालत में पेशी और अस्पताल से लाने-ले जाने के दौरान करमबीर को छुड़ाने की साजिश रच रहे थे।

सरकारी स्कूल के छात्र को सहपाठियों ने चाकू मारा

नई दिल्ली। तिगरी इलाके में एक सरकारी स्कूल के 10वीं कक्षा के छात्र को उसके सहपाठियों ने कथित तौर पर चाकू मार दिया।

पुलिस उपायुक्त (दक्षिण) चंदन चौधरी ने कहा कि पीड़ित छात्र को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जिसके कंधे और पीठ पर चोट आई है। चौधरी ने बताया कि घायल छात्र के बयान के अनुसार, बृहस्पतिवार को उसके शिक्षक ने उसे मॉनिटर नियुक्त किया था।

उन्होंने बताया कि जब एक लड़का कक्षा में उपद्रव कर रहा था, तो पीड़ित ने ब्लैकबोर्ड पर उसका नाम लिख दिया। पुलिस ने कहा कि इससे गुस्साए लड़के और उसके दोस्तों ने पीड़ित को स्कूल के बाहर रोका और उस पर चाकू से हमला किया। पुलिस ने कहा कि संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर दो आरोपी छात्रों को पकड़ा गया है।

वायलेट लाइन पर दो घंटे प्रभावित रही मेट्रो

- यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली मेट्रो की वायलेट लाइन की सेवाएं शुक्रवार को करीब दो घंटे तक प्रभावित रहीं। जिससे शुक्रवार सुबह ऑफिस जाने वाले यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

वॉयलेट लाइन दिल्ली में कश्मीरी गेट को हरियाणा में बल्लभगढ़ से जोड़ती है। डीएमआरसी ने सुबह करीब साढ़े नौ बजे ट्वीट कर कहा कि कश्मीरी गेट और राजा नाहर सिंह (बल्लभगढ़) के बीच सेवाएं बाधित हैं। जबकि अन्य सभी लाइनों पर सेवाएं सामान्य हैं। बाद में पूर्वाह्न करीब 11:45 बजे किए गए ट्वीट में डीएमआरसी ने वॉयलेट लाइन पर सेवाएं बहाल होने की जानकारी दी।

कई यात्रियों ने सेवाओं में देरी के कारण हुई असुविधा को लेकर ट्वीट भी किए। इस बीच यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। लोग बसों और कैब के माध्यम से अपने-अपने गंतव्य की ओर पहुंचे। सुबह का समय होने की वजह से दफ्तरों को जा रहे लोगों को अधिक मुश्किलें हुईं।

ज्ञात हो कि दिल्ली मेट्रो में खराबी की घटनाएं लगातार बढ़ रही है। पिछली गर्मियों में लगातार खराबी के चलते मेट्रो यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा था।

मुख्यमंत्री केजरीवाल पर फिल्म बनाएगी भाजपा

- 'झूठा कहीं का' के नाम से आज से अभियान की शुरुआत

मुख्यमंत्री आवास मामले में प्रदर्शन करत भाजपा नेता।

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

भाजपा अब मुख्यमंत्री केजरीवाल पर बनी 27 मिनट की एक विशेष फिल्म लोगों के बीच दिखाएगी।

पार्टी ने दावा किया है कि केजरीवाल ने अपनी राजनीति की शुरुआत से लेकर अब तक जितने भी झूठे वादे जनता से किए हैं, उन सब को इसमें समाहित कर लोगों को दिखाया जाएगा। झूठा कहीं का के नाम से 6 मई से एक अभियान की शुरुआत होगी। यह फिल्म पूरे एक महीने तक दिल्ली के अलग-अलग हिस्सों में दिखाई जाएगी। इस बीच इस फिल्म के 4200 शो आयोजित किए जाएंगे। पार्टी का दावा है कि वह इसके जरिए अरविंद केजरीवाल के तथाकथित सरकारी आवास के नवीनीकरण की सच्चाई दिल्ली वालों को बताएगी। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि दिल्ली के लोग गत 8 साल के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के झूठ एवं राजनीतिक यू टर्न देख कर स्तब्ध है।

अब केजरीवाल ने जिस तरह बिना किसी सार्वजनिक घोषणा किये, बिना कोई टेंडर निकाले अपने बंगले का नवीनीकरण कराया है उससे सारे देश के लोगों हैरान है। सचदेवा ने कहा है कि केजरीवाल के झूठों एवं यू टरनों से जनता अब ऊब कर विरोध करना चाहती है और जनता के विरोध को एक स्वर देने के लिये प्रदेश भाजपा शनिवार से झूठा कहीं का मुहिम शुरू कर रही है। यह कैम्पेन 4 सप्ताह तक चलेगा। सीएम आवास के नवीनीकरण के खर्च के मुद्दे पर भाजपा प्रदर्शन शुक्रवार को भी जारी है। केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी ने कहा कि केजरीवाल को दिल्ली के लोगों के लिए अपने महल का दरवाजा खोल देना चाहिए, अन्यथा उनके लिए कानून का दरवाजा खुल जाएगा।

नेता रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि भाजपा ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास के दरवाजे जनता के लिए खोलने की खातिर धरना की घोषणा की थी ताकि जनता देख सके कि वहां क्या है, लेकिन अब जब मीडिया ने बंगले के अंदर का दृश्य दिखा दिया है, इसलिए धरना स्थगित कर दिया गया है।

एयरपोर्ट पर फर्जी यात्रा दस्तावेजों के साथ 3 धरे

नई दिल्ली। केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल ने फर्जी दस्तावेजों के साथ यात्रा करने का प्रयास करने के आरोप में तीन यात्रियों को शुक्रवार को इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे से पकड़ा। इनमें से दो यात्री टोरंटो और एक बैंकाक जा रहे थे।

शुक्रवार देर रात के तीनों यात्रियों को हवाईअड्डे के टर्मिनल तीन पर रोका गया। पूछताछ के बाद उन्हें आव्रजन अधिकारियों को सौंप दिया गया है। एयर इंडिया के विमान में टोरंटो जा रहे एक पुरुष और एक महिला यात्री के पास से फर्जी पासपोर्ट, और वर्किंग वीजा मिला है। दोनों यात्रियों को थाई एयरवेज के विमान से बैंकाक जा रहे थे।

हिंसा के खिलाफ मणिपुर के लोगों का जंतर-मंतर पर प्रदर्शन

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

- मणिपुर बचाओ, मेइती बचाओ जैसे संदेशों का तख्तियों पर लिखा

मणिपुर के लोगों के एक समूह ने मेइती समुदाय को अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने के मुद्दे पर राज्य में हुई हिंसा के खिलाफ शुक्रवार को जंतर-मंतर पर प्रदर्शन किया।

प्रदर्शनकारियों ने हाथों में तख्तियां ले रखी थीं जिन पर मणिपुर बचाओ, मेइती बचाओ जैसे संदेश लिखे गए थे। मणिपुर में मेइती समुदाय द्वारा उसे अनुसूचित जनजाति का दर्जा दिए जाने की मांग के विरोध में ऑल ट्राइबल स्टूडेंट यूनियन मणिपुर की ओर से आदिवासी एकजुटता मार्च के दौरान चुराचांदपुर जिले के तोरबंग क्षेत्र में हिंसा भड़क गई थी। नगा और कुकी सहित अन्य आदिवासी समुदायों की ओर से इस मार्च का आयोजन मणिपुर उच्च न्यायालय द्वारा पिछले महीने राज्य सरकार को दिए गए उस निर्देश के बाद किया जिसमें राज्य सरकार से कहा गया था कि वह मेइती समुदाय की ओर से एसटी दर्जा दिए जाने की मांग पर चार सप्ताह के भीतर केंद्र सरकार को एक सिफारिश भेजे।

पहलवानों के समर्थन में आठ को जंतर-मंतर पर जुटेंगे किसान : एसकेएम

नई दिल्ली। संयुक्त किसान मोर्चा ने कहा कि भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे पहलवानों के समर्थन में बड़ी संख्या में किसान आठ मई को जंतर-मंतर पर जमा होंगे।

संयुक्त किसान मोर्चा (गैर राजनीतिक) के मुताबिक ऑनलाइन बैठक में मोर्चा से जुड़े संगठनों ने प्रस्ताव पारित कर डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष की गिरफ्तारी की मांग की।

एसकेएम केंद्र सरकार द्वारा लाए गए और बाद में वापस लिए जा चुके तीन कृषि कानूनों के खिलाफ आंदोलन का नेतृत्व करने वाले एसकेएम से अलग हुआ गुट है।

जंतर-मंतर पर आए नन्हें समर्थक के साथ सेल्फी लेते पहलवान बजरंग पुनिया। फोटो: रंजन डिमरी।

संक्षिप्त समाचार

विश्व करुणा दिवस हर्षोल्लास, उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया।

बुद्ध जयंती विश्व करुणा दिवस के रूप में मनाई

नई दिल्ली। समता बुद्ध विहार, पश्चिमपुरी के सौजन्य से भगवान सम्यक सम्बुद्ध की 2567वीं जयंती विश्व करुणा दिवस हर्षोल्लास, उत्साह और उमंग के साथ मनाई गई। बुद्ध (वैसाख) पूर्णिमा के दिन तथागत सम्यक सम्बुद्ध का जन्म हुआ था। इसी दिन उन्हें बुद्धत्व लाभ हुआ और इसी दिन उन्हें महापरिनिर्वाण प्राप्त हुआ। कार्यक्रम बुद्ध विहार के अध्यक्ष एवं प्रसिद्ध शिक्षाशास्त्री महोपासक आरपी राष्ट्रपाल की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। संचालन सुधीर भास्कर द्वारा किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित बौद्ध विद्वानों एवं भिक्खुओं द्वारा भगवान बुद्ध के जीवन एवं उनकी कल्याणकारी शिक्षाओं पर प्रकाश डाला गया। बौद्धाचार्य नरेश बौद्ध ने विपश्यना साधना का महत्व और शील, सदाचार को जीवन में उतारने पर जोर दिया। इस मौके पर क्षेत्र में प्रभातफेरी के माध्यम से बालिका संरक्षण के समर्थन में प्रचार किया गया। अंत में सभी प्राणियों के सुख एवं हित की मंगल कामना के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सुमित चौहान डीएस गौतम, देवेंद्र कुमार आर्य, सविता नरनावरे व शीला जांभुलकर समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

अन्न उत्पादन में युवा आएं आगे : राज्य कृषिमंत्री

नई दिल्ली। केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्यमंत्री कैलाश चौधरी ने कहा कि एग्रीविजन ने कृषि क्षेत्र के विभिन्न हितधारकों के लिए संवाद का सार्थक मंच तैयार किया है। कैलाश ने यह बात राष्ट्रीय कृषि अनुसंधान परिषद में एक कार्यक्रम के दौरान कही। यह कार्यक्रम अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने आयोजित किया था। उन्होंने कहा कि अन्न उत्पादन में युवा आगे आएं। आशीष चौहान ने कहा कि कृषि क्षेत्र अत्यन्त व्यापक तथा विविध है। इस क्षेत्र में अनुसंधान द्वारा इस क्षेत्र में रोजगार के अधिक अवसर तलाशने होंगे तथा युवाओं को कौशल सक्षम बनाना होगा। गत वर्षों में कृषि क्षेत्र महिलाओं की सहभागिता भी बढ़ी है। कृषि विश्वपविद्यालयों को यह प्रयास करने चाहिए कि कृषि छात्र को कृषि उद्यमों से जुड़ी इंटर्नशिप तथा फील्ड वर्क से जुड़े कार्यों में पढ़ाई के दौरान ही संलग्न किया जाए जिससे ये छात्र भविष्य में बेहतर कर सकें।

गूगल को भ्रामक वीडियो हटाने के निर्देश

नई दिल्ली। उच्च न्यायालय ने इंटरनेट की दिग्गज कंपनी गूगल को निर्देश दिया है कि वह यूट्यूब से ऐसे मानहानिकारक वीडियो को प्रतिबंधित करे या हटाए, जिनमें कैच सहित प्रमुख ब्रांड को यह दावा करके निशाना बनाया गया है कि इनमें गाय का गोबर और मूत्र मिलाया गया है। उच्च न्यायालय ने कहा कि प्रतिवादियों द्वारा इस तरह के वीडियो बनाना और अपलोड करना कैच ब्रांड वाले वादी के उत्पाद को जानबूझकर बदनाम और अपमानित करने का प्रयास है। न्यायमूर्ति संजीव नरुला ने कहा, यूट्यूब पर उपलब्ध ऐसे वीडियो पर टिप्पणियों के अवलोकन से पता चलता है कि लोगों को प्रभावित किया जा रहा है और इस तरह के झूठे बयानों पर विश्वास दिलाया जा रहा है, जिसके चलते वादी (धर्मपाल सत्यपाल संस प्राइवेट लिमिटेड) को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। कथित तौर पर वीडियो अपलोड करने वाले दो प्रतिवादियों पर अदालत ने एकतरफा कार्यवाही की क्योंकि वे सुनवाई में शामिल नहीं हुए। अदालत को गूगल के वकील द्वारा सूचित किया गया कि उसके पूर्व के निर्देशों के अनुपालन में कार्रवाई की गई और मामले से संबंधित तीन वीडियो हटाए गए हैं।

डीयू के सभी कॉलेजों में रात आठ बजे तक खुली रहेंगी कक्षाएं व लैब

मकसद संसाधनों के बेहतर उपयोग सुनिश्चित कराना

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के लिए खुशखबरी है। डीयू ने अपने सभी कॉलेजों को सुबह आठ बजे से रात आठ बजे तक खुलने का निर्देश दिया है।

इस दौरान कक्षाएं और लैब खुले रहेंगे। इसका मकसद संसाधनों के बेहतर उपयोग सुनिश्चित करना है। इस संबंध में दिल्ली विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अधिसूचना अपलोड कर दी गई है। इसके अलावा कॉलेजों और विभागों को 31 मई तक इस संबंध में कार्रवाई रिपोर्ट पेश करने को कहा गया है। दिल्ली विश्वविद्यालय के एक अधिकारी के मुताबिक पहले ऐसा कोई शासनादेश नहीं था। विवि ने अधिसूचना में कहा कि उसने छात्रों को सभी उपलब्ध संसाधनों का लाभ देने के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के दिशा-निर्देशों के आधार पर कामकाज के समय में बदलाव किया है। केन्द्रीय विश्वविद्यालयों और अन्य उच्च शिक्षण संस्थानों के लिए यूजीसी की ओर से 14 जनवरी को दिशा निर्देश जारी किए गए थे।

राहुल का डीयू छात्रावास में छात्रों के साथ संवाद

नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को दिल्ली विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर छात्रावास में छात्रों के साथ संवाद किया। सफेद टी-शर्ट और ट्राउजर पहने राहुल गांधी दोपहर के समय छात्रों से मिलने और उनके साथ बातचीत करने के लिए पहुंचे।

छात्रों के साथ मेस में खाना भी खाया। कांग्रेस नेता ने छात्रों से जुड़े मुद्दों और उनके करियर की योजनाओं के संदर्भ में जानकारी हासिल करने की कोशिश की। कांग्रेस नेता ने करीब एक घंटा कैंपस में छात्रों के साथ बिताया। राहुल से मिलने वाले छात्रों में पीएचडी के छात्र देवेश कुमार ने बताया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी हमारे छात्रावास आए थे और हमलोगों के साथ दोपहर का भोजन किया। उनके साथ रोजगार और बेरोजगारी संबंधित मुद्दों पर चर्चा की, जिनका हम विश्वविद्यालय के छात्रावास में सामना कर रहे हैं। राहुल गांधी ने पिछले महीने सिविल सेवा और कर्मचारी चयन आयोग की परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के साथ संवाद किया था।

परिवार उत्थान मेले से बदला सुनीता व टिंकू का जीवन

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

गुरुग्राम ब्लॉक के गांव टीकली में लगाया गया परिवार उत्थान मेला

मेले में 54 चिन्हित परिवारों को किया गया आमंत्रित

गांव टीकली की सुनीता यादव ने कहा कि जीवन में कुछ करने की इच्छाशक्ति होती है, लेकिन आर्थिक परिस्थितियां आगे बढ़ने की राह में रोड़ा बनकर खड़ी हो जाती हैं। ऐसे हालातों से जीवन में निराशा आ जाती है। ऐसी परिस्थितियों में प्रदेश सरकार द्वारा अंत्योदय के भाव से आयोजित किए जा रहे मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान मेले उन गरीब परिवारों के जीवन में उम्मीद की एक नई किरण लेकर आये हैं, जिन्हें सहारे की दरकार है।

शुक्रवार को आजादी के अमृत महोत्सव के तहत गांव टीकली के कम्युनिटी सेंटर में आयोजित परिवार उत्थान मेले में बतौर पात्र लाभार्थी सुनीता देवी ने अपने जीवन की कठिनाइयों और मेले से मिली सहायता के बाद के जीवन को साझा किया। सुनीता ने कहा कि जीवन को बेहतर ढंग से जीने के लिए हर व्यक्ति के अंदर एक प्रतिभा होती है, उसे जरूरत है तो बस आर्थिक सहायता व उचित मार्गदर्शन की। परिवार उत्थान मेले में लगाए गए 18 विभिन्न विभागों के स्टाल इस दिशा में महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं। गुरुग्राम ब्लॉक के चिन्हित बीपीएल परिवार

सुनीता यादव।

टिंकू।

सूची में शामिल टीकली निवासी टिंकू ने कहा कि मुख्यमंत्री परिवार उत्थान मेलों में हमें आर्थिक रूप से मजबूती प्रदान करने के साथ-साथ जीवन यापन व स्वरोजगार में विभिन्न कौशल कार्यक्रम सहायक बने हैं। इनके विशेष मार्गदर्शन भी दिया गया, जिससे उनके जीवन यापन की राह आसान हुई।

नोडल अधिकारी ने लिया सेवाओं का जायजा: मेले में पात्र लाभार्थियों को दी जा रही सेवाओं का जायजा लेने पहुंची नोडल अधिकारी एवं जिला परिषद की सीईओ अनु श्योकंद ने कहा कि प्रदेश में आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ते कदमो में मुख्यमंत्री परिवार उत्थान मेले बहुत उपयोगी सिद्ध हो रहे हैं। जिला में पात्र परिवारों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से सीधे तौर पर लाभ पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम छोर पर खड़े परिवार को विकास की मुख्यधारा में शामिल करना ही इस योजना का प्रमुख उद्देश्य है। अनु श्योकंद ने कहा कि मेले में किसी भी लाभार्थी को अपना रोजगार करने व उसमें बढ़ोतरी करने के लिए सभी विभागों द्वारा पूरी जानकारी देने के उपरांत ऋण की सुविधा दी जा रही है। किसी भी लाभार्थी को परेशानी न हो और सभी पात्र व्यक्तियों को इसका लाभ मिल सके, इसके लिए सभी सुविधाएं एक ही जगह पर उपलब्ध कराई गई हैं। मेले में लोगों को सुविधा देने के लिए विभिन विभागों जैसे हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम, हरियाणा महिला विकास निगम, हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत दीनदयाल अंत्योदय योजना, दीन दयाल अंत्योदय ग्रामीण कौशल योजना व ग्रामीण स्वयं रोजगार प्रशिक्षण संस्थान, जिला बागवानी विभाग, पशुपालन एवं डेयरी विभाग व विभिन्न बैंकों सहित कुल 18 स्टाल लगाए गए थे।

मेले में निरोगी हरियाणा योजना के तहत नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगाया गया था। जिसमें दो सौ के करीब लोगों के स्वास्थ्य जांच भी की गई। इस अवसर पर जिला समाज कल्याण अधिकारी जितेंद्र ढिल्लों, टीकली में आयोजित मेले के जोनल अधिकारी व गुरुग्राम के बीडीपीओ नरेश कुमार, सीएमजीजीए हिया बैनर्जी सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

सीएम को जन्मदिन पर नवीन गोयल ने पौधा भेंट कर दी बधाई

मुख्यमंत्री मनोहर लाल को जन्मदिन पर पौधा भेंट करते नवीन गोयल।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

सीएम मनोहर लाल की लंबी आयु की करी कामना

शुक्रवार को मुख्यमंत्री मनोहर लाल के जन्मदिन पर पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने पौधा भेंट करके बधाई दी। इस दौरान समाजसेवी प्रवीन शर्मा, सोनू तायल भी साथ रहे।

नवीन गोयल ने कहा कि उन्होंने कहा कि जनता में लोकप्रियता के पैमाने पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल सबसे पहला स्थान रखते हैं। मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में पिछले 8 साल में हरियाणा ने जो तरक्की की है, ऐसी तरक्की पहले कभी नहीं हुई। हरियाणा एक हरियाणवी एक का नारा देकर प्रदेश में भाईचारा मजबूत करने का काम मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने किया। नवीन गोयल ने कहा कि सड़क, रेल, हवाई मार्ग को प्रभावी तरीके से मजबूत किया गया है।

प्रदेश में जहां हाईवे का जाल बिछाया गया है, वहीं रेल मार्ग को भी दुरुस्त किया गया है। हरियाणा के हिसार में हवाई अड्डे का विस्तार करके हवाई सेवाओं के क्षेत्र में बड़ा परिवर्तन किया गया है। नवीन गोयल ने कहा कि प्रदेश में मूलभूत सुविधाएं देने में भी सरकार ने अनगिनत काम किए हैं। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रदेश में अनेक विकास परियोजनाएं, जनहित की परियोजनाएं शुरू करके लाभ पहुंचाया है। हरियाणा में भाजपा की मनोहर सरकार ने सामाजिक सुरक्षा और गरीब कल्याण के लिए ऐतिहासिक कार्य किए हैं। बुजुर्गों की पेंशन में बढ़ोत्तरी की गई। परिवार पहचान पत्र के माध्यम से सबका जीवन स्तर ऊंचा उठाने एवं समाज में अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को आगे बढ़ाने के काम किए जा रहे हैं। नौकरियों में पारदर्शिता और किसानों के लिए भावांतर भरपाई योजना से किसानों का जीवन बदला है।

नवीन गोयल ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा राज्य के सबसे गरीब परिवारों की वार्षिक पारिवारिक आय कम से कम 1,80,000 रुपये और इससे अधिक करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना शुरू की गई। इसके अलावा हरियाणा डेयरी विकास सहकारी संघ लिमिटेड ने सांझी डेयरी स्कीम शुरू करके ग्राम स्तर तक गुणवत्ता के उत्पाद उपलब्ध कराने के लिए हर हित रिटेल आउटलेट खोले।

मनोहर सरकार ने सैनिक और पूर्व सैनिकों के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं। युवाओं का जीवन बेहतर बनाने के लिए हिसार, अंबाला, चरखी दादरी और रोहतक में हाल की अग्निवीर भर्ती रैलियों के दौरान हरियाणा से 1,821 अग्निवीरों की भर्ती की गई। नवीन गोयल ने कहा कि सरकार ने संत-महापुरुष विचार सम्मान एवं प्रसार योजना बनाकर समाज के हर संत-महापुरूष के विचार आम जनता तक पहुंचाए।

हेल्दी रहने के लिए अपनी थाली में शामिल करें मिलेट्स : सुधीर सिंगला

सेक्टर-65 में ईट राइट मिलेट मेले की करी शुरुआत

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

गुरुग्राम के सेक्टर-65 में आयोजित मिलेट मेले की शुरुआत करते विधायक सुधीर सिंगला।

गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला ने शुक्रवार को सेक्टर-65 में ईट राइट मिलेट मेले की शुरुआत की। इस दौरान उन्होंने तुलसी पूजन किया। इसके साथ ही वॉकथॉन में भाग लिया। ईट राइट इंडिया स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्रालय फिट इंडिया, एमवे इंडिया, एमथ्रीएम के साझा संयोजन में हो रहे इस मेले में विधायक सुधीर सिंगला ने जीवन के लिये आवश्यक खानपान, अच्छी जीवन शैली के लिए मोटे अनाज को अपने खाने में शामिल करने की बात कही। उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार का भी मिलेट्स पर बहुत ज्यादा जोर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने स्वयं मिलेट्स का सेवन करके आमजन को इसे अपनाने के प्रति जागरुक किया।

इस अवसर पर अपने संबोधन में विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि जीवन में कुछ भी करने के लिए सबसे पहले हमारा सेहतमंद होना जरूरी है। हम तभी किसी काम को शुरू करके पूरा करते सकते हैं, जब हम फिट होंगे। उन्होंने मोटे अनाज का खान-पान में उपयोग करने की सलाह देते हुए कहा कि एक समय था जब हमारे पूर्वज मोटे अनाज को अपनी थाली में महत्वपूर्ण मानते थे। मोटा अनाज खाकर उनका शरीर मजबूत और स्वस्थ रहता था। कठिन से कठिन परिश्रम वे करते थे। मशीनीकरण का वह दौर नहीं था, फिर भी वे अपने काम को बेहतरी से करते थे। उन्होंने कहा कि आज की पीढ़ी फास्ट फूड को ज्यादा पसंद करती है। यह सब सेहतमंद नहीं बना सकते। सेहतमंद बनने के लिए हमें हेल्दी फूड लेना ही पड़ेगा। इस कार्यक्रम में विधायक के साथ एफएसएसएआई की एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर इनोशी शर्मा, अभिनेता, रेसलर व फिट फिट इंडिया के ब्रांड एम्बेसेडर संग्राम सिंह, एमवे इडिंया के जीएम अंशू बुधिराजा, निवर्तमान मेयर मधु आजाद, प्रभाकर मिश्रा, संजीव मेघानी, एमथ्रीएम फाउंडेशन से ऐश्वर्या महाजन, जसप्रीत, वीरेंद्र सिंह, राजेंद्र, डीपीएस से गुरप्रीत समेत अनेक महत्वपूर्ण लोग मौजूद रहे।

गुरुग्राम में लाइव देखा मैकलोडगंज में मना भारत-तिब्बत सहयोग मंच का स्थापना दिवस

भारत-तिब्बत सहयोग मंच के धर्मशाला में रजत जयंती कार्यक्रम को गुरुग्राम में लाइव देखते मंच के सदस्य।

गुरुग्राम। भारत-तिब्बत सहयोग मंच की ओर से शुक्रवार 5 मई को 24 साल पूरे करने के उपलक्ष्य में रजत जयंती दिवस मनाया गया। हिमाचल प्रदेश के मैक्लोडगंज में रजत जयंती का मुख्य कार्यक्रम हुआ, लेकिन गुरुग्राम समेत देशभर में यह कार्यक्रम लाइव देखा गया। शुक्रवार को भारत तिब्बत सहयोग मंच के रजत जयंती समारोह का धर्म गुरू दलाई लामा के सानिध्य में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक इंद्रेश कुमार के मार्गदर्शन, राष्ट्रीय महामंत्री पंकज गोयल की अध्यक्षता और राष्ट्रीय मंत्री प्रमोद गोयल के संचालन में शुभारंभ हुआ। भारत-तिब्बत सहयोग मंच के हरियाणा प्रांत अध्यक्ष अमित गोयल ने बताया कि वर्ष 1999 में धर्मगुरु दलाई लामा व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पांचवें सर संघचालक केएस सुदर्शन के मार्गदर्शन में इंद्रेश कुमार के नेतृत्व में हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में मंच की स्थापना की गई। यह मंच आज सम्पूर्ण भारत में कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि मंच तिब्बत को चीन से मुक्त करवाने के लिए, हिंदुओं के तीर्थ स्थल कैलाश मानसरोवर से चीन से कब्जा हटाने के लिए कार्य कर रहा है। चीनी समान के बहिष्कार के लिए जागरूक करने के लिए कार्य कर रहा है। इस दौरान अनिल गुप्ता, अजय जैन, युधिष्ठिर कौशिक, गोविंद मोहन रेड्डी, आकाश गोयल, निशान्त अहलावत, फलक गोयल, नमन गोयल समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

भाजपा की बैठक में पन्ना प्रमुख बनाने के लक्ष्य को पूरा करने पर जोर

गुरुग्राम। शुक्रवार को भाजपा जिला कार्यालय गुरुकमल में जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ की अध्यक्षता में संगठनात्मक विषयों को लेकर बैठक हुई। बैठक में जिला पदाधिकारी, विभाग एवं प्रकोष्ठ के संयोजक, सह संयोजक, मोर्चों के अध्यक्ष और महामंत्री उपस्थित रहे। जिला अध्यक्ष ने सभी पदाधिकारियों को पन्ना प्रमुखों के निर्माण कार्य की गति को तेज करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर पदाधिकारियों को अपने-अपने शक्ति केंद्र के हिसाब से पन्ना प्रमुख बनाने की जिम्मेदारी भी दी गई। जल्द ही गुरुग्राम जिला की चारों विधानसभा के पन्ना प्रमुखों का सम्मेलन होना है, इसलिए इसकी तैयारियों के लिए मंडल पालक भी लगातार बैठकें ले रहे हैं। भाजपा जिला मीडिया प्रमुख अजीत यादव के मुताबिक बैठक में पन्ना प्रमुख बनाने के अभियान को और तेज गति देने पर चर्चा की गई।

जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ ने एक सप्ताह में जिला में पन्ना प्रमुख बनाने का लक्ष्य को पूरा करने पर भी जोर दिया गया है। उसके बाद विधानसभा अनुसार प्रमुखों का सम्मेलन कराया जाएगा जिसको पार्टी के वरिष्ठ नेता संबोधित करेंगे। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं व पन्ना प्रमुखों की मेहनत के बल पर ही अगले वर्ष देश व प्रदेश में फिर से भाजपा की सरकार बनेगी। जिले के चार विधानसभा में पन्ना प्रमुख बनाने के लिए कार्य चल रहा है और गार्गी कक्कड़ की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में इसी मुद्दे पर समीक्षा के साथ-साथ आगे की रणनीति बनाई गई है। इस मौके पर जिला महामंत्री मनीष गाडौली, महेश यादव, विस्तारक सत्यवीर गांधी, जिला उपाध्यक्ष मनोज शर्मा, हरबीर अधाना, राकेश यादव, ज्योति डेमला, सोनाली मित्रा, कार्यालय मंत्री यादराम जोया, जयंती चौधरी, सुरेंद्र गहलोत, जितेंद्र चौहान, हर्षवर्धन मित्तल समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

पटेल नगर व कीर्ति नगर में चला नगर निगम का पीला पंजा

गुरुग्राम के कीर्ति नगर में अवैध निर्माण गिराती निगम की जेसीबी।

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम

नगर निगम गुरुग्राम द्वारा अनाधिकृत निर्माणों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में शुक्रवार को जोन-2 क्षेत्र की इनफोर्समेंट टीम द्वारा पटेल नगर व कीर्ति नगर में अनाधिकृत निर्माणों पर पीला पंजा चलाया गया।

सहायक अभियंता संजोग शर्मा के नेतृत्व में कनिष्ठ अभियंता तिलक शर्मा व राहुल शर्मा की टीम पुलिस बल व जेसीबी लेकर शुक्रवार को पटेल नगर में पहुंची। यहां पर पीपल वाली गली में अनाधिकृत रूप से दो भवनों का निर्माण किया जा रहा था। टीम ने मौके पर ही जेसीबी की मदद से दोनों निर्माणाधीन भवनों को तोड़ने की कार्रवाई की। इसके बाद टीम ने पटेल नगर में ही गली के अंदर अनाधिकृत रूप से बनाए गए रैंपों को भी तोड़ा। यह शिकायत जीएमडीए पोर्टल के माध्यम से नगर निगम को मिली थी। टीम कीर्ति नगर में भी पहुंची तथा यहां पर भी अनाधिकृत रूप से निर्माणाधीन दो अन्य भवनों को धराशायी करने की कार्रवाई की गई। किसी भी प्रकार के विरोध की स्थिति से निपटने के लिए मौके पर पुलिस बल मौजूद रहा।

बारिश ने नप को फिर दी शहर में जलभराव की चुनौती

जलभराव की समस्या का पम्पवैल योजना से समाधान होने का किया जा रहा दावा

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

सोहना की माता मंदिर गली व घरों में हुआ जलभराव।

बुधवार को हुई बारिश ने एक बार फिर ने नगर परिषद को शहर में जलभराव को समस्या ने कड़ी चुनौती दे दी। शहर के वार्ड 19 की मंगलनगर कॉलोनी के घरों में पानी भर गया। फव्वारा चौक से दमदम मोड़ तक जाने वाले बरसाती पानी की सही निकासी न होने से नागरिकों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है।

शहर से बारिश का पानी से होने वाले शहर में जलभराव परिषद प्रशासन को बार-बार चुनौतियां दे रहा है, लेकिन नगर परिषद प्रशासन हार बार बरसात के मौसम में गंदे व बरसाती नालों की सफाई कराके नागरिकों को होने वाली परेशानी पर मरहम पट्टी करके छोड़ देती है। समस्या अगले वर्ष के लिए फिर से चुनौती बनकर खड़ी हो जाती है। इस बार भी बरसात के मौसम से पहले चुनौती आ गई है।

परिषद ने बनाई पम्पवैल योजना : नगर परिषद के टेक्नीकल विंग ने शहर में जलभराव को समस्या से निपटने के लिए पम्पवैल की योजना बना रहा है। जिससे दमदमा मोड़ पर नाले के ऑवर फ्लो पानी को पम्प के माधयम से सीवर लाइन में डाला जाएगा। जिससे बरसाती नाले का पानी ऑवर फ्लो न होगा। जलभराव की समस्या का समाधान होने का दावा किया जा रहा है।

शहर में कहां-कहां हुआ जलभराव : शहर के शहीद भगतसिंह फव्वारा चौक से लेकर मंगलनगर कॉलोनी, बस स्टैंड रोड, अग्रसैन चौक, देवी माता मंदिर गली, बालूदा मार्ग आदि स्थानों पर रही। मंगलनगर कॉलोनी के घरों में फिर से जलभराव होने से यहां के नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

सोहना में ज्ञानेंद्र हत्याकांड में शामिल दो और आरोपित अरेस्ट

गुरुग्राम। बीती 12 अप्रैल को सोहना के पास ज्ञानेंद्र उर्फ भोला (28) की एक फार्म हाउस के सामने जघन्य हत्याकांड में पुलिस ने दो और आरोपितों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों ने ज्ञानेंद्र को लाठी, डंडों, कुल्हाड़ी व पिस्तौल से बुरी तरह से पीटा था, जिससे उसकी मौत हो गई।

सोहना थाना में दर्ज के पर अपराध शाखा प्रभारी उप-निरीक्षक सत्यप्रकाश की टीम ने मारपीट करके हत्या करने की वारदात को अंजाम देने में शामिल रहे पवन व पंकज नामक दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से पूछताछ में ज्ञात हुआ कि मृतक ज्ञानेन्द्र व इनके दोस्त भारत के बीच आपसी झगड़े की रंजिश थी, जिसके चलते इन्होंने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया था। पवन ने अपने मोबाईल फोन से इस वारदात (मारपीट करने) की वीडियो शूट करके सोशल मीडिया पर वायरल की थी।

एमजी मोटर इंडिया ने लॉन्च की कोमेट ईवी, तीन वेरिएन्ट्स- पेस, प्ले और प्लश में स्मार्ट इलेक्ट्रिक व्हीकल

पायनियर समाचार सेवा। देहरादून

ब्रिटिश ऑटोमोबाइल ब्राण्ड एमजी मोटर इंडिया ने 99 सालों की धरोहर के साथ हाल ही में अनावरण की गई स्मार्ट इलेक्ट्रिक कार एमजी कोमेट ईवी के तीन वेरिएन्ट- पेस, प्ले और प्लश लॉन्च किए हैं। स्मार्ट इलेक्ट्रिक कार एमजी कोमेट ईवी-भारत में अरबन मोबिलिटी के नए दौर की शुरूआत करेगी। जीएसईवी प्योर इलेक्ट्रिक प्लेटफॉर्म पर आधारित कोमेट स्लीक और रूमी डिजाइन के साथ आती है जो शहर में परिवहन का सहज एवं तनाव मुक्त अनुभव प्रदान करती है। कोमेट ईवी एमजी मोटर इंडिया का दूसरा इलेक्ट्रिक वाहन है जो स्टाइल, टेक्नोलॉजी और स्थायित्व का बेहतरीन संयोजन है, साथ ही अपने बेजोड़ सुरक्षा फीचर्स के साथ ड्राइव को पूरी तरह से सुरक्षित बनाता है।

यह वेरिएन्ट शानदार स्टाइल के साथ आता है और उपभोक्ता ऐड-ऑन्स, एक्सेसरीज एवं फंकी बॉडी रैप्स और कूल स्टिकर्स की व्यापक रेंज के साथ इसे अपना पर्सनल स्टेटमेन्ट बना सकते हैं। कोमेट ईवी का पेस वेरिएन्ट रुपये 7.98 लाख की शुरूआती कीमत पर उपलब्ध है। वहीं प्ले और प्लश वेरिएन्ट क्रमश: 9.28 लाख और 9.98 लाख (एक्स-शोरूम) कीमत पर उपलब्ध हैं। यह ऑफर पहली 5000 बुकिंग्स के लिए सीमित है। लॉन्च पर बात करते हुए श्री गौरव गुप्ता, डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर, एमजी मोटर इंडिया ने कहा, ''कोमेट एक वाहन से कहीं बढ़कर है- यह शहर के भारी ट्रैफिक के बीच परिवहन का सुरक्षित एवं आरामदायक समाधान है। इसके तीन वेरिएन्ट्स उपभोक्ताओं को मन की शांति देते हैं। यह कस्टमाइजिंग के कई विकल्पों के साथ आती है जिनके साथ आप कोमेट ईवी को अपना खुद का स्टाइल स्टेटमेन्ट बना सकते हैं, तो यह पहियों पर दौड़ने वाला आपका अपना गैजेट होगा।'

ईवी खरीदने का स्मार्ट पैकेज: कोमेट ईवी स्पेशल एमजी ई-शील्ड के साथ आती है, यह सोच समझ कर डिज़ाइन किया गया पैकेज है जिसमें मरम्मत और सर्विस की लागत भी कवर की जाती है। स्पेशल 3-3-3-8 पैकेज में शामिल है: 3 साल या 1 लाख किलोमीटर की वारंटी, 3 सालों के लिए रोड साईड असिस्टेन्स, 3 फ्री लेबर सर्विसेज-पहली 3 शेड्यूल्ड सर्विसेज आईपी67 रेटिंग और प्रिज़्मेटिक सैल्स के साथ 17.3 kWh लिथियम-आयन बैटरी, जो 8 साल या 1 लाख 20 हजार किलोमीटर की वारंटी के साथ आती है। ' इसके अलावा एमजी कोमेट ईवी के मालिक सोच समझ कर डिज़ाइन किए गए 80 एक्सटेंटेड वारंटी एवं सर्विस पैकेजेज़ में से अपनी पसंद का पैकेज चुन सकते हैं, जिनकी कीमत मत्र रु 5000 से शुरू होती है।

धर्मांतरण व घुसपैठियों को रोकता है बजरंग दल : बोधराज सीकरी

सर्वे में सिद्ध हुआ कि 97 प्रतिशत हिंदू भगवान में रखते हैं आस्था

बोधराज सीकरी।

गुरुग्राम। हरियाणा सीएसआर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष बोधराज सीकरी ने कहा कि कांग्रेस द्वारा बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाना और उसकी पीएफआई से तुलना करना उनकी हताशा का ज्वलंत उदाहरण है। एक अमेरिकन एजेन्सी द्वारा हाल ही में सर्वे करवाया गया, जिससे यह सिद्ध हुआ कि 97 प्रतिशत हिंदू भगवान में आस्था रखते हैं यानि आस्तिक हैं।

सीकरी ने कहा कि 45 प्रतिशत लोग शिव जी को इष्ट मानते हैं, जहां एक ओर 15 प्रतिशत लोग मर्यादा पुरुषोत्तम राम-भक्त हैं, वहीं दूसरी ओर राम जी के अनन्य भक्त हनुमान जी के 35 प्रतिशत अनुयायी हैं। इसी प्रकार अलग-अलग प्रतिशत योगीराज श्री कृष्ण और शक्ति स्वरूपा मां में आस्था रखते हैं। जैसे कांग्रेस और सपा को अली पर विश्वास है, वहीं भाजपा के कार्यकर्ता को बजरंग बली पर विश्वास है। कई लोग बाहुबली पर विश्वास करते हैं और हम बजरंगबली पर। एक ओर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के अनुसार जो कांग्रेस से है, वहां उन्हें बजरंग दल से कोई समस्या नहीं है वहीं कर्नाक की कांग्रेस को फिर क्या खतरा है। यह क्या विडम्बना है। इस प्रकार की तुलना बजरंग दल की पीएफआई से करना निम्न स्तर की सोच और हताशा का जीता जागता उदाहरण है। जहां पीएफआई कट्टरपंथी विचारधारा और अलगाववादियों का संगठन है, वहीं बजरंग दल जोड़ने की प्रक्रिया में लगा है।

अमेजन डॉट इन ने की 4 से 8 मई, 2023 के बीच ग्रेट समर सेल की घोषणा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



इस साल, अमेजन डॉट इन की समर सेल, 4 मई से शुरू होकर 8 मई, 2023 तक चलेगी। इस सेल में ग्राहकों को कारीगरों और बुनकरों, महिला उद्यमियों, स्टार्ट-अप के साथ ही ब्रांड और पड़ोस के स्टोर सहित विभिन्न श्रेणियों के विक्रेताओं की ओर से विभिन्न श्रेणियों जैसे स्मार्टफोन, उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स, किराना, फैशन एंड ब्यूटी एक्सेसरीज, होम एंड किचन, लार्ज अप्लायंसेस, टीवी आदि जैसे लाखों उत्पादों पर कई शानदार ऑफर प्रदान किए जाएंगे।

ग्राहक सैमसंग, मैमीपोको, लॉरियल, टीसीएल, वी गार्ड, गोदरेज, जायडस, एलजी आदि ब्रांडों के शानदार ऑफर्स के साथ अधिक बचत करते हुए गर्मी के मौसम का भरपूर मजा उठा सकते हैं। प्राइम मेंबर्स को एक्सक्लूसिव शॉपिंग करने और दूसरों से पहले बेहतरीन डील्स और बेस्ट ऑफर्स का लाभ उठाने का मौका मिलेगा। प्राइम मैंबर्स को सेल शुरू होने से 12 घंटे पहले सभी रोमांचक ऑफर्स उपलब्ध करा दिए जाएंगे। प्राइम अर्ली एक्सेस 4 मई, 2023 की मध्यरात्रि से शुरू होगा।

ग्राहकों को पे एंड शॉप रिवॉर्ड्स फेस्टिवल के दौरान पैसे भेजने या प्राप्त करने, बिलों का भुगतान करने आदि जैसे दैनिक भुगतान करके पुरस्कार के रूप में 5000 रुपये तक जीतने का मौका मिलेगा। इसके अलावा, अमेजन पे लेटर के साथ 600 रुपये के वैलकम रिवॉर्ड के साथ 60,000 रुपये तक का इंस्टेंट क्रेडिट प्राप्त होगा। इसके अलावा, ग्राहक खरीदारी पर 5: तक का कैशबैक भी प्राप्त कर सकते हैं, साथ ही ग्राहकों को अमेजन पे आईसीआईसीआई बैंक क्रेडिट कार्ड के साथ 2,000 रुपये तक के वैलकम ऑफर का भी लाभ मिलेगा।

ग्रेट समर सेल के लिए दिलचस्प लाइव स्ट्रीम की भी योजना बनाई गई है। इनमें ट्रैकिन टेक, टेक बर्नर, राजीव मखनी, टेक्नोरूहेज, एली गोनी, विनीत मल्होत्रा जैसे कुछ प्रसिद्ध कंटेंट क्रिएटर्स शामिल होंगे, जो इस ईवेंट की टॉप डील्स से पर्दा उठाएंगे और प्रोडक्ट को रिव्यू करेंगे। यहां एक सेलिब्रिटी सीरीज़ भी है जिसे ग्राहक शहनाज़ गिल, तेजस्वी प्रकाश, करण कुंद्रा, अपारशक्ति खुराना, स्मृति मंधाना से मुलाकात कर सकते हैं। ग्राहक इन क्रिएटर्स को देख सकते हैं, उनके साथ चैट कर सकते हैं और अमेजन डॉट इन की सेल में मिल रहे टॉप ऑफर्स पर उनके सुझावों के आधार पर लाइव खरीदारी कर सकते हैं। यहां अमेजन डॉट इन पर ग्रेट समर सेल में विभिन्न श्रेणियों पर मिल रही शानदार डील्स दी गई हैं। यहां सभी ऑफर्स देखें।

एयर इंडिया कंपनी में नौकरी के नाम पर ठगने वाले नौ आरोपी गिरफ्तार

आरोपी एयर इंडिया के अधिकारी बनकर करते थे संपर्क, कंपनी का फर्जी ऑफर लेटर भेजकर लगाते थे चूना

प्रेस वार्ता में जानकारी देते पुलिस अधिकारी।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

साइबर थाना बल्लभगढ़ प्रभारी नवीन कुमार व उनकी टीम ने एयर इंडिया कंपनी में नौकरी लगवाने के नाम पर साइबर ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए गिरोह के नौ सदस्यों को गिरफ्तार किया है। डीसीपी अमित यशवर्धन ने प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में अभय, रवि, विजय उर्फ बबलू, हिमांशु, नितेश, राहुल, रजनीश, खुशबू तथा रिया का नाम शामिल है।

आरोपी अभय तथा रवि उत्तर प्रदेश के नोएडा व अन्य आरोपी गाजियाबाद के रहने वाले हैं। आरोपी बहुत ही शातिर किस्म के अपराधी हैं जो भोले भाले लोगों को साइबर ठगी के जाल में फंसाकर उनके पैसे ऐंठ लेते हैं। फेसबुक के माध्यम से नौकरी ढूंढ रहे आम नागरिकों को अपना निशाना बनाते हैं। युवाओं को अपने झांसे में लेते हैं और अपने आपको एयर इंडिया के अधिकारी बताकर सामने वाले व्यक्ति से संपर्क करते हैं। अलग-अलग डिपार्टमेंट से कॉल करते हैं और उन्हें एक अच्छी नौकरी का सपना दिखाकर अपने झांसे में ले लेते हैं। बेरोजगार युवा नौकरी के लालच में आकर उनकी बात मान लेता है, जिसके पश्चात आरोपी एयर इंडिया का एक फर्जी जॉब लेटर तैयार करके उस व्यक्ति को भेजते हैं। सामने वाला व्यक्ति समझता है कि यह एयर इंडिया का असली ऑफर लेटर है। इसके पश्चात आरोपी ट्रेनिंग, आईडी कार्ड फीस इत्यादि का बहाना बनाकर उस व्यक्ति से पैसों की मांग करते हैं। पीड़ित आरोपियों के जाल को समझ नहीं पाता और उनकी बातों में आकर उन्हें पैसे भेजता रहता है। इस प्रकार आरोपियों ने फरीदाबाद की रहने वाली एक महिला के साथ 41349 की ठगी की वारदात को अंजाम दिया था। महिला को जब इस ठगी का एहसास हुआ तो उसने इसकी शिकायत साइबर थाने में की। जिसके पश्चात आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच शुरू की गई। आरोपियों की धरपकड़ के लिए थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। जिसमें एसआई विकास व प्रवीण, एएसआई अनूप, दीपक, मुख्य सिपाही भूपेंद्र व नावेद, सिपाही आजाद, प्रदीप, विक्रांत तथा महिला सिपाही मनीषा का नाम शामिल था। पुलिस ने इस मामले में कड़ी मशक्कत करते हुए तकनीकी व सूत्रों की सहायता से मामले में शामिल आरोपियों को नोएडा व गाजियाबाद से गिरफ्तार कर लिया। जिसमें दो लड़कियां भी शामिल थीं। दोनों लड़कियों को अदालत में पेश करके जेल भेज दिया गया। वहीं अन्य आरोपियों को पांच दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया। जिसमें पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपियों के फर्जी बैंक खातों में 20 लाख रुपये का लेनदेन पाया गया है और उत्तर प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली, गुजरात, महाराष्ट्र सहित देश के कई अन्य इलाकों से साइबर ठगी की वारदातों दिया गया है। पुलिस द्वारा संबंधित थानों को इस बारे में सूचना भेजी जा रही है।

युवक की हत्या कर शव ऑटो में डालकर फेंका

फरीदाबाद। सेक्टर-12 में हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के मैदान के निकट शुक्रवार को उस समय अफरातफरी का माहौल बन गया, जब थाना सेंट्रल पुलिस ने एक युवक का शव बरामद किया।

फिलहाल मृतक की शव की पहचान नहीं हो सकी है, लेकिन प्रथम दृष्टया में इसे हत्या का मामला माना जा रहा है। हत्या कहीं और करके शव को ऑटो में डालकर यहां पर फेंका गया। मौके पर ऑटो के पहियों के निशान मिले हैं, जबकि मृतक के गले में गमछा भी कसा हुआ मिला है। इससे अनुमान है कि गमछे से गला कसकर उसकी हत्या की गई है। इसके बाद ऑटो में शव डालकर सेक्टर-12 में फेंका गया। मृतक की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है। मृतक की उम्र करीब 25 साल है। उसके दाएं हाथ पर ओम का टैटू बना है। हाथ पर सौम्या व त्रिशूल भी गुदा हुआ है। आसमानी रंग का श्री पीस सूट पहना हुआ था। सफेद रंग की शर्ट पहनी हुई है। काले जूते और जुराब पहने हैं। कपड़ों से अनुमान है कि वह किसी शादी या अन्य समारोह में शामिल होने आया था। वहीं उसकी हत्या हुई। डीसीपी क्राइम मुकेश मल्होत्रा ने बताया कि दोपहर को लोगों ने युवक का शव देखा था। इसके बाद पुलिस को पता चला। मृतक के कपड़ों से ऐसा कोई दस्तावेज नहीं मिला है, जिससे उनकी पहचान हो सके। शुरुआती जांच में लग रहा है कि हत्या किसी दूसरी जगह की गई, इसके बाद शव यहां लाकर डाला गया। सभी क्राइम ब्रांच मामले को सुलझाने में जुट गई हैं। थानों को मृतक के बारे में सूचित किया गया है। उसकी फोटो थानों में भेजी गई है।

संक्षिप्त समाचार

छात्रों ने जेईई मेन की परीक्षा में लहराया परचम

पलवल। बीके सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्रों ने एक बार फिर जेईई मेन-2023 की परीक्षा में पलवल जिले का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। विद्यालय के प्रधानाचार्य सतीश कौशिष ने बताया की छात्र आदित्य ने 99.65 परसेंटाइल, कोमल ने 93.29 परसेंटाइल व हिमांशु ने 85.58 परसेंटाइल प्राप्त कर पलवल जिले व अपने माता-पिता और गुरुओं का नाम रोशन किया है। इस अवसर पर छात्र आदित्य ने बताया कि उसकी सफलता का श्रेय बीके सीनियर सेकेंडरी स्कूल के अध्यापकों व माता-पिता को जाता है। जिनके उचित मार्गदर्शन में रहकर उनको सफलता मिली है। छात्रा कोमल ने बताया कि प्रधानाचार्य की प्रेरणा से आज यह मुकाम हासिल किया है। छात्र हिमांशु ने बताया कि कठिन परिस्थितियों में भी सही मुकाम मिल जाये तो उन्नति मिल ही जाती है। विद्यालय के प्रधानाचार्य सतीश कौशिष व वाइस प्रेसिडेंट जितेश कौशिष ने सभी सफल छात्रों व माता-पिता को फूलमाला पहनाकर व मिठाई खिलाकर सम्मान किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में राजेंदर मित्तल, ललित मित्तल, बिशनदत्त, गोपाल सिंह, जगदीश शर्मा शामिल हुए।

पलवल के नेक्सा शोरूम में मारुति सुजुकी फ्रॉन्क्स की हुई लांचिंग

पलवल। नेशनल हाईवे निकट किठवाड़ी चौक स्थित ऑटानेशन नेक्सा शोरूम में शुक्रवार को मारुति सुजुकी फ्रॉन्क्स की लांचिंग की गई। लांचिंग के अवसर पर मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष चरण सिंह तेवतिया, विशिष्ट अतिथि भाजपा नेता संजय गुर्जर, मनोज रावत, ऑटोमेशन ग्रुप के सीईओ संजीव रतन, ग्रुप हैड विजय दहिया, जीएम सर्विस ऑटानेशन ग्रुप मनोज कुमार, जीएम सेल्स नेक्सा पलवल जितेंद्र मारवाह, यूनिट हैड जगजीत सिंह सहित अनेक अतिथि व स्टाफ सदस्य मौजूद रहे। जगजीत सिंह ने बताया कि फ्रॉन्क्स को 7.46 लाख रुपये की शुरुआती एक्स शोरूम कीमत में लॉन्च किया गया है। शानदार लुक और फीचर्स वाली कॉम्पैक्ट क्रॉसओवर एसयूवी फ्रॉन्क्स का मुकाबला टाटा पंच और नेक्सॉन के साथ ही निसान मैग्नाइट और रेनॉ काइगर जैसी एसयूवी से है। इस अवसर पर भाजपा नेता संजय गुर्जर ने कहा कि गाड़ी के साथ ही यहां का स्टाफ तारीफकाबिल है। भगवान से प्रार्थना है कि इस तरह का शोरूम हर जिले में खुलना चाहिए। इस अवसर पर केक काटकर सबका मुंह मीठा करवाया गया।

छात्रा नायशा को मिला मिस सरस्वती का खिताब

प्रतियोगिता की विजेता छात्राओं को सम्मानित करते अतिथि व आयोजक।

पलवल। शुक्रवार को सरस्वती महिला महाविद्यालय पलवल में स्नातक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि निदेशिका सरस्वती महिला महाविद्यालय मनीषा मंगला, प्राचार्या डॉ. अनिता कौशिक व समस्त प्राध्यापिकाओं द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया। प्राचार्या ने हर्ष व विषाद की मिली जुली अनोखी भावनाओं को व्यक्त किया। सभी प्राध्यापिकाओं द्वारा छात्राओं के पठन-पाठन व संरक्षण की प्रशंसा करते हुए उनका अभिनंदन किया। साथ ही छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इसके बाद तृतीय वर्ष की छात्रा नीलम ने महाविद्यालय से जुडी यादों को साझा करते हुए अपनी भावुकता को व्यक्त किया। छात्राओं द्वारा रंगारंग कार्यक्रमों की भी प्रस्तुति दी गई। समारोह में मिस सरस्वती 2023 प्रतियोगिता का आयोजन शुभ्रा व डॉ. आरती दीवान द्वारा की गई। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ. सोनिया भारद्वाज, मिस पारूल जैन व मिस भावना भारद्वाज की रहीं। निदेशिका मनीषा मंगला ने छात्राओं को बधाई देते हुए आगे बढने की प्रेरणा दी। मिस सरस्वती प्रतियोगिता में छात्रा नायशा बीकॉम तृतीय वर्ष मिस सरस्वती, ममता शर्मा बीए तृतीय वर्ष प्रथम रनरअप व अंशु बीए तृतीय वर्ष द्वितीय रनरअप रही। कार्यक्रम में मंच का संचालन डॉ. सोनिया भारद्वाज व डॉ. आरती दीवान द्वारा किया गया।

विद्यार्थियों को एंटी रैगिंग के बारे में जानकारी दी

फरीदाबाद। स्कूली जीवन से कॉलेज तक का विकास छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए उत्साह और आशा से भर देता है। हालांकि, उच्च प्रतिस्पर्धी शैक्षणिक माहौल के दबाव के साथ, वरिष्ठों द्वारा डर पैदा करने की संभावना तनाव को बढ़ाती है। इस प्रकार, नव प्रवेशित स्नातक छात्रों की जागरूकता और लाभ के लिए, सुधा रुस्तगी कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड रिसर्च, फरीदाबाद ने एंटी-रैगिंग और तनाव प्रबंधन के उपायों पर एक व्याख्यान का आयोजन किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. भावना गुप्ता सराफ, प्रोफेसर और विभागाध्यक्ष पेडोडोंटिक्स और कॉलेज की एंटी रैगिंग कमेटी, डॉ रुचि, डॉ आशिमा, डॉ मीनू सिंगला और डॉ मीनू तनेजा सहित विभिन्न विभागों के प्रोफेसरों के एक गठबंधन द्वारा किया गया था। कार्यक्रम के पीछे कॉलेज के अध्यक्ष धर्मवीर गुप्ता, सचिव दीपक गुप्ता, डॉ सीएम मढ़िया प्रिंसिपल और डॉ विशाल जुनेजा सीईओ थे। इसमें विभिन्न विभागाध्यक्षों, फैकल्टी मेंबर्स, फ्रेशर्स और कॉलेज के छात्रों ने भाग लिया। सत्र को दो खंडों में विभाजित किया गया था। रैगिंग से होने वाले मनोवैज्ञानिक नुकसान के खिलाफ जागरूकता बढ़ाने और रैगिंग के खिलाफ वर्तमान भारतीय दंड कानूनों के बारे में जानकारी प्रदान करने के लिए पहला सत्र डॉ. पुनीत बत्रा सदस्य भारतीय दंत चिकित्सा परिषद, नई दिल्ली द्वारा आयोजित किया गया था। बीपीटीपी थाने के एसएचओ दिलावर सिंह ने भी छात्रों को एंटी रैगिंग पर संबोधित किया।

विकास दिवस के रूप में मनाया मुख्यमंत्री का जन्मदिन

फरीदाबाद। विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक नरेंद्र गुप्ता ने अपने सेक्टर-11 स्थित कार्यालय पर कार्यकर्ताओं व आमजन के साथ धूमधाम से विकास दिवस के रूप में मुख्यमंत्री मनोहरलाल का जन्मदिन मनाया। इस मौके पर विधायक ने मुख्यमंत्री को जन्मदिन की बधाई देते हुए उनकी लंबी आयु की कामना की। मौके पर पीएम नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहरलाल के कटआउट आकर्षण का केंद्र रहे। नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहरलाल को विकास पुरुष कहा जाता है और उन्हीं के मार्गदर्शन में प्रेरणा लेकर उन्होंने आज का दिन विकास दिवस के रूप में मनाया है तथा संकल्प लिया है कि फरीदाबाद में विकास गति और तेज करने का वे प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि आज हरियाणा में चाहे लिंगानुपात में बेटियों की संख्या बढ़ने की बात हो या फिर विकास के नए आयाम स्थापित करने की, मुख्यमंत्री मनोहरलाल के नेतृत्व में हरियणा नित नए सफलता के आयाम स्थापित कर रहा है तथा देश में ही नहीं पूरे विश्व में हरियाणा की अलग पहचान है। इस मौके पर भाजपा मंडलाध्यक्ष कुलदीप साहनी आदि कार्यकर्ता महिलाएं मौजूद रहीं।

अपने भक्त को अकेला नहीं छोड़ते भगवान : स्वामी पुरुषोत्तमाचार्य

फरीदाबाद। सेक्टर-44 स्थित श्रीलक्ष्मीनारायण दिव्यधाम में आयोजित श्रीनृसिंह जयंती पर विशाल शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें ढोल गाजे बाजे के साथ भक्तजन सम्मिलित हुए। इससे पूर्व यहां जगदगुरु स्वामी पुरुषोत्तमाचार्यजी महाराज ने भगवान नृसिंह का अभिषेक किया और भक्तों को प्रवचन कहे एवं प्रसाद प्रदान किया।

श्रीनृसिंह जयंती के अवसर पर सुबह से ही यहां भक्तों की बड़ी संख्या जुटनी शुरू हो गई थी। जहां अनंत श्रीविभूषित इंद्रप्रस्थ एवं हरियाणा पीठाधीश्वर श्रीमद् जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी पुरुषोत्तमाचार्य महाराज ने आराधन, पुण्याहवान व अन्य रीतियों से भगवान का अभिषेक किया। महाराज ने बताया कि नृसिंह रूप में भगवान ने धर्म की रक्षा के लिए अवतार लिया। उन्होंने अपने भक्त प्रहलाद की रक्षा के लिए स्वयं प्रकट होकर यह बता दिया कि वह नाम का सम्मान करते हैं। इस नाम का कलियुग में बड़ा महत्व है। इसलिए परमात्मा के नाम जप से मनुष्य का कल्याण सरलता से हो सकता है। उन्होंने कहा कि भगवान अपने भक्त को कभी भी अकेला नहीं छोड़ते हैं। उन्होंने कहा कि एक भक्त के जीवन की गारंटी है कि भगवान उस जीव को इस जीवन में भी और उसके बाद के जीवन में भी नहीं भटकने देते।

विधायक राजेश नागर ने डंपिंग यार्ड का विरोध कर रहे लोगों की व्यथा सुनी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

रिवाजपुर सोशल वेलफेयर संघर्ष समिति के बैनर तले रिवाजपुर गांव में डंपिंग यार्ड न बनाने देने को लेकर चल रहे प्रदर्शन में शामिल दर्जनों गांव के लोगों से मिलने आज तिगांव विधायक राजेश नागर मौके पर पहुंचे।

दरअसल गांव का एक प्रतिनिधिमंडल समिति के अध्यक्ष नाहर सिंह चौहान के नेतृत्व में विधायक से उनके निवास पर मिला था और आग्रह किया था कि एक बार उस जगह का दौरा करें जहां डंपिंग यार्ड बनना है। विधायक ने क्षेत्र की जनता का मान रखते हुए तुरंत मौके पर जाने का निर्णय लिया। विधायक राजेश नागर को अपने बीच में पाकर लोगों ने अपनी पूरी व्यथा उन्हें सुनाई। गांव वालों ने विधायक को बताया कि लोगों को आपसे बहुत आशाएं हैं, क्योंकि आप इस क्षेत्र के जनप्रतिनिधि हो और तिगांव क्षेत्र के लोगों के एक एक वोट की ताकत से आज आप विधायक की कुर्सी पर विराजमान हो। हमें इस तुगलकी फरमान से निजात दिलाने में मदद करो, ताकि इस क्षेत्र को उजड़ने से बचाया जा सके। नाहर सिंह चौहान ने कहा कि जबसे डंपिंग यार्ड बनने की सूचना आई है, तभी से दर्जनों गावों के लोगों को नींद नहीं आ रही है और गांव वालों को अपनी नस्ल और फसल बचाने की चिंता सताने लगी है। उन्होंने कहा कि सभी गांव के लोग आपसे विव्रम विनती करते है कि इस गंभीर समस्या से निपटने में हमारा सहयोग करें।

ऐडल डिवाइन कोर्ट सोसाइटी में श्रीभगवान मूर्ति स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन हुआ

फरीदाबाद। ग्रेटर फरीदाबाद के सेक्टर-76 स्थित ऐडल डिवाइन कोर्ट सोसाइटी में श्री भगवान मूर्ति स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन हुआ। तीन से पांच मई तक चले इस प्राण प्रतिष्ठा की शुरुवात कलश यात्रा के साथ हुई। वही पंडित सुंदरलाल शास्त्री तथा अन्य विद्वान पंडितों ने शास्त्रों के अनुसार पूजा अर्चना तथा मंत्रोपचार के साथ प्रभु संकीर्तन एवं धार्मिक परिचर्चा भी की।

पांच मई को प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के समापन पर महाप्रसाद का आयोजन किया। सोसायटी के प्रधान अभिषेक द्विवेदी एवं पदाधिकारी दयानंद शर्मा ने बताया कि मंदिर में श्रीराम और शिव शंकर की मूर्ति स्थापित की गयी। उन्होंने कहा कि हमारी सोसायटी में सभी लोग बहुत प्रेमभाव से मिलजुल कर रहते हैं और इस तरह के धार्मिक कार्यक्रमों में हमेशा अपना योगदान देते हैं।

उन्होंने कहा कि यह मूर्ति स्थापना सभी निवासियों के संयुक्त सहयोग से हुई है। इस भव्य आयोजन में तिगांव विधानसभा के विधायक राजेश भी पहुंचे और सभी स्थानीय निवासियों के साथ प्रसाद ग्रहण किया और सभी के लिए मंगलकामना की।

बच्चे बुनियाद कार्यक्रम का हिस्सा बनकर इंजीनियर और डॉक्टर की कर रहे पढ़ाई : नेहा सिंह

डॉ. बीआर अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय पलवल में बुनियाद ओरिएंटेशन कार्यक्रम का किया आयोजन

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीसी नेहा सिंह।

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

उपायुक्त नेहा सिंह ने डॉ. बीआर अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय पलवल में आयोजित बुनियाद ओरिएंटेशन कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। उपायुक्त ने सरकार व शिक्षा विभाग के द्वारा चलाए जाने वाले महत्वाकांक्षी कार्यक्रम मिशन बुनियाद के संबंध में सभी को जागरूक कर प्रेरित किया।

उन्होंने बताया कि कैसे बच्चे इस कार्यक्रम का हिस्सा बनकर देश के सर्वोच्च संस्थानों से इंजीनियर या डॉक्टर की पढ़ाई कर रहे हैं। इस अवसर पर उपायुक्त नेहा सिंह ने पलवल जिले से चयनित खुशी जीएमएसएसएसएस होडल, सुमित जीएसएसएस पिंगौड से जेईई मेंस विद्यार्थियों को व 10 अन्य बच्चों को सम्मानित भी किया। कार्यक्रम में पलवल जिले के राजकीय विद्यालयों से चयनित बुनियाद लेवल तीन के 163 बच्चों के साथ-साथ उनके अभिभावकों ने भाग लिया। इसके अलावा कार्यक्रम में प्रधानाचार्य, गणित अध्यापक, पूर्व में पढ़ रहे 100 बच्चों व उनके अभिभावक के साथ करीब 750 लोगों ने ओरिएंटेशन व पीटीएम कार्यक्रम जिला शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार बघेल की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम के आयोजन में पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी अंबाला अनूप जाखड़, डॉ. बीआर अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय पलवल के प्रिंसिपल बाबूलाल शर्मा, सहायक प्रोफेसर अनिल की विशेष भूमिका रही। कार्यक्रम का मंच संचालन जसवीर व कामाक्षी ने किया। जिला शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार बघेल ने उपायुक्त नेहा सिंह व सभी अभिभावकों को आश्वस्त किया कि वह सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना को सभी तक पहुंचाने में पूरी कोशिश करेंगे, ताकि पलवल जिले के अधिक से अधिक बच्चे इसका फायदा उठाकर अपना व परिवार के सपनों को पूरा कर सकें। मिशन बुनियाद रेवाड़ी के निदेशक प्रदीप ने विद्यार्थियों का और ओरिएंटेशन व पीटीएम सभी अधिकारियों के साथ पूरी की। मीटिंग के दौरान जिला समन्वयक सुखबीर सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी पलवल मामराज रावत, खंड शिक्षा अधिकारी हसनपुर अमर सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी हथीन सगीर अहमद, खंड शिक्षा अधिकारी होडल किरण बाला, प्रधानाचार्य धर्मवीर रावत, प्रधानाचार्य राकेश कुमार बघेल, जिला विज्ञान विशेषज्ञ डॉ. राजेश कुमार व सपना शामिल हुए।

पलवल में अंत्योदय मेले में आए लाभार्थियों में दिखा उत्साह

नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्टेडियम में लगा मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान मेला

मेले में शिरकत करते लाभार्थी।

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

एडीसी डॉ. आनंद शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के माध्यम से जिन लोगों की वार्षिक आय 01 लाख 80 हजार रुपए से कम है ऐसे लोगों की आय को बढ़ाना है। सरकार द्वारा कम आय वाले लोगों के आर्थिक स्तर को मजबूत करने के उद्देश्य से डीसी नेहा सिंह के मार्गदर्शन में जिला पलवल में विभिन्न खंडों व शहरी क्षेत्र में 13 मई तक मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान मेले आयोजित किए जा रहे हैं।

इसी कड़ी में शुक्रवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम स्थित इंडोर स्टेडियम में खंड पलवल के चिन्हित लाभार्थियों के लिए अंत्योदय मेले का आयोजन किया गया। मेले में बढ़चढ़ कर लाभार्थियों ने लाभ उठाया। इस दौरान एडीसी डॉ. आनंद शर्मा ने मेले का अवलोकन किया। मेला की नोडल अधिकारी एवं एसडीएम शशि वसुंधरा, मुख्यमंत्री के सुशासन सहयोगी आश्रय सिंघल, बीडीपीओ नरेश शर्मा, एलडीएम ओमप्रकाश, डीआईओ डीपी कुलश्रेष्ठ, रैडक्रॉस सचिव वाजिद अली, जिला बाल कल्याण अधिकारी सुरेखा डागर, जिला रोजगार अधिकारी शक्तिपाल भी मौजूद रहे। एडीसी ने कहा कि पहचान पत्र के तहत चिन्हित 1.80 लाख रुपये से कम वार्षिक आय वाले पलवल ब्लॉक से 234 पात्र लोगों को संदेश देकर बुलाया गया है। जिला प्रशासन ने एक ही छत के नीचे 19 विभागों की हेल्प डेस्क लगाकर सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई है। उन्होंने कहा कि पात्र व्यक्ति अपना फार्म भरकर सरकार की योजनाओं का लाभ उठा सकता है। योजना का लाभ लेने के लिए लाभार्थी को अपने दस्तावेज जमा कराने होंगे। दस्तावेजों की जांच के उपरांत बैंक द्वारा ऋण प्रदान किया जाएगा। जिसके माध्यम से व्यक्ति अपना व्यवसाय शुरू कर आर्थिक रूप से मजबूत बन सकते हैं।

उन्होंने बताया कि जिले में तीन मई से 13 मई तक विभिन्न स्थानों पर अंत्योदय मेले आयोजित किए जा रहे हैं। मेला की नोडल अधिकारी एवं एसडीएम शशि वसुंधरा ने बताया कि अंत्योदय की भावना से सरकार द्वारा अंत्योदय मेले लगाए जा रहे है। सरकार का लक्ष्य जरूरतमंद पात्र परिवारों की आय में बढ़ोतरी करना है। उन्होंने कहा कि मेले में पात्र लोगों को सरकार की योजनाओं के बारे में आवश्यक पूर्ण जानकारी दी गई है। अंत्योदय मेलों को लेकर पात्र परिवारों में भी उत्साह दिखाई दे रहा है। मेले में संबंधित विभिन्न 19 विभागों द्वारा अपने स्टॉल स्थापित कर लाभार्थियों को अपने-अपने विभाग की योजनाओं की जानकारी दी।

अंत्योदय मेले में हरियाणा अनुसूचित जातियां वित्तीय एवं विकास निगम, रैडक्रॉस सोसायटी, हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद, हरियाणा महिला विकास निगम, हरियाणा कौशल विकास मिशन, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम निदेशालय, सीएससी ई गवर्नेंस सर्विसेज, शहरी स्थानीय निकाय विभाग, रोजगार विभाग, मत्स्य पालन विभाग, पशुपालन एवं डेयरी विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, उद्यान विभाग, हरियाणा पिछडे वर्ग एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग कल्याण विभाग, हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, हरियाणा डेयरी विकास सहकारी प्रसंघ लिमिटेड, हरियाणा एग्रो इंडस्ट्रीज कॉरपोरेशन लिमिटेड, विकास एवं पंचायत विभाग के अधिकारियों ने स्टॉलों पर मौजूद रहकर मेले में योजनाओं का लाभ उठाने आए पात्र परिवारों को अपने-अपने विभाग तथा बैंक द्वारा प्रदान की जारी योजनाओं, अनुदान व ऋण की जानकारी दी।

पूर्व उद्योग मंत्री विपुल गोयल ने मुख्यमंत्री को दी जन्मदिन की बधाई

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

मुख्यमंत्री मनोहर लाल के 70वें जन्मदिन को उनके कार्यकर्ताओं द्वारा बड़ी धूमधाम से प्रदेश में कई जगहों पर मनाया गया।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल के जन्मदिन के मौके पर शुक्रवार को संत कबीर कुटीर में बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता ही उनका परिवार है और उनका जीवन समस्त हरियाणा वासियों को समर्पित है। मुख्यमंत्री को उनके जन्मदिन पर योग गुरु स्वामी रामदेव, गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद, महामंडलेश्वर स्वामी धर्मदेव, अलवर से सांसद बाबा बालकनाथ सहित देश प्रदेश से आए साधु संतों ने आशीर्वाद दिया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर युवाओं को तोहफा देते हुए कौशल रोजगार निगम के माध्यम से एक क्लिक से 896 युवाओं को नौकरी के ऑफर लेटर भेजे।

साथ ही उन्होंने अनाथ बच्चों के कल्याणार्थ हरियाणा बाल कल्याण परिषद को दो करोड़ रुपये की राशि प्रदान करने की घोषणा की। इस मौके पर पूर्व चेयरमैन मार्केट कमेटी पंडित मुकेश शास्त्री, राज कुमार राज वरिष्ठ नेता, अजय सोनी उर्फ टीटू, मनीष राघव एडवोकेट, सीमा भारद्वाज, सुंदर सिंह मिलहार्ड कॉलोनी से अस्पताल का स्टाफ व अन्य लोग मौजूद थे।

मुख्यमंत्री को बधाई देते पूर्व उद्योग मंत्री विपुल गोयल।

मणिपुर में हिंसा

पहचान की राजनीति

मणिपुर में अप्रत्याशित व भयानक हिंसा के कारण सेना को हिंसा-प्रभावित क्षेत्रों में फ्लैग मार्च करना पड़ा है। यह आरक्षण की मांगों से जुड़ी 'पहचान की राजनीति' का एक और दु:खद परिणाम है। सामाजिक न्याय की विचारधारा अपरिहार्य रूप से अतार्किक मांगों व मणिपुर जैसी स्थितियों को जन्म देती है। अधिकारियों की प्रतिक्रिया ऐसे मामलों में परंपरागत कार्रवाई की तरह है। मणिपुर के आठ जिलों में कर्फ्यू लगाया गया है, राज्य में मोबाइल इंटरनेट सेवा स्थगित कर दी गई है तथा सेना व अर्धसैनिक बलों को स्थिति पर नियंत्रण के लिए बुलाया गया है। प्रख्यात मुक्केबाज मैरी कॉम ने इस घटना से आहत होकर सोशल मीडिया पर अपने राज्य में शांति बनाए रखने की भावनात्मक अपील की है। यह टकराव थम सकता है, लेकिन इसका कारण बनी भड़काऊ सामग्री रातोंरात गायब नहीं हो जाएगी। यह सामग्री एक खतरनाक विचारधारा-'सामाजिक न्याय की विचारधारा' से पैदा भ्रम से उभरी है। मणिपुर में बहुसंख्यक मैती पिछले 10 साल से अपना नाम अनुसूचित जनजातियों-एसटी की सूची में शामिल करने की मांग कर रहे थे, पर सरकार यह मांग पूरी करने में सक्षम नहीं थी। लोकतंत्र में बहुत स्वाभाविक रूप से हर समूह को अपना दृष्टिकोण और मांगें रखने का अधिकार है, लेकिन समस्या तब होती है जब जब एक समुदाय को आरक्षण किसी दूसरे समुदाय की कीमत पर दिया जाता है। कुछ समय पहले राजस्थान में भी ऐसी ही स्थिति पैदा हुई थी, जब गुज्जरों ने आरक्षण की मांग की थी और मीणा इसका विरोध कर रहे थे। उनको लगता था कि

गुज्जरों की मांग मानने से शिक्षा संस्थानों में प्रवेश तथा नौकरियां प्राप्त करने में उनकी संभावनायें घटेंगी। हालांकि, मणिपुर सरकार ने कोई प्रतिबद्धता नहीं दिखाई थी, पर कुछ सप्ताह पहले मणिपुर उच्च न्यायालय ने सरकार को चार सप्ताह के भीतर इस समुदाय द्वारा समावेशन की मांग मानने तथा केन्द्र सरकार को इस पर विचार की संस्तुति करने का निर्देश दिया।

आश्चर्य नहीं कि आदिवासी छात्र यूनियनें इस घटनाक्रम से संतुष्ट नहीं हैं। उनका कहना है कि मैतियों को अनुसूचित जनजाति-एसटी का दर्जा प्रदान करना आदिवासियों को आरक्षण की भावना के विपरीत है। इससे राज्य और केन्द्र सरकार के सामने कठिन स्थिति पैदा हो गई है। यदि वे एसटी दर्जे की मैतियों की मांग मान लेते हैं तो आदिवासी गुस्सा होंगे, लेकिन यदि वे इसे नहीं मानते हैं तो राज्य में बहुसंख्यक समुदाय का समर्थन खो देंगे। इस मुद्दे ने भावनाओं को भड़का दिया है। मणिपुर के विभिन्न भागों से सांप्रदायिक टकराव की खबरें आई हैं। मंगलवार को आल ट्राइबल स्टूडेंट्स यूनियन मणिपुर-एटसम द्वारा आयोजित बड़ी रैली हिंसक हो गई। एक अधिकारी ने पीटीआई को बताया, 'अब तक 4,000 से अधिक लोगों को हिंसाग्रस्त क्षेत्रों से निकाला गया है, उनको शरण दी गई है तथा और अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा जा रहा है।' केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मुख्यमंत्री से बात कर स्थिति का आंकलन किया है। इस समय राज्य के राजनेताओं, समुदायों के नेताओं तथा अन्य लोगों को एकसाथ बैठ कर ऐसा रास्ता निकालना चाहिए जिससे तार्किक व शांतिपूर्ण ढंग से मामले का निपटारा हो सके। इसके लिए लेन-देन की लोकतांत्रिक परंपरा का पालन करना होगा। भड़काऊ भाषण देने, नए नारे गढ़ने तथा अतार्किक मांगें करने से सबको नुकसान होगा तथा सामान्य स्थिति बहाल नहीं होगी। राज्य में विकास के लिए सामान्य स्थिति बहाल होनी जरूरी है, हालांकि केवल इतना ही काफी नहीं है। केवल तेज व व्यापक विकास के परिणामस्वरूप ही सबको खुश रखना संभव होगा।

आनन्द के लिए टैगोर की शिक्षा

रवीन्द्रनाथ टैगोर के शिक्षा दर्शन को आधुनिक शिक्षा नीति निर्माताओं ने स्वीकार किया है। इससे बच्चों को आनन्द व प्रसन्नता मिलती है।

जे.एस. राजपूत
(लेखक, सेवानिवृत्त प्रोफेसर हैं)



गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर का भारत के अधिकांश बुद्धिजीवी अत्यधिक सम्मान करते हैं। उनको राष्ट्रगान के रचयिता तथा 1913 में 'गीतांजलि' में कविताओं के लिए नोबेल पुरस्कार विजेता के रूप में जाना जाता है। इस तथ्य से उनका सम्मान और बढ़ जाता है कि वे बांग्लादेश के राष्ट्रगान के भी रचयिता हैं। श्रीलंका का राष्ट्रगान भी शांति निकेतन में उनके शिष्य आनन्द समराकून द्वारा रचित है। यह शब्दों, संगीत व विचार पर टैगोर के प्रभाव का स्पष्ट संकेत है। टैगोर को न केवल साहित्य के लिए नोबेल पुरस्कार मिला, बल्कि संगीत, चित्रकला, शिक्षा, सामाजिक सुधार व स्वतंत्रता संग्राम में भी उनका योगदान सर्वोच्च स्तर का है। बीसवीं शताब्दी के प्रारम्भ में उन्होंने अपनी दूरदर्शिता से अनुमान लगा लिया था कि औद्योगीकरण की वृद्धि से मनुष्य के प्रकृति से संबंध अत्यधिक असंतुलित हो जाएंगे। उन्होंने कहा था कि आधुनिकीकरण 'सैन्यवाद' को जन्म देगा जो मानवजाति को युद्धों व हिंसा में धकेल देगा। चारों ओर फैली हिंसा तथा हृदयहीन टकराव राष्ट्रीय सीमाओं के पास चले जाएंगे। प्रथम विश्वयुद्ध के दिनों से ही ऐसी स्थिति बनने के संकेत मिलने लगे थे। द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद पूरी मानवजाति का ध्यान इस ओर आकृष्ट हुआ, लेकिन आज सबको स्पष्ट है कि इस समस्या की ओर समुचित व आवश्यकतानुसार ध्यान नहीं दिया गया।

टैगोर के विचारों, दृष्टिकोण व दर्शन पर ध्यान देने से स्पष्ट हो जाता है कि उन्होंने बाहरी जीवन तथा आंतरिक जीवन व आध्यात्मिक आयामों पर कितनी गहराई से विचार किया था। यह शिक्षा, कविताओं, चित्रकला तथा गीतों के माध्यम से उनकी अभिव्यक्तियों एवं उनके द्वारा सृजित महान संस्थान 'शांति निकेतन' से स्पष्ट है। उनको पश्चिम में बढ़ रहे भौतिकवाद से बहुत चिन्ता थी और उनके विचार से यह 'विनाश के रास्ते की ओर झुकाव था।' अब सभी समझ गए हैं कि वे कितने दूरदर्शी थे। आज मानवता प्रदूषण, पेयजल संकट, पिघलते ग्लेशियरों, निर्वनीकरण, सूखती नदियों तथा अनेकानेक अन्य समस्याओं से ग्रस्त है। टैगोर का विश्वास था कि केवल विचारशील, स्वतंत्र व रचनाशील मस्तिष्क ही मनुष्य व प्रकृति के बीच संतुलन स्थापित कर सकते हैं। यही हमारे पृथ्वी ग्रह को बचाए रखने का एकमात्र मंत्र है। शांति निकेतन के पूर्व छात्र देवीप्रसाद ने लिखा है, 'रवीन्द्रनाथ के शैक्षिक दर्शन का उद्देश्य सामाजिक व प्राकृतिक परिवेश में सामंजस्य बनाए रखना है ताकि सबको अपने जीवन की शुरुआत से ही अपनी सभी रचनात्मक क्षमताओं के विकास का अवसर मिले।

उनकी योजना शिक्षा को ऐसा माध्यम बनाना था जिससे बच्चे के मन और शरीर का विकास प्रकृति की संगति में हो सके।' उन्होंने सभी लोगों के सामने स्पष्ट किया कि अपने कमरे और कुर्सी तक घंटों तक सीमित रहने वाले तथा खुली हवा में पेड़ों, पौधों, झाड़ियों, चिड़ियों तथा पालतू जानवरों के आसपास दौड़ लगाने वाले बच्चों के विकास में कितना अंतर होता है। वहां वे बचपन का आनन्द तथा अपने अस्तित्व की प्रसन्नता का अनुभव करते हैं तथा स्वयं सीखते हैं। बच्चों को प्रकृति से दूर रखने का अर्थ उनको प्रकृति से सीखने तथा प्रकृति के प्रति संवेदना से वंचित रखना है। इसके परिणामस्वरूप अपरिहार्य रूप से अविश्वास, लालच, अनावश्यक संग्रह की प्रवृत्ति पैदा होती है तथा प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी नहीं विकसित होती है।

इस समस्या का समाधान बिना अनावश्यक नियंत्रणों के हर बच्चे का प्राकृतिक परिवेश में विकास है। प्रकृति में स्वतंत्र रहने पर बच्चे प्रसन्न होते हैं। संक्षेप में व्यक्तित्व पर समुचित ध्यान दिया जाना चाहिए। प्रकृति के साथ परंपरागत संबंध बने रहने पर मनुष्य को पर्यावरण की उन समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ेगा जो वर्तमान में असाधारण लग रही हैं। टैगोर ने आजकल के स्कूलों को पिंजड़ा या जेल माना था जिनमें बच्चों को संगठित अत्याचारों का सामना करना पड़ता है। उनकी समझ से माता-पिता को बच्चों को प्रसन्नता देनी चाहिए तथा स्वतंत्रता व आनन्द शिक्षा की मूल शर्त है। यही उनके स्कूल का मूल उद्देश्य था। स्वामी विवेकानंद ने हमें सिखाया है कि 'शिक्षा उस संपूर्णता की अभिव्यक्ति है जो मनुष्य में पहले से विद्यमान है।'

टैगोर ने 'आश्रमेर शिक्षा' में कहा है, 'ईश्वर स्वयं अपनी रचनाओं में स्वतंत्रता देखता है और जब यह प्रकृति पूरी होती है तो मानव जाति अपनी दुनिया स्वयं बनाती है जहां उनको स्वतंत्रता मिलती है।' इस प्रकार जिज्ञासा, कल्पना, विचार एवं रचनात्मकता वास्तव में ईश्वरीय गुण हैं तथा धरती के हर मनुष्य को बिना किसी भेदभाव के ये सभी प्रचुर मात्रा में मिलते हैं। इनको बिना किसी बाधा के फलने-फूलने का अवसर मिलना चाहिए। लेकिन आधुनिक शिक्षा व्यवस्था ठीक इसका उल्टा करती है। रचनात्मक भावना के विकास हेतु पहली शर्त अबाध अभिव्यक्ति है। इससे बौद्धिक प्रयास, रचनात्मक गतिविधियों, कला, सौंदर्यशास्त्र व साहित्य का क्रांतिकारी विकास होगा। प्राचीन गुरुकुल व्यवस्था में मानव-प्रकृति संबंध समुचित रूप से विकसित होते थे। सदा सतर्क तथा प्रसन्न समुदाय अपनी मूल बौद्धिकता के साथ मानवीय गतिविधियों के रचनात्मक क्षेत्रों की खोज करता है। अल्बर्ट आइन्स्टाइन ने कहा था, 'मैं रोज सौ बार स्वयं को याद दिलाता हूं कि मेरा आंतरिक व वाह्य जीवन अन्य जीवित व मृत मनुष्यों की देन है और मुझे कुछ स्तर तक उसे देने को प्रयास करना चाहिए जो मैंने प्राप्त किया है और अब भी प्राप्त कर रहा हूं।'

हम सभी जानते हैं कि इस ग्रह पर हमारा अस्तित्व उस संवेदनशील रज्जु से बंधा है जो मानवजाति को प्रकृति से तथा हमारी अपनी परंपराओं व ज्ञान की खोज से आंतरिक व वाह्य रूप से जुड़ा है। दुनिया भर की शिक्षा व्यवस्था को नीतिगत तथा क्रियान्वयन के स्तर पर याद रखना चाहिए कि 'प्रकृति से अलग की गई शिक्षा ने बच्चों को अपूरणीय नुकसान पहुंचाया है।' इसके परिणामस्वरूप पूरी मानवता को नुकसान हुआ है।

टैगोर के शिक्षा दर्शन को आधुनिक शिक्षा नीति निर्माताओं ने स्वीकार किया है। शिक्षा माध्यम के रूप में टैगोर द्वारा मातृभाषा पर जोर देना विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। उन्होंने उस समय शिक्षा व्यवस्था में प्रचलित इस विचार का भारी विरोध किया था कि स्कूली शिक्षा के पहले दिन से ही अंग्रेजी को अनिवार्य करना चाहिए तथा हाईस्कूल से विश्वविद्यालयी शिक्षा तक इसे शिक्षा का माध्यम होना चाहिए। इसने बहुसंख्य लोगों को विशिष्ट लोगों से अलग किया था जो अंग्रेजी पढ़ना तथा भारत में या विदेशों में अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा प्राप्त कर सकते थे। अंग्रेजी सीखना स्कूलों से ड्रापआउट का बड़ा कारण रहा है। वर्तमान समय में भी इससे अंग्रेजी में कमजोर समझे जाने वालों में काफी हतोत्साहन होता है।

अंग्रेजी सीखने या अंग्रेजी माध्यम से पढ़ने ने स्कूल परिवेश को बहुसंख्य बच्चों के लिए पूर्णत: विजातीय बना दिया है। यदि भारतीय शिक्षा व्यवस्था में गुणवत्ता को प्रमुखत: महत्व देना हो तो ऐसे माता-पिता की इच्छाओं पर गौर करना होगा जो भारी फीस लेने वाले प्राइवेट स्कूलों में अपने बच्चों का दाखिला नहीं करा पाते हैं। विडंबना है कि इनको 'पब्लिक स्कूल' कहा जाता है। टैगोर ने घर और सीखने के परिवेश में सामंजस्य को उच्च प्राथमिकता दी है। वे स्वतंत्रता की पैरवी करते हैं, पर यह अनुशासन, चरित्र निर्माण तथा मूल्यों के प्रति झुकाव की कीमत पर नहीं है। लेकिन दुर्भाग्य से लगातार बढ़ती शहरीकरण की अवधारणा के कारण यह दृष्टिकोण अधिकाधिक कल्पना व भ्रम बनता जा रहा है।

नई शिक्षा नीति का क्रियान्वयन करने के जिम्मेदार लोग गुरुदेव के शिक्षा दर्शन से बहुत कुछ सीख सकते हैं। हमें पूरी सावधानी से यह उल्लेख अवश्य करना चाहिए कि विश्व भारती उन विचारों, परिकल्पनाओं व दृष्टिकोण का प्रतिबिंब है जिनको जीवन्त यथार्थ में बदला गया। हमें उम्मीद करनी चाहिए कि यह एक बार फिर अपनी विश्वसनीयता प्राप्त करेगी तथा उन सभी लोगों को प्रसन्नता प्रदान करेगी जो गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर का अत्यधिक सम्मान करते हैं।

भारत के पास जी-20 और एससीओ की अध्यक्षता

> लेकिन यह भारत के लिए एक कठिन रास्ता है क्योंकि उसे रास्ते में बाधाएं पैदा करने वाले चीन से निपटना होगा।

कुमारदीप बनर्जी
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)

शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के विदेश मंत्री की बैठक के लिए चीनी विदेश मंत्री किन गैंग इस सप्ताह भारत में थे। विदेश मंत्री के रूप में यह उनकी दूसरी भारत यात्रा है, मार्च में जी20 विदेश मंत्री की बैठक में भाग लेने वाली पहली यात्रा है। जैसा कि अपेक्षित था, चीन ने भारत के साथ द्विपक्षीय संबंधों में सामान्य स्थिति पर जोर दिया, हालांकि भारतीय पक्ष ने मुखर रूप से असहमति जताई और सीमा की स्थिति सामान्य के करीब होने पर एक तीखी बात कही। यह याद किया जा सकता है कि चीनी रक्षा मंत्री ली शांगफू एससीओ के रक्षा मंत्री की बैठक में भाग लेने के लिए पिछले सप्ताह नई दिल्ली में थे, जहां उन्होंने सीमा स्थिति की कहानी में सामान्य स्थिति को दोहराया था। हालाँकि, भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक कड़े संदेश में, सीमा की स्थिति, और चीन द्वारा मौजूदा संप्रभु समझौतों के एकतरफा उल्लंघन को दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों के केंद्रीय टुकड़े के रूप में रखा। उन्होंने आगे जाकर द्विपक्षीय में किसी भी प्रकार की सामान्य स्थिति को बहाल करने के लिए महत्वपूर्ण मानदंड होने के लिए दोनों पक्षों की सेनाओं के विघटन का सुझाव दिया।

उनके चीनी समकक्ष ने भारत को दीर्घकालिक दृष्टिकोण लेने और समग्र द्विपक्षीय में एक उपयुक्त स्थान पर सीमा मुद्दे रखने का सुझाव देते हुए स्थिति को कम कर दिया। संदेश स्पष्ट था, भारत और चीन अपनी द्विपक्षीय यात्राओं में मीलों दूर चले गए हैं। चीनी राज्य के स्वामित्व वाली मीडिया ने ली शांगफू के बयान को स्थिर सीमा स्थिति बताया। भारतीय दर्शकों और शायद दुनिया के बाकी हिस्सों के लिए, सच्चाई से परे कुछ भी नहीं हो सकता है। भारत और चीन के शीर्ष सैन्य नेतृत्व ने एससीओ के रक्षा मंत्री की बैठक के क्रम

में अठारहवीं बार मुलाकात की, जिसका कोई महत्वपूर्ण परिणाम नहीं निकला। कोर कमांडरों की बैठक के 18वें दौर के बाद जारी विदेश मंत्रालय के संक्षिप्त प्रेस बयान में कहा गया है, दोनों पक्षों ने पश्चिमी क्षेत्र में एलएसी के साथ प्रासंगिक मुद्दों के समाधान पर एक स्पष्ट और गहन चर्चा की ताकि स्थिति को बहाल किया जा सके। सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और शांति, जो द्विपक्षीय संबंधों में प्रगति को सक्षम बनाएगी। बाद में विदेश मंत्री, एस जयशंकर ने भारत-चीन संबंधों को असामान्य बताया और सुझाव दिया कि यह भारत की वर्तमान विदेश नीति के ताने-बाने के खिलाफ जाता है, जो सभी देशों के साथ मधुर संबंध बनाने की दिशा में अधिक है, चीन के दृष्टिकोण का एक तिरछा संदर्भ कूटनीति।

सीमा पर सामान्य स्थिति पर चीन की बयानबाजी एक कॉपीबुक एजेंडा-पुश सिद्धांत है, यह एकतरफा और बलपूर्वक अपनी संप्रभुता को बदलने की कोशिश करते हुए कई देशों के साथ अभ्यास किया गया है। यह आर्थिक दबाव का रूप ले लेता है, जो महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए अपारदर्शी, बाध्यकारी वित्तीय ऋण से शुरू होता है, जिससे छोटी अर्थव्यवस्थाओं के लिए कर्ज का जाल बन जाता है, जिसके परिणामस्वरूप चीनी राज्य-नियंत्रित फर्मों द्वारा महत्वपूर्ण रणनीतिक संपत्तियों का पूर्ण अधिग्रहण हो जाता है। चीनी राज्य के स्वामित्व वाले चाइना मर्चेंट्स ग्रुप ने हाल ही में 391 मिलियन डॉलर के निवेश के साथ श्रीलंका के कोलंबो बंदरगाह में सबसे बड़ा रसद केंद्र बनाने की घोषणा की है। यह याद किया जा सकता है कि चीन पहले से ही श्रीलंका के हंबनटोटा बंदरगाह का मालिक है, जिसकी भारतीय महत्वपूर्ण परमाणु साइटों से निकटता एक बड़ी चिंता है। प्लेबुक चीन को निर्देशित करती है, और संप्रभु के आर्थिक, और भौगोलिक रिक्त स्थान, संदर्भ बिंदुओं को बदलते हुए और फिर बदले हुए चीनी सहूलियत बिंदु से राष्ट्रों के साथ बातचीत करके वृद्धिशील प्रगति करती है। भारत के साथ सीमा मुद्दों पर स्थिरता पर चीन की हालिया कहानी उसी प्लेबुक में फिट बैठती है।

हालांकि, भारत जो वर्ष के लिए एससीओ और जी20 की अध्यक्षता रखता है, सही संतुलन बनाने के लिए सावधानी से आगे बढ़ रहा है। यह जानता है कि चीन से संबंधित अधिकांश विवादों पर उसे अभी अमेरिका का समर्थन प्राप्त है, हालांकि, यह रूस के साथ मधुर संबंध बनाए रखना जारी रखता है, जिसे अब अंतरराष्ट्रीय हलकों में चीन की छाया के रूप में देखा जा रहा है। आगे चीनी प्रीमियर जुलाई में एससीओ नेताओं की बैठक में भाग लेने के लिए भारत में होने की उम्मीद है और सितंबर में जी20 नेताओं के शिखर सम्मेलन के लिए वापस आ सकते हैं। ये भारत के लिए चलने के लिए कठिन बाधाएं हैं।

आप की बात

पाकिस्तान में अल्पसंख्यक

पाकिस्तानी कहते हैं कि हमारा देश अब बदल गया है एवं यहां आजकल सभी धर्मों के साथ बेहतर और शालीन व्यवहार किया जाता है एवं सभी अल्पसंख्यकों के अधिकार सुरक्षित हैं। लेकिन यह सब झूठ है। आज भी वहां हिंदू सुरक्षित नहीं है। पिछले दिनों सिंध प्रांत में एक मुठभेड़ के दौरान वहां एक हिंदू लड़के की हत्या कर दी गई। कहते हैं कि एक पुलिस अधिकारी ने हिंदू होने के कारण ही उस लड़के को गोली मार दी। जब वहां की पाठ्य पुस्तकों में ही हिंदू अल्पसंख्यकों के प्रति अपशब्द और अभद्रता की भाषा लिखी हुई है तब पाकिस्तान में हिंदू कैसे सुरक्षित हो सकते हैं। बचपन से ही वहां पर हिंदुओं से नफरत करने का पाठ सिखाया जाता है जो कहीं से भी उचित नहीं है। आज के समय में पाकिस्तान में अल्पसंख्यक कतई सुरक्षित नहीं है। इसके विपरीत भारत में मुस्लिम, सिख, ईसाई आदि धर्मों का पालन करने वाले न केवल सुरक्षित हैं बल्कि उनके सारे मानवीय, कानूनी व संवैधानिक अधिकार भी हर तरह से सुरक्षित है। इसी कारण जहां पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों की संख्या लगातार घटी है, वहीं भारत में मुसलमानों समेत सभी अल्पसंख्यकों की संख्या काफी बढ़ी है और वे हिंदुओं की तरह ही फल-फूल रहे हैं।

– **मनमोहन राजावत,** शाजापुर

नशे की लत

समाजशास्त्रियों ने एक अध्ययन में खुलासा किया है कि अगले एक दशक में 10 से 18 वर्ष आयुवर्ग के किशोर बड़ी संख्या में नशे और ड्रग्स के आदी हो जाएंगे। नशे के इस घृणित व्यापार में आतंकवादी और पाकिस्तान जैसे दुश्मन सक्रिय रुप से सहयोग कर रहे हैं। वे जब आतंकियों को पैसा नहीं भेज पाते हैं तो ड्रग्स की खेप भेज देते हैं जिसे बेचकर यह लोग आतंकवाद फैलाने के लिए धन एकत्र कर लेते हैं। इस तरह भारत पर दोहरा वार हो जाता है। युवा नशे की लत में पड़ते हैं और देश आतंकवादियों को भुगतना है। हमारे देश में ड्रग्स के खिलाफ बहुत ही सख्त नियम लागू है। इसके बावजूद इनका बड़े पैमाने पर व्यापार और पान की दुकानों तक इनकी उपलब्धता वर्तमान तंत्र की नाकामी को प्रकट करती है। ड्रग्स के आदी किशोरों-युवकों की हालत यह है कि वह कहीं भी चोरी कर लेते हैं, बात-बात पर लड़ने-मरने को उतारू हो जाते हैं और ड्रग्स के एवज में कुछ भी अपराध करने को तैयार हो जाते हैं। सरकार के साथ-साथ परिवार और धर्मगुरुओं को भी नशाखोरी के खिलाफ सक्रिय अभियान चलाना चाहिए।

– **विभूति बुपक्या,** खाचरोद

सौंदर्य के मानक

लोगों के मन पर खूबसूरती संबंधी भ्रामक मानक हावी हो गए हैं। जरा सा भी बदलाव शरीर में आने से लोगों की हंसी-खुशी छिन जाती है। वैसे तो हर किसी को अपनी खूबसूरती पर नाज़ होता है और वो चाहता है कि सबसे अलग दिखे व अच्छा दिखे। लेकिन हम ये क्यों भूल जाते हैं कि उम्र के साथ-साथ शरीर में भी बदलाव आते हैं। अब यदि नौजवान जैसा चेहरा अगर आप बुढ़ापे में भी चाहते हैं, तब ये ख्वाहिश नहीं पूरी हो सकती। सुंदरता के मानकों के पीछे फैशन उद्योग तथा कास्मेटिक सर्जनों, आदि का बड़ा हाथ है। यह उद्योग लोगों को अपनी गाढ़ी कमाई का पैसा सौंदर्य प्रसाधनों तथा शरीर को सुंदर बनाने के लिए सर्जरी तक पर खर्च करने को प्रेरित करता है। कुछ साल पहले तक गोरा बनाने वाली क्रीमों का धंधा बहुत तेजी से बढ़ रहा था, पर महिला आंदोलनकारियों ने इस प्रकार के सौंदर्य मानकों का विरोध किया। इसके परिणामस्वरूप आज अश्वेत व कम गोरी तथा वृद्ध व थोड़ी मोटी महिलाओं में भी आत्मविश्वास आया है और वे सौंदर्य के संकुचित मानकों का विरोध कर रही हैं। जनता तक यह जागरूकता फैलाने व उनमें विश्वास पैदा करने की जरूरत है।

– **सृष्टि मौर्य,** फरीदाबाद

कैपिटाल हिल हिंसा

भारत ही नहीं एशिया के प्रथम नोबेल पुरस्कार से सम्मानित महान कवि, दार्शनिक व साहित्यकार रवीन्द्र नाथ टैगोर ने द्वितीय विश्वयुद्ध के समय अंध-राष्ट्रवाद के लिये सही बात कही थी। उन्होंने कहा था कि राष्ट्रवाद बुराई की एक क्रूर महामारी है जो वर्तमान युग की मानव दुनिया में व्यापक है। पूरी दुनिया में अति-राष्ट्रवाद या अंध-राष्ट्रवाद लोगों को हिंसक बनाता है, उनसे हमले करवाता है तथा उनको दूसरे का दुश्मन बनाता है। इसी के कारण दुनिया के सबसे पुराने माने जाने वाले लोकतंत्र अमेरिका के कैपिटल हिल में तोड़फोड़ हुई थी जो उस देश के लिए भयावह घटना थी। आखिरकार प्राउड बॉयज नामक उग्र राष्ट्रवादी गुट के 5 सदस्यों को आगजनी फैलाने व तोड़फोड़ का दोषी पाया है। इन्हें आजीवन जेल में ही रहना पड़ेगा। आशा करनी चाहिए कि कैपिटाल हिल हिंसा के अन्य दोषियों को भी सजा मिलेगी। पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को इस घटना का जिम्मेदार माना जाता है। देखना होगा कि क्या अमेरिकी अदालतें अपने पूर्व-राष्ट्रपति को भी सजा देंगी?

– **जंगबहादुर सिंह,** जमशेदपुर

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
responsemail.hindipioneer@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

सपा-लोकदल का गठबंधन अराजकतावादी: योगी

● सीएम ने मेरठ में जनसभा कर भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में की मतदान की अपील

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ मेरठ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 10 मई प्रथम स्वातंत्रत्य समर की पावन तिथि है। इसे हम क्रांति दिवस के रूप में मनाते हैं। 11 मई को आपको नगर निकाय चुनाव में भागीदार बनना है। आपका एक वोट नई क्रांति को जन्म देने का है। यह क्रांति सुशासन, विकास और राष्ट्रवाद की होगी। मेरठ में सपा-बसपा, लोकदल व कांग्रेस ने सोतीगंज की कालिख दी थी। जब आपकी अपनी सरकार आई तो सोतीगंज का कलंक समाप्त हुआ। आज मेरठ में शांति व सौहार्द है। सपा-लोकदल का गठबंधन अवसरवादी व अराजकतावादी है। अराजकता की जड़ पर जब मट्ठा डालने का कार्य किया जा रहा है तो इन्हें परेशानी हो रही है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को मेरठ के जिमखाना मैदान में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों के पक्ष में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। सीएम ने कहा कि 2017 में भी मेरठ नगर निगम का भाजपा बोर्ड बना होता तो मेरठ भी नई आभा के साथ बढ़ रहा होता। हमने पैसे की कमी आड़े नहीं आने दी लेकिन पैसे का सही उपयोग अत्यंत आवश्यक है। आज मेरठ व यूपी नई विकास के दौर से गुजर रहा है। यूपी की पहचान सुशासन, विकास की सकारात्मक सोच व राष्ट्रवाद के आधार पर बन रही है। यूपी में अब कर्फ्यू के लिए कोई जगह नहीं है। कांवड़ यात्रा यूपी की पहचान बन रही है। सीएम ने कहा कि विकास के पथ पर नित नए प्रतिमान स्थापित करने के लिए यूपी ने छलांग लगाई है। 2014 के पहले दुनिया की धारणा अलग थी। अब धारणा बदली है। लोग भारत के बारे में अब सकारात्मक भाव रखते हैं। कोई सोचता था मेरठ को दिल्ली से जोड़ने के लिए 12 लेन हाइवे एक्सप्रेस-वे समय से बनकर तैयार हो जाएगा। छह वर्ष पहले यह दूरी 4 घंटे में पूरी होती थी, आज 45 मिनट लगते हैं। अगले महीने दिल्ली से मेरठ के बीच रैपिड रेल प्रारंभ होने जा रही है। यह यात्रा को और आसान करेगी। मेरठ से प्रयागराज की दूरी 16 घंटे में तय होती है पर दो वर्ष में आप छह घंटे में गंगा एक्सप्रेस-वे से पहुंच जाएंगे।

सीएम ने कहा कि एक तरफयहां का परंपरागत उद्यम खेल उत्पाद ओडीओपी के जरिए दुनिया में छा रहा है। लोगों को काम और मेरठ को पहचान मिल रही है। 2017 के पहले सोतीगंज सपा-बसपा व लोकदल की पहचान है। अब ओडीओपी पहचान है। मेरठ में प्रदेश का पहला खेल विश्वविद्यालय स्थापित होने जा रहा है। 1857 के प्रथम स्वाधीनता समर में कोतवाल धन सिंह गुर्जर के नेतृत्व में क्रांति की ज्वाला प्रज्वलित हुई थी। उसी का परिणाम है कि देश 1947 में आजाद होता है। यहां के पुलिस ट्रेनिंग स्कूल को आधुनिक स्वरूप देकर उसका नाम भी धन सिंह के नाम पर रखा।

जनता पूरी तरह सुरक्षित पर परिवारवादी व तमंचावादी परेशान: सीएम

● योगी ने हापुड़ में किया चुनाव जनसभा को संबोधित

लखनऊ/हापुड। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश की जनता पूरी तरह से सुरक्षित है लेकिन परिवारवादी और तमंचावादी परेशान हैं। विकास की सकारात्मक सोच के साथ उत्तर प्रदेश की तस्वीर बदल गई है। नगर पालिका व नगर पंचायतों के अध्यक्ष के साथ सभासद उम्मीदवारों को भी जिताएं। विकास के लिए पैसे की कमी नहीं आने दी जाएगी। स्थानीय आवश्यकताओं की पूर्ति नगर निकाय करेंगे। नगर स्वस्थ, स्वच्छ व सुंदर बनेंगे। मुख्यमंत्री शुक्रवार को हापुड़ नगर के एसएसवी इंटर कॉलेज के मैदान में चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप बदलते हुए भारत को देख रहे हैं। नौ वर्ष में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की पूरी तस्वीर बदल गई है। नए भारत के बारे में दुनिया की धारणा, दृष्टिकोण भी बदला है। आज भारत का नागरिक दुनिया में सम्मान की निगाहों से देखा जाता है। आज देश बाह्य और आंतरिक दृष्टि से सुरक्षित है। हाईवे, रेलवे, एयरपोर्ट, एम्स, आईआईटी, आईआईएम अन्य प्रतिष्ठित संस्थानों से नई पहचान बनी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि रैपिड रेल हापुड़ को भी जोड़ेगी। गंगा एक्सप्रेसवे हापुड़ को भी प्रयागराज से जोड़ेगी। इससे 15.16 घंटे की बजाय प्रयागराज मात्र छह घंटे में पहुंचा जा सकेगा। दिल्ली से मेरठ की दूरी को मात्र 45 मिनट में दूरी तय की जा सकती है। विकास के कार्यों के साथ ही गरीबों को सिर ढंकने के लिए दे दी गई है। शौचालय, आयुष्मान भारत का कार्ड, जनधर अकाउंट, गरीबों को नि:शुल्क राशन दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सारे कार्य आगे बढ़े हैं। 2017 के पहले का उत्तर प्रदेश पूरी तरह से दंगा प्रदेश था। त्योहार से पहले कर्फ्यू लग जाता था। आज यात्राएं निकल रही है। छह वर्ष में कोई दंगा नहीं हुआ। पेशेवर माफिया का हाल तो आप देख ही रहे हैं। उत्तर प्रदेश के बारे में लोगों की धारणा बदली है। इससे पहले युवा अपनी पहचान छुपाता था। आज सीना तानकर खुद को उत्तर प्रदेश का बताता है।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पूरे देश का पेट भरने की सामर्थ्य उत्तर प्रदेश रखता है। सूक्ष्म और लघु उद्योग बेरोजगारी दूर करने में आगे हैं। कोरोना की लड़ाई को उत्तर प्रदेश ने मजबूती से जीता। सरकार की सकारात्मक सोच से सब कुछ बदल जाता है। डबल इंजन सरकार की सोच से विकास आने में देर नहीं लगती है। लोगों के जीवन में शुभ ही शुभ दिखाई देता है। इस मंगल को आगे बढ़ाने के लिए मैं आया हूं। नगर निकायों के माध्यम से विकास परियोजनाएं आगे बढ़ती है। छह करोड़ की आबादी नगर निकायों में निवास करती है। 2017 से पहले नगर कूड़े के ढेर होते थे। गाजियाबाद आज देश के सुंदर शहरों में शुमार हो गया है। आज नगर कूड़े के ढेर नहीं, स्मार्ट सिटी बन रहे हैं। 2017 से पहले शोहदों का आतंक होता थाए अब शहर सेफ सिटी बन रही है। अब युवाओं के हाथों में तमंचा नहीं, टेबलेट पकड़ा रहे हैं। दो करोड़ युवाओं को टेबलेट दिए गए हैं। अपराधी व माफिया सिर झुकाकर चल रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश आगे बढ़ रहा है। पहले व्यापारी रंगदारी देता था, आज रंगदारी नहीं देता। व्यापारी को 10 लाख रुपए का व्यापारी सुरक्षा कवर दिया गया है। 2017 से पहले व्यापारी और अन्य नागरिक सिर झुकाकर चलता था। आज लोग सीना तानकर चलते हैं। अपराधी और माफिया सिर झुकाकर और गले में तख्ती लटका कर चलता है। यह विकास सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने से हुआ है।

आज शहरों में शोहदों का आतंक नहीं बल्कि सेफ सिटी के रूप में हो रही पहचान: मुख्यमंत्री

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गाजियाबाद के रामलीला मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए शुक्रवार को कहा कि आज उत्तर प्रदेश के शहरों में शोहदों का आतंक नहीं है बल्कि उनकी पहचान सेफ सिटी के रूप में हो रही है। पहले तमंचावादी युवाओं के हाथ में तमंचा थमा कर उनका भविष्य बर्बाद करते थे। हमारी सरकार युवाओं को टैबलेट देकर उनका भविष्य संवार रही है। सीएम योगी ने कहा कि ग्लोबल इन्वेटर्स समिट में 35 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इससे एक करोड़ से ज्यादा युवाओं को नौकरी और रोजगार मिलेगा। उन्होंने कहा कि जब-जब परिवारवादी लोग सत्ता में आते हैं, तमंचावादी हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि 2017 से पहले गाजियाबाद और पश्चिमी यूपी की हालत किसी से छिपी नहीं थी। बेटियां स्कूल जाने से डरती थीं, महिलाएं बाजार नहीं जा पाती थीं। व्यापारी वर्ग सिर झुका के इस डर के साथ व्यापार करता था कि कोई उनसे रंगदारी ना मांग ले। मगर आज परिस्थितियां बदल चुकी हैं। सीएम ने कहा कि सपा, बसपा के शासन में अराजकता का माहौल था। कोई हज हाउस, तो कोई कब्रिस्तान पर पैसा खर्च करता था। हमने गाजियाबाद में मानसरोवर भवन बनाया है। गाजियाबाद में पूर्वांचल और उत्तराखंड भवन का निर्माण कार्य भी तेजी से चल रहा है। गाजियाबाद में पुलिस रिफॉर्म के तहत पुलिस कमिश्नरेट प्रणाली को लागू किया गया है। गाजियाबाद म्युनिसिपल बोर्ड ने अपना बांड भी जारी किया है। वहीं बुलंदशहर में आयोजित जनसभा में मुख्यमंत्री ने कहा कि सपा, बसपा और लोकदल अवसरवादी और अराजकतावादी पार्टियां हैं। ये दंगे कराती हैं। डबल इंजन की सरकार में विगत छह वर्ष में एक भी दंगा नहीं हुआ। आज प्रदेश में शानदार तरीके कांवड़ यात्रा निकलती है। अब हमारे शहरों की पहचान गंदगी के ढेर के तौर पर नहीं बल्कि स्मार्ट सिटी के तौर पर हो रही है। सीएम योगी ने कहा कि बुलंदशहर का सौभाग्य है कि इस जनपद को मां गंगा और मां यमुना दोनों का बराबर सानिध्य प्राप्त होता है। आजादी के आंदोलन में अपने ऐतिहासिक पृष्ठभूमि के लिए या जनपद जाना जाता है। आज इस जनपद के पॉटरी उद्योग ने वैश्विक मंच पर अपनी अलग पहचान बनाई है। डबल इंजन की सरकार कल्याण सिंह के नाम पर बुलंदशहर में मेडिकल कॉलेज बनवा रही है।

● गाजियाबाद में विपक्ष पर जमकर हमलावर रहे सीएम योगी

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज भगवान बुद्ध की आज पावन जयंती है। दुनिया में जहां कहीं भी शांति-सौहार्द, करुणा व मैत्री की बात होती है। दुनिया भगवान बुद्ध की तरफ देखती है। उनका संदेश मानव कल्याण का मार्ग प्रशस्त कर सकता है। बुद्ध पूर्णिमा पर आपसे संवाद का सौभाग्य मिला। उनके संदेश को गांव-गांव, घर-घर पहुंचाने का कार्य हुआ। भगवान बुद्ध से जुड़े सर्वाधिक स्थल यूपी में हैं। पहला उपदेश उन्होंने सारनाथ में दिया। वहां सुंदरीकरण का कार्य हो रहा है। जिस श्रावस्ती में सर्वाधिक चातुर्मास व्यतीत किया, वहां नए एयरपोर्ट के निर्माण समेत समग्र विकास हो रहा है। कपिलवस्तु में जहां उनका बचपन व्यतीत हुआ, वहां का समग्र विकास का कार्य हो रहा। कौशांबी व संकिसा में भी पर्यटन की दृष्टि से समग्र विकास हो रहा है। भगवान महात्मा बुद्ध की परिनिर्वाण स्थली में दो वर्ष पहले पीएम मोदी ने अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का लोकार्पण किया है। कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के मंत्री धर्मपाल सिंह, दिनेश खटिक, डॉ. सोमेंद्र तोमर, सांसद राजेंद्र अग्रवाल, कांता कर्दम, नोएडा के विधायक पंकज सिंह, भाजपा के प्रदेश महामंत्री सुभाष यदुवंश, भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसौदिया आदि कई विधायक व पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे।

यूपी अब पहलवानों व खिलाड़ियों के दंगल के लिए जाना जाएगा: ठाकुर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

'खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स-2022' के लोगो, एंथम, जर्सी, मैस्कॉट तथा मशाल को लॉन्च के दौरान आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए केन्द्रीय युवा मामले तथा खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा शुरू किए गए खेलो इंडिया खेलो कार्यक्रम के माध्यम से खिलाड़ियों को तलाशने और तराशने का कार्य किया गया है। इन खिलाड़ियों ने देश के लिए मेडल जीतने का काम किया है। उत्तर प्रदेश प्रधानमंत्री तथा मुख्यमंत्री का प्रदेश है। राज्य में खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स का अब तक का सबसे बड़ा आयोजन होने जा रहा है।

उत्तर प्रदेश इस आयोजन के लिए पूरी तरह सक्षम है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश की छवि तेजी के साथ बदली है। कभी यह राज्य दंगों के लिए जाना जाता था, अब यह राज्य पहलवानों तथा खिलाड़ियों के दंगल के लिए जाना जाएगा। आने वाले समय में उत्तर प्रदेश देश को सर्वाधिक मेडल देने वाला राज्य बनेगा। मुख्यमंत्री ने राज्य में खेलों के विकास के लिए आधारभूत ढांचा खड़ा करने तथा खेल भावना को बढ़ावा देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि देश भर में एक हजार खेलो इंडिया सेन्टर बनाने जा रहे हैं। 15 अगस्त 2023 से पूर्व उत्तर प्रदेश के हर जिले में कम से कम एक खेलो इंडिया सेन्टर बनकर तैयार हो जाएगा।

प्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार गिरीश चन्द्र यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश उत्तम प्रदेश बन रहा है। उत्तर प्रदेश के लिए यह हर्ष का विषय है कि खेलो इण्डिया यूनिवर्सिटी गेम्स-2022 के तीसरे संस्करण का आयोजन राज्य के चार जनपदों तथा दिल्ली में हो रहा है। मुख्यमंत्री की प्रेरणा से प्रदेश में नई खेल नीति का निर्माण किया गया है। इसके माध्यम से प्रदेश में खेल इन्फ्रास्ट्रक्चर तथा खेल सुविधाओं को सुदृढ़ किया जा रहा है।

इस अवसर पर परिवहन राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दया शंकर सिंह, अपर मुख्य सचिव खेल एवं युवा कल्याण नवनीत सहगल, लखनऊ की मंडलायुक्त रोशन जैकब, खेल निदेशक आरपी सिंह, भारत सरकार व राज्य सरकार के खेल विभाग के अधिकारी तथा 200 विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधिगण तथा खिलाड़ी उपस्थित थे।

वादी व गवाहों में आधुनिक हथियारों से खौफ पैदा करता था अनिल दुजाना: अमिताभ यश

लखनऊ। एसटीएफ के एडीजी अमिताभ यश ने बीते बृहस्पतिवार को मुठभेड़ में मारे गए पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जघन्य अपराधी अनिल दुजाना के बारे में शुक्रवार को कहा कि वादी और गवाहों को धमकाना और उनके न मानने पर जानलेवा हमला और हत्या की वारदात करना इस अपराधी की आपराधिक गतिविधियों में शुमार था। जिस प्रकार से ऑटोमैटिक हथियारों से घटनाओं का अंजाम देता था उसको लेकर इसका जबरदस्त खौफथा। पुलिस मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए एडीजी एसटीएफ अमिताभ यश ने बताया कि अपने आधुनिक हथियारों से ही अनिल दुजाना आपराधिक घटनाएं कारित करता था। इसको लेकर लोगों में खौफ था। इस खौफ के चलत ही ये जेल के अंदर से भी अपने गैंग को संचालित करता था। एडीजी एसटीएफ ने बताया कि इस पर एसटीएफ द्वारा काफी समय से नजर रखी जा रही थी। बीते बृहस्पतिवार को वह कोई बड़ी घटना को अंजाम देने जा रहा था क्योंकि उसके पास से एडवांस वेपन (आधुनिक हथियार) व कारतूस बरामद हुए हैं, इससे यह स्पष्ट हो रहा है। अनिल दुजाना का 21 साल का आपराधिक इतिहास था। इसके ऊपर 65 से अधिक मुकदमे दर्ज थे। काफी संख्या में असलहे रहते थे। एटीजी एसटीएफ ने एक सवाल के जवाब में कहा कि माफिया अतीक अहमद की फरार चल रही पत्नी शाइस्ता परवीन की तलाश में जनपदीय पुलिस लगातार काम कर रही है। प्रयाग के आसपास इलाकों में दबिश दी जा रही हैं। गुड्डू बमबाज और शाइस्ता जल्द पुलिस की पकड़ में होंगे।

● एडीजी एसटीएफ ने कहा, जल्द पुलिस की गिरफ्त में होंगे शाइस्त व गुड्डू बमबाज

देश व समाज में नफरत फैलाने वाले संगठनों पर प्रतिबंध लगाना चाहिए: अखिलेश यादव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा राज में महंगाई, बेरोजगारी चरम पर है। विकास रुक गया है। उन्होंने कहा कि देश और समाज में नफरत फैलाने वाले संगठनों पर प्रतिबन्ध लगाना चाहिए। एक समय था जब सरदार वल्लभ भाई पटेल ने आरएसएस पर भी प्रतिबन्ध लगाया था। यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री को व्हीलचेयर का उपहास नहीं उड़ाना चाहिए। यह अमानवीय है। बहुत सारे बीमार लोग और बुजुर्ग व्हीलचेयर का प्रयोग करते हैं। भाजपा सरकार ने तो उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था को ही व्हीलचेयर पर पहुंचा दिया है। भाजपा को जनता के मुद्दों और समस्याओं से मतलब नहीं है। भाजपा की कार्यप्रणाली और नीतियों से जनता में भारी निराशा है। उत्तर प्रदेश की जनता भाजपा से निजात पाना चाहती है।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा भी समझ गई है कि लोग उसके कुशासन से त्रस्त है। जनता उसके खिलाफ वोट कर रही है। इसीलिए भाजपा पैसे और प्रशासन के बल पर धांधली कराने पर उतारू है। बेईमानी से लोकतंत्र पर कब्जा करना चाहती है। निकाय चुनाव में जगह जगह भाजपा के नेताओं ने जिस तरह का कारनामा किया उसको जनता ने देखा। उन्होंने कहा कि इससे पहले भाजपा ने विधान परिषद, जिला पंचायत अध्यक्ष और ब्लाक प्रमुख के चुनावों में प्रशासन और पैसे के बल पर बेईमानी की। अब फिर वही करना चाहती है लेकिन इस बार जनता ने भाजपा को सबक सिखाने का मन बना लिया है। अखिलेश यादव ने कहा कि लोगों को उम्मीदें समाजवादी पार्टी से है। जनता जानती है कि समाजवादी पार्टी ही विकास करेगी। समाजवादी पार्टी की सरकार ही नौजवानों को रोजगार देगीए छात्रों और युवाओं को लैपटॉप देगी। भाजपा ने विकास का कोई कार्य नहीं किया। समाजवादी पार्टी की सरकार के समय जो विकास कार्य हुए थे उसे भी भाजपा ने बर्बाद कर दिया।

प्रतिबंधित दवाओं का कारोबार करने वाले दो गिरफ्तार, 4270 इंजेक्शन बरामद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

एसटीएफ ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिबंधित व नशीली दवाओं का कारोबार करने वाले गिरोह के दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से 4270 प्रतिबंधित नशीले इंजेक्शन बरामद हुए। एसटीएफ को जानकारी प्राप्त हुई कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिबंधित व नशीली दवाओं का कारोबार करने वाले दो व्यक्ति काले रंग के साउंड बाक्स में प्रतिबंधित इन्जेक्शन रखें हैं और वे दोनों पांडेय पेट्रोल पम्प (निकट रेल म्युजियम) से पुराना रेलवे चौकी की तरफ जाने वाले रास्ते पर लगभग 50 मीटर पर खड़े हैं और उसे लेकर बहराइच के रास्ते नेपाल जाने के फिराक में हैं। इस सूचना पर एसटीएफ टीम द्वारा स्थानीय पुलिस के साथ पांडेय पेट्रोल पम्प के पास से सरफराज उर्फ बाबू निवासी नेपाल राष्ट्र एवं समीर अहमद अंसारी निवासी बलिया को गिरफ्तार किया। जिनके कब्जे से उपरोक्त बरामदगी हुई। सरफराज उर्फ बाबू एवं समीर अहमद अंसारी द्वारा साउंड बाक्स को लेटाकर नीचे से

खोलकर दिखाया गया तो उसमें इन्जेक्शन फ्वायल को टूटने से बचाने के लिये घरेलू प्रयोग के कपड़े, टीश्युफ ोम, इन्जेक्शन फ्वायल रखने वाले कवर आदि के बीच इन्जेक्शन रखे गए हैं। इनको हटाकर साउंड बाक्स के अंदर से दोनों व्यक्तियों ने काले रंग के पालीथीन में रखे इन्जेक्शन को बाहर निकाल कर दिखाया। इसमें अलग-अलग तरह के प्रतिबंधित इंजेक्शन बरामद हुए।

पूछताछ में समीर अहमद अंसारी ने बताया कि गुलरिया, बर्दिया नेपाल में मेरा एक मित्र शिवम है। शिवम ने भैया जी से मोबाइल से मेरी बात करायी थी और कहा था कि तुम रक्सौल और मोतिहारी चले जाओ और मुझे एक कागज की पर्ची पर सद्दाम का नम्बर लिखकर दिया और कहा कि तुमको रक्सौल-मोतिहारी बिहार में एक साउण्ड बाक्स में नशे में प्रयोग करने वाले दवाई (इन्जेक्शन) देंगे तुम उसे लेकर गुलरिया, नेपाल चले आना। इस काम को करने के लिए मुझे पचास हजार रुपए नेपाली देने को कहा। इस पर मैं अपने साथी सरफराज उर्फ बाबू उपरोक्त के साथ रक्सौल बिहार पहुंचा।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तस्करी करने वाले दम्पति गिरफ्तार

लखनऊ। एसटीएफ ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले गिरोह में शामिल एक दम्पति को मुरादाबाद से गिरफ्तार किया। जिनके कब्जे से 30 लाख रुपए मूल्य की छह किलोग्राम अवैध चरस बरामद हुई। एसटीएफ को सूचना मिली कि तस्करी करने वाले गिरोह के कुछ सदस्य अवैध चरस की खेप लेकर शुक्रवार को को बिहार राज्य से मुरादाबाद आएंगे। इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए टीम ने जंक्शन रोड गेट के सामने घेराबंदी करके दोनों तस्करों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए साजिद अंसारी उर्फ गुड्डू खान निवासी पश्चिमी, चम्पारण बिहार और उसकी पत्नी हुसनेआरा खातून के कब्जे से छह किलोग्राम अवैध चरस, दो मोबाइल फोन और नगद रुपए बरामद हुए।

नगरीय निकाय चुनाव के दूसरे चरण के लिए 38 जिलों में वरिष्ठ प्रशासनिक अफसरों की तैनाती

● प्रेक्षकों को हर हाल में आज शाम तक तैनाती वाले जिले में पहुंचने के राज्य निर्वाचन आयुक्त ने दिए निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

प्रदेश राज्य निर्वाचन आयुक्त मनोज कुमार ने द्वितीय चरण में सूबे के 38 जिलों में होने वाले नगरीय निकाय चुनाव को स्वतन्त्र, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए प्रेक्षकों की तैनाती कर दी है। उन्होंने प्रेक्षकों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने सम्बन्धित जनपद में प्रत्येक दशा में 6 मई को सायंकाल तक अवश्य पहुंचना सुनिश्चित करें। तैनात प्रेक्षकों को अपने तैनाती जनपद में पहुंचकर ही नियत तिथि 6 मई को सायंकाल तक आयोग को अवश्य अवगत करायें। समय से सूचना न मिलने पर संबंधित प्रेक्षकों की जिम्मेदारी नियत होगी।

मनोज कुमार ने प्रेक्षक पद पर तैनात वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि अपने तैनाती जनपद मुख्यालय पर पहुंचकर मतदान की समुचित तैयारियों के बारे में सम्बन्धित अधिकारियों की बैठक कर आवश्यक जानकारियां आयोग को यथाशीघ्र उपलब्ध करायेंगे। निर्देश दिए हैं कि तैनात प्रेक्षकों को निर्वाचन क्षेत्रों में भ्रमण कर मतदान सम्बन्धी समस्त तैयारियों का सूक्ष्म निरीक्षण अवश्य करना होगा ताकि स्वतंत्रए, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से मतदान हेतु सभी व्यवस्थाएं समय से अवश्य पूर्ण हो जाएं। उन्होंने यह भी निर्देश दिए हैं कि द्वितीय चरण के 11 मई को होने वाले मतदान के दिन भी निर्वाचन क्षेत्रों में व्यापक भ्रमण कर मतदान को शान्तिपूर्ण, स्वतन्त्र एवं निष्पक्ष ढंग से सम्पन्न कराने के लिए पर्यवेक्षण का कार्य सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि यदि कोई गम्भीर समस्या परिलक्षित होती है तो उसे आयोग के संज्ञान में तत्काल लाना अनिवार्य होगा। आयोग को समय से सूचना न देने पर तैनात प्रेक्षकों की जिम्मेदारी नियत की जायेगी।

राज्य निर्वाचन आयुक्त ने तैनात प्रेक्षकों को यह भी निर्देश दिए हैं कि मतदान समाप्त होने के उपरान्त समस्त निर्वाचन सामग्री स्ट्रांग रूम में रखे जाने के बाद आयोग को अवगत कराकर ही तैनाती जनपद के मुख्यालय को छोड़ेंगे। उन्होंने कहा कि यदि सम्बन्धित जनपदों में तैनात प्रेक्षकों द्वारा निर्देशानुसार वांछित जानकारी समय से नहीं उपलब्ध करायी जाती है।तो विवश होकर नियमानुसार कार्यवाही करायी जायेगी। यदि किसी जनपद में कहीं भी पुनर्मतदान का निर्णय लिया जाता है तो पुनर्मतदान के पश्चात् मतपेटिकाएं स्ट्रांग रूम में रखे जाने के बाद ही आयोग को सूचित कर तैनाती जनपद के मुख्यालय को छोड़ेंगे। मनोज कुमार ने द्वितीय चरण में तैनात प्रेक्षकों को यह भी निर्देश दिए हैं कि सम्बन्धित जनपद में स्वतन्त्र एवं निष्पक्ष मतगणना की तैयारियों के बारे में भी सम्बन्धित अधिकारियों की बैठक कर सकुशल मतगणना के लिए समस्त आवश्यक प्रबन्ध सुनिश्चित करायेंगे। मतगणना के दिन मतगणना स्थलों का सतत भ्रमण कर मतगणना का आयोग के निर्देशानुसार पर्यवेक्षण सुनिश्चित करेंगे। आगामी 13 मई को होने वाली मतगणना के समाप्त के उपरान्त ही आयोग को वांछित जानकारियों एवं सूचनाएं उपलब्ध कराने के उपरान्त ही तैनात प्रेक्षक अपने जनपद मुख्यालय छोड़ेंगे।

किस जिले में कौन बना प्रेक्षक

मेरठ में सुधीर महादेव बोवड़े, अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा एवं डा. कंचन शरण अपर आयुक्त अलीगढ़ मंडल, हापुड़ में मेधा रूपम अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी, गौतमबुद्ध नगर, गौतमबुद्धनगर में मयूर महेश्वरी सीईओ एसआईडी कानपुर नगर, गाजियाबाद में नरेन्द्र भूषण प्रमुख सचिव उप्र शासन अवस्थापना एवं उद्योग एवं पुष्पराज सिंह अपर आयुक्त प्रयागराज मण्डल, बागपत में सतीश पाल अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी, गौतमबुद्ध नगर, बुलन्दशहर में डा. हीरालाल अपर प्रबंध निदेशक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, बरेली में संयुक्ता समदर आयुक्त नेशनल कैपिटल रीजन गाजियाबाद एवं राजीव पाण्डेय सचिव एमवीए, मुरादाबाद, बदायूं में प्रेम प्रकाश सिंह विशेष सचिव श्रम विभाग उप्र शासन, शाहजहांपुर में गिरिजेश कुमार त्यागी विशेष सचिव उच्च शिक्षा एवं योगेन्द्र कुमार सचिव, बीवीए, बरेली, पीलीभीत म ओमप्रकाश वर्मा अपर आयुक्त वाणिज्य कर, लखनऊ, अलीगढ़ में डा. अंकुर लाठर उपाध्यक्ष बीबीए एवं राजेश कुमार अपर आयुक्त, आगरा मंडल, हाथरस में श्रीश चन्द्र वर्मा अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी यूपिडा, कासगंज में गौरव वर्मा विशेष सचिव राज्य कर विभाग, एटा में नरेन्द्र प्रसाद पाण्डेय संबद्ध कृषि उत्पादन आयुक्त शाखा, कानपुर नगर में मनीषा त्रिघाटिया आयुक्त एवं सचिव राजस्व परिषद एवं कुमार विनीत विशेष सचिव आईटी एवं इलेक्ट्रानिक, फर्रुखाबाद में सुरेन्द्र राम अपर आयुक्त सहारनपुर मण्डल, इटावा में योगेश कुमार विशेष सचिव कृषि उत्पादन आयुक्त शाखा उप्र शासन, कन्नौज में सुनील कुमार सिंह विशेष सचिव आवास, औरैया में प्रेम प्रकाश मीणा अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी उप्र राज्य औद्योगिक विकास अधिकरण कानपुर नगर, कानपुर देहात में जयशंकर दुबे विशेष सचिव वित उप्र शासन, चित्रकूट में राजेश कुमार पाण्डेय संयुक्त प्रबन्ध निदेशक जल निगम, हमीरपुर में अमर पाल सिंह अपर आयुक्त चित्रकूटधाम मण्डल, महोबा में आलोक यादव उपाध्यक्ष झांसी विकास प्राधिकरण, बांदा में टीके शिबू अपर भूमि अध्याप्ति आयुक्त राजस्व परिषद, अयोध्या में अरूण प्रकाश विशेष सचिव सूक्ष्म लघु एवं दिव्यांशू पटेल विशेष सचिव खाद्य सुरक्षा एवं औषधि, सुल्तानपुर में राजाराम विशेष सचिव प्रशासनिक सुधार, अंबेडकरनगर में अजयकान्त सैनी अपर आयुक्त गोरखपुर मण्डल, बाराबंकी में पवन कुमार गंगवार सचिव एलडीए, अमेठी में प्रेम रंजन सिंह मुख्य कार्यपालक अधिकारी भदोही औद्योगिक विकास प्राधिकरण, बस्ती में संतोष कुमार क्षेत्रीय खाद्य नियंत्रक लखनऊ, संतकबीरनगर में पवन अग्रवाल मुख्य कार्यपालक अधिकारी गीडा, गोरखपुर, सिद्धार्थनगर में महेन्द्र सिंह तंवर उपाध्यक्ष जीडीएम, आजमगढ़ में राधेश्याम प्रबन्ध निदेशक उप्र अनु. जाति वित एवं विकास निगम, मऊ में शेषनाग विशेष सचिव चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास उप्र शासन, बलिया में रवीन्द्र सचिव चिकित्सा एवं परिवार कल्याण, मिर्जापुर में अश्वनी पाण्डेय विशेष सचिव पर्यटन, जनपद सोनभद्र में डॉ. सुनील वर्मा सचिव वाराणसी विकास प्राधिकरण, वाराणसी और जनपद भदोही में नीरज शुक्ला अपर आवास आयुक्त लखनऊ को प्रेक्षक के रूप में तैनात किया गया।

मण्डलायुक्त ने स्मार्ट सिटी के अधूरे कार्य को तेजी से पूरा करने के दिए निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

चुनावी मौसम के बाद स्मार्ट सिटी के कार्यों में तेजी लाने की तैयारी स्मार्ट सिटी और नगर निगम के आला अफसरों द्वारा की जा रही है। शहर में मुख्य रूप से सड़कें, ड्रेनेज और जलभराव की समस्याएं हैं, जिनसे जनता को जूझना पड़ता है। इसके साथ ही टायलेट, मार्डन तांगा स्टैंड, पार्कों का सौंदर्यीकरण आदि का निर्माण कराया जाना है। हालांकि मंडलायुक्त द्वारा पहले भी अधिकारियों को अधूरे कार्यों का पूरा करने का कड़ा निर्देश दे चुकी हैं। शहर को बेहतर आवासीय सुविधाओं से युक्त करने के लिए स्मार्ट सिटी बनाने का संकल्प लिया गया, लेकिन कई वर्षों के बाद भी स्मार्ट सिटी कागज पर ज्यादा और हकीकत में कम है। आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में आला अफसर स्मार्ट सिटी के कार्यों को पूरा करने के प्रयास में हैं, लेकिन चुनाव सहित अन्य कारणों से अभी कई स्तरों पर स्मार्ट सिटी के कार्य अधूरे हैं।

चुनाव हार रही है सपाः पाठक

संवाददाता। शाहजहांपुर

उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने शाहजहांपुर के गांधी भवन मे आयोजित प्रबुद्ध सम्मेलन को संबोधित किया । उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक भारतीय जनता पार्टी की नीतियों को लेकर अपने विचार साझा किए । कार्यक्रम के उपरांत मुख्यमंत्री ने मीडिया से बात करते हुए नगर निगम चुनाव में भारतीय जनता पार्टी कोसबसे अधिक सीटें जीतने वाली पार्टी तजवीश किया । इस मौके पर विरोधियों पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा समाजवादी पार्टी चुनाव हार रही है इसलिए अपनी खींच मिटाने के लिए भारतीय जनता पार्टी पर तरह तरह के आरोप लगा रही है । इससे पूर्व उन्होंने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि, सपा की नीती और एजेंडा ठीक नहीं है। इसलिए उनके लोग छोड़कर जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि, निकाय चुनाव में सभी प्रत्याशियों की बड़ी जीत का दावा किया है। शाहजहांपुर में भाजपा ने अर्चना वर्मा को मेयर प्रत्याशी बनाया है। प्रत्याशियों को जीत दिलाने के लिए आज उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक शाहजहांपुर पहुंचकर नेताओं और कार्यकर्ताओं को जीत के मंत्र दिए। इस दौरान उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि, शाहजहांपुर में नगर निगम का चुनाव अर्चना वर्मा भारी बहुमत से जीतेंगी। यहां एकतरफा चुनाव है। पूरे जनपद में बीजेपी की लहर है। पहले चरण में बीजेपी जीतते हुए आ रही है। सपा के पास जनता के लिए कहने के लिए कुछ नहीं है और न ही वो जनता के पास गए हैं। समाजवादी पार्टी ने क्या किया है। वो तो लखनऊ में बैठे हैं उनको तो फील्ड में जाना चाहिए। उनके पास ही प्रत्याशी नही है। बरेली तक में प्रत्याशी नहीं दिए हैं। हर जगह उनके लोग भाग रहे हैं। उनकी नीती और एजेंडा ठीक नहीं है। प्रदेश में सभी सीटों पर भाजपा जीत रही है।

उपमुख्यमंत्री के कार्यक्रम का मीडिया के एक संघटन ने किया बहिष्कार

उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक के कार्यक्रम में शिरकत करने के बाद खबर को कवर कर रहे पत्रकारों से पुलिस कर्मियों ने बैग को गाँधी भवन से बाहर रखने व तलाशी देने का फरमान सुनाया । पुलिस के इस रवैय्ये से नाराज मीडिया के एक संघटन ने कार्यक्रम का बहिष्कार कर दिया, जिसके बाद बड़ी तादात में मीडिया कर्मी गाँधी हाल से बाहर चले आए हालांकि इस दौरान भाजपा के जिलास्तरीय नेता व वित्तय मंत्री सुरेश कुमार खंन्ना संसद मौजूद थे मगर उन्होंने ने कोई प्रतिक्रिया व्यक्त नहीं की।

नपाप खैराबाद में भाजपा ने अभिषेक गुप्ता की पत्नी को अध्यक्ष पद पर उतारा

- अभिषेक गुप्ता को नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर का करीबी माना जाता है, गुरू की प्रतिष्ठा दांव पर है
- यहीं पर सपा से इरम अंसारी अपने जीवन का पहला चुनाव लड़ रही है।

संवाददाता। सीतापुर

नगर पालिका खैराबाद में भाजपा ने अभिषेक गुप्ता बबलू की पत्नी बेबी गुप्ता को अध्यक्ष पद के चुनाव में उतारा है। अभिषेक गुप्ता को नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरू का करीबी माना जाता है। इस तरह से देखे तो यहां पर अभिषेक गुप्ता से कहीं ज्यादा राकेश राठौर गुरू की प्रतिष्ठा दांव पर है। यहीं पर सपा से इरम अंसारी अपने जीवन का पहला चुनाव लड़ रही है। उन्हें चुनाव लड़ा रहे है उनके पिता पूर्व चेयरमैन हाजी जलीस अंसारी जिनके बारे में सब जानते है कि वह अब तक तमाम चुनावों का अनुभव प्राप्त कर चुके है। इस तरह से यहां पर हाजी जलीस अंसारी की प्रतिष्ठा दांव पर है। लहरपुर में पूर्व चेयरमैन और पूर्व सांसद कैसर जहां सपा के टिकट पर अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ रही है। पूर्व में चेयरमैन और विधायक रह चुके उनके पति जासमीर अंसारी मौजूदा वक्त समाजवादी पार्टी से एमएलसी है। कैसर जहां के चुनाव की पूरी कमान जिस तरह से जासमीर अंसारी ने संभाली है, इसे लेकर कहा जा सकता है कि यहां पर एमएलसी जासमीर अंसारी की प्रतिष्ठा दांव पर है। लहरपुर में ही हाजी जावेद अहमद निर्दलीय चुनाव लड़ रहे है। इन्हें भाजपा का समर्थन प्राप्त है। सांसद राजेश वर्मा इनके लिए जिस तरह से बैठकें करते नजर आए है। उसे देखकर कहा जा सकता है कि यहां पर हाजी जावेद अहमद के साथ सांसद राजेश वर्मा की भी प्रतिष्ठा दांव पर है।

मोहम्मदी की अपेक्षा बरबर में वोटो की बरसात देखने को मिली

संवाददाता। मोहम्मदी खीरी

नगर पालिका मोहम्मदी नगर पंचायत बरबर में चुनाव शान्ति पूर्वक संपन्न हुआ, जिसमे मोहम्मदी की अपेक्षा बरबर मे वोटो की बरसात देखने को मिली और जिले मे सबसे अधिक मतदान का रिकॉर्ड भी बनाया। मतदान होने के बाद अध्यक्ष और सभासद के प्रत्याशी अपने अपने समर्थकों के साथ चुनावी चर्चा के साथ जात बिरादरी के वोटों की संख्या और मिले हुए वोट का प्रतिशत कागज पर बनाते और बिगाड़ते देखे जा रहे है, वहीं अन्य दलों के प्रत्याशियों ने भी समाजवादी पार्टी और भाजपा के प्रत्याशियों की धड़कने बढ़ाने का काम किया है मोहम्मदी में मुख्य टक्कर समाजवादी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी में दिखाई दे रही है वही बर्बर में त्रिकोणात्मक संघर्ष दिखाई दे रहा है जिसमें भाजपा सपा और निर्दलीय प्रत्याशी नसरीन बानो चुनाव को बढत बना दिया है इन सभी के बीच आम मतदाता अब गुणा और गणित लगाने में जी जान से लगा है चुनाव खत्म होने के बाद कार्यालयों में सन्नाटा पसरा हुआ है वही फेसबुक के माध्यम से भाजपा और सपा के समर्थक जीत की बधाई दे रहे हैं इस बार का चुनाव बेहद रोचक दिखाई दे रहा है अध्यक्ष पर हो या सभासद आम मतदाता चुनाव से पूर्व और चुनाव के बाद अभी तक चुप्पी साधे हुए हैं और खुलकर किसी प्रत्याशी का समर्थन करता नहीं दिखाई दे रहा है चुनावी पंडितों की गणित गड़बड़ा सी गई है तरह.तरह के कयास लगाए गए हैं । इस चुनाव में समाजवादी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी के भीतर घात जोर शोर से दिखाई दिया इन भीतरघातियो का कितना असर हुआ है ये आने बाली तारीख ही बता पाऐगी।

जालसाज को पुलिस ने दबोचा

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

थाना निघासन पुलिस द्वाराए धोखाधड़ी कर लोगों के फर्जी एकाउन्ट खुलवाकर सरकारी धन का गबन करने वाले अभियुक्त उपेन्द्र कुमार को गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक महोदय के निकट पर्यवेक्षण में संपूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत आज दिनांक पांच मई को थाना निघासन पुलिस द्वारा थाना निघासन पर पंजीकृत मु0अ0सं0 664/21 धारा 419/ 420/ 467/ 468/ 471/ 409 भादवि व थाना तिकुनियाँ पर पंजीकृत मु0अ0सं0 05/22, मु0अ0सं0 06/22 व मु0अ0सं0 34/22 धारा 419/ 420 / छत अभियुक्त उपेन्द्र कुमार मिश्रा पुत्र जयन्ती प्रसाद मिश्रा को थाना निघासन क्षेत्रान्तर्गत ग्राम ढखेरवा चौराहा से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त का चालान माननीय न्यायालय भेजा रहा हैं। दिनांक 08.12.2021 को थाना निघासन पर जिला सहकारी बैंक शाखा तिकुनियाँ में फर्जी तरीके से खाता खुलवाने व अवैध रुप से धन का गबन करने के संबंध में मु0अ0सं0 664/ 21 धारा 419/ 420/ 467/ 468/ 471/ 409 भादवि बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया था। अभियोग की विवेचना के दौरान अभियुक्त उपेन्द्र कुमार मिश्रा पुत्र जयन्ती प्रसाद मिश्रा ;पूर्व तैनाती केन्द्र प्रभारी मण्डी जिला सहकारी बैंक तिकुनियाँद्ध का नाम प्रकाश में आया था। गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा अपने सह अभियुक्तों के साथ मिलकर लोगों को धोखें में रखकर बेईमानी की नियत से जिला सहकारी बैंक तिकुनियाँ में लोगों के फर्जी खाता खुलवाकर फर्जी तरीके से सरकारी गल्ले की खरीद दिखाकर फर्जी खातों में सरकारी धन भेजने व सरकारी धन का गबन किया जाता था।

बस ने बाइक सवार को रौंदा, एक की मौत

गोला गोकर्णनाथ खीरी। हैदराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम अहमदनगर के पास तेज रफ्तार खैरा ट्रांसपोर्ट की बस ने बाइक सवारों दो युवकों को कुचल दिया। एक युवक की मौके पर मौत हो गई। दूसरा युवक बुरी तरह घायल हो गया। दोनो युवक शादी समारोह से वापस अपने गांव आ रहे थेए दोनो हादसे का शिकार हो गये। जानकारी के अनुसार अनिल कुमार निवासी हरसिंहपुर अपनें मित्र की बारात से लौट रहा था। सामने से आ रही खैरा ट्रांसपोर्ट की बस ने अनिल को टक्कर मार दी। अनिल की घटना स्थल पर मौत हो गई। बाइक पर बैठा दूसरा साथी शिवा निवासी कुंवरपुर गंभीर रूप से घायल हो गया। शिवा के पैर की हड्डी टूट गई। गंभीर चोटें भी आई हैं। बस में फसी बाइक करीब एक किलोमीटर तक घसीटती चली गई। घटना से क्षेत्र में मातम को का माहौल है। परिवार के लोगों का रो-रो कर बुरा हाल है। मौके पर कोतवाली के आरक्षियों ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पहले चरण के चुनाव में समाजवादी पार्टी की साइकिल खूब चलीः नरेश उत्तम पटेल

संवाददाता। शाहजहांपुर

समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने शाहजहांपुर का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने पार्टी की आपसी एकता पर मंत्रणा का सुझाव दिए । मीडिया से बात करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने विरोधियों पर विवेकानुसार सधे हुए प्रहार किये । समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने कहा प्रदेश के पहले चरण के चुनाव में समाजवादी पार्टी की साईकिल खूब चली है दूसरे चरण के चुनाव में भी जनता समाजवादी पार्टी के पक्ष में मतदान कर विरोधियों को इसका जवाब देगी। उन्होंने कहा सत्ता दल प्रशासन का दुरूपयोग उपयोग कर रहा है । उन्होंने कहा कि शाहजहांपुर सपा का गढ़ है। यहां 60 में से 47 पर सपा जीत रही है। भाजपा के मंत्रियों को अपने विभाग संभालना नहीं आता। दूसरों के विभागों में दखल देते हैं। उनमें आपस में झगड़ा होता है। शाहजहांपुर में सपा ने माला राठौर को मेयर पद का प्रत्याशी बनाया है। नरेश उत्तम पटेल आज शाहजहांपुर के जिला कार्यालय पर पहुंचे। यहां उन्होंने मेयर प्रत्याशी माला राठौर और पार्षद प्रत्याशियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि शाहजहांपुर सपा का गढ़ है। यहां सपा ने पार्षद के 60 प्रत्याशी उतारे हैं। उसमे से 47 पर सपा की जीत होगी। भाजपा के मंत्रियों को अपने विभाग संभालना नही आता है। दूसरों के विभागों में दखल देते हैं। इसलिए उनमें आपस में बहुत झगड़ा है। भाजपा शासन और प्रशासन का दुरूपयोग कर रहा है। बावजूद इसके प्रथम चरण में साइकिल बहुत तेज दौड़ी है। नगर निकाय चुनाव में सपा की बड़ी जीत होगी। पूर्व मंत्री राम मूर्ति सिंह वर्मा की तारीफकरते हुए कहा कि वह समाजवादी पार्टी के आन्दोलन में शामिल रहे थे। अर्चना वर्मा पर कोई टिप्पणी करना ठीक नहीं है।

क्विक न्यूज

लखीमपुर खीरी में हुआ 55 प्रतिशत मतदान

लखीमपुर खीरी। गुरुवार को स्थानीय निकाय प्रथम चरण का मतदान शाम 7 बजे समाप्त हो गया। प्रातः 7 बजे से शाम 6 बजे तक चार नगरपलिका आठ नगर पंचायत सहित पूरे जिले का मतदान 55 प्रतिशत ही किया गया। सबसे कम मतदान नगर पालिका लखीमपुर क्षेत्र में 42 प्रतिशत मतदान किया गया। मतदान समाप्त होते मतपेटी को कड़ी सुरक्षा के बीच राजापुर मंडी के स्ट्रांग रूम में रखवा दिया गया। मतगणना 13 मई को पूरे जिले में एक साथ की जाएगी। नगर पंचायत ओयलए नगर पंचायत खीरीए नगर पालिका परिषद लखीमपुर की मतगणना राजापुर मंडी में की जाएगी। नगर पंचायत निघासनए भीराए पलियाए गोलाए बरबर सहित आदि नगर पंचायत व नगरपालिका की मतगणना संबंधित तहसीलों में की जाएगी। राजापुर मंडी में रक्खी मतपेटी की सुरक्षा में अर्धसैनिक बलए पुलिस बल को स्ट्रांग लगा दिया गया है। सपाए भाजपाए बसपाए निर्दलीय प्रत्याशी अपने समर्थकों से स्ट्रांग रूम में रक्खी मतपेटी की निगरानी करवा रहे है। प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला वैलेट पेपर बॉक्स में कैद हो गया है। 13 मई को मतगणना कर जीत हार का फैसला सुनाया जाएगा।

कार की टक्कर से युवक की मौत

बरेली। पानी लेने के लिए सड़क पार कर रहे युवक को को तेजी से आ रही कार ने टक्कर मार दी उसकी मौके पर ही मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा । फरीदपुर थाना क्षेत्र के गांव सारीपुर निवासी 35 वर्षीय रामचरण पुत्र रोशनलाल की बीती रात कैंट के गांव चिकटिया में हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई मृतक के घर वालों ने बताया कि रामशरण कल शाम को बदायूं से दातागंज निवासी अपने दोस्त राहुल के विवाह समारोह में शामिल करने के लिए इको कार से परिवार के साथ दातागंज जाने के लिए अपने घर से चला था लेकिन चिकटिया गांव में इको कार को सड़क किनारे रुकवाया और सड़क पार लगे यह नल पर पानी लेने के लिए सड़क जाने लगा इसी दौरान तेजी से आ रही दूसरी ईको कार ने उसे टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया दुर्घटना के बाद टक्कर मारने वाला वाहन फरार हो गया स्थानीय लोगों की सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल ले जाने की कोशिश की लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

रिटायर्ड बैंक मैनेजर के घर में घुसकर लाखों की लूट

बरेली। रात के समय घर में घुसे बदमाशों ने बिस्तर पर सो रही रिटायर्ड बैंक मैनेजर की पत्नी को बंधक बनाकर लाखों का जेवर और नगदी लूट लिया और फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलने पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है । प्रेम नगर थाना क्षेत्र में त्रिबटी नाथ मंदिर के पास स्थित डीडीए कॉलोनी में रहने वाले रिटायर्ड बैंक मैनेजर राजेश्वर दयाल की पत्नी माया को बंधक बनाकर बदमाशों ने लाखों का जेवर और नकदी लूट लिया। डाइट बैंक मैनेजर ने बताया कि बीती रात वह मकान की ऊपरी मंजिल पर सोए थे जबकि उसके नीचे वाली मंजिल में उसकी पत्नी माया दिव्यांग बेटे के साथ सो रही थी। रात लगभग 2 बजे घर में घुसे बदमाशों ने उनकी पत्नी को जान से मारने की धमकी देते हुए दुपट्टे से उनके हाथ पैर बांध दिए और घर के अलमारी से हजारों की नकदी और लाखों के जेवर आदि लूट कर फरार हो गए। सुबह होने पर राजेश्वर दयाल सोकर उठे तो देखा कि उनकी पत्नी के कमरे का दरवाजा खुला हुआ है और वह सामान बिखरा हुआ है और मकान का मुख्य दरवाजा भी खुला हुआ है उन्होंने तुरंत पत्नी के कमरे में जाकर देखा तो वह दहशत में बेहोश पड़ी थी और उसके हाथ पैर दुपट्टे से बंधे थे। उन्होंने पूछताछ की तो पता चला कि रात के समय कमरे में घुसे तीन बदमाशों ने उनको बंधक बनाकर जेवर और नकदी लूट लिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और पास लगे सीसीटीवी फुटेज में देखा कि तीन बदमाश घर से बाहर निकल रहे हैं लेकिन जाते समय केवल एक ही बदमाश घर के अंदर गया है जिससे यह बात स्पष्ट हो गई की दो बदमाश या तो घर में पहले से ही मौजूद थे या फिर किसी दूसरे रास्ते से घर में घुसे थे पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सड़क पार कर रहे युवक को ट्रक ने रौंदा

बरेली। रात के समय सड़क पार कर रहे एक युवक को तेजी से आ रहे ट्रक ने रौंद दिया उसकी मौके पर ही मौत हो गई पुलिस ने शव को अज्ञात के रूप में पोस्टमार्टम के लिए भेजा आज घरवालों ने शव की शिनाख्त कर ली। बिशारतगंज थाने के गांव मिर्जापुर निवासी राजू के 23 वर्षीय बेटे मुकेश की बीती रात लगभग 10 बजे सुभाष नगर थाना क्षेत्र में बदायूं रोड स्थित चौरासी घंटा मंदिर के पास हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि मुकेश दिल्ली में काम करता था और कल दिन में घर वापस लौटने के लिए दिल्ली से आने वाली ट्रेन पर सवार हुआ था रात में उसकी ट्रेन रेलवे जंक्शन पहुंची और वह ट्रेन से उतरकर अपने घर जाने के लिए 84 घंटा मंदिर के पास पहुंचा जहां से उसे घर जाने के लिए वाहन को पकड़ना था लेकिन सड़क पार करते समय बदायूं की तरफसे आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने उसे टक्कर मार दी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई मौके पर मौजूद लोगों ने ट्रक को रोकने की कोशिश की लेकिन उसका चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया दुर्घटना की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने मृतक की जेब से मिले मोबाइल फोन से उसके घरवालों को सूचना दे दी और शव को अज्ञात के रूप में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया जहां आज घर वालों ने शव की शिनाख्त कर ली पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर उसके चालक के विरुद्ध कार्रवाई शुरू कर दी मृतक पांच भाई थे उसकी मां का नाम राजवती है।

तनाव प्रबंधन के लिए नया अभियान

कानपुर। आज कल की भागदौड़ भरी ज़िंदगी में बढ़ते तनाव को ध्यान में रखते हुए हिमालया वैलनेस ने अब स्ट्रेस नहीं, डिस्ट्रेस कीजिए नामक अभियान की शुरुआत की है। जिस्मे जीवन पे अनसुलझे तनाव से होने वाले असर और इस तनाव को संभलने के प्राकृतिक तारिको को दर्शाया गया है । आधुनिक जीवन शैली के स्वयं के ऐसे बहुत तनाव के कारण हैं जिन पर किसी का ध्यान नहीं जाताए या वह सामान्य लगते है, लेकिन इनसे जो तनाव पैदा होता है वह किसी के शरीरए विचारेंए भावनाओं और व्यवहार तक को प्रभावित करता है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए यह अभियान तनाव पहुँचाने वाले कुछ विशेष कारणो पर रोशनी डालता है। साथ ही दैनिक जीवन में तनाव को कम करने और अव्यस्थित तनाव को शांत करने में मदद करने के लिए हिमालया अश्वगंधा की भूमिका पर ज़ोर देता है। अश्वगंधा एक एडॉप्टोजेनिक जड़ीबूटी हैए जिसका उपयोग सदियों से शरीर को तनाव से मुकाबला कर तनावमुक्त रहने में मदद करता है। यह ऊर्जा के स्तर को बढ़ा कर चिंता और तनाव को दूर करने में भी मदद करता है।

अब जीत-हार के लग रहे कयास

लखीमपुर खीरी। स्थानीय निकाय चुनाव के प्रथम चरण का मतदान 4 मई को समाप्त हो गया। सपाए बसपाए भाजपाए निर्दलीय प्रत्याशी के पक्ष में बेलेट पेपर के माध्यम से बॉक्स में वोट डाले जा चुके है। वोटर अगले दिन हार जीत का कयास लगाते नजर आये। मतदान के अगले दिन शुक्रवार को दुकानों पर सन्नाटा देखने को मिला। सड़कों पर आवाजाही लोगों की कम रही। वोटर अपने घरों व प्रतिष्ठान पर किसके पक्ष में कितना मतदान किया गया। कौन जीत रहा कौन हार रहा इस पर चर्चा करते नजर आए। निर्णायक की भूमिका निभाने वाले वोटर खामोश हैं। त्रिकोणीय मुकाबला होने से जीत हार की गणित फेल होती नजर आ रही है। सभी प्रत्याशियों को 13 मई को होने वाली मतगणना का इंतजार है। वोटर भी पूरी तरह खामोश रहकर जीत हार की गणित लगाते हुए दिखाई दे रहे है।

पुलिस ने किया घटना का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

थाना पलिया पुलिस द्वारा, हत्या करने के प्रयास से संबंधित घटना में वांछित अभियुक्त अभिषेक मिश्रा को घटना में प्रयुक्त 01 अदद कैंची बरामद कर गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक महोदय के निकट पर्यवेक्षण में संपूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 05.05.2023 को थाना पलिया पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 179/23 धारा 307/504 भादवि में वांछित अभियुक्त अभिषेक मिश्रा पुत्र हरीकृष्ण को टेहरा तिराहा कस्बा पलिया से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त 01 अदद कैंची बरामद की गई है। गिरफ्तार अभियुक्त का चालान मा0 न्यायालय भेजा जा रहा हैं। दिनांक 04.05.2023 को थाना पलिया पर थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम मकनपुर निवासी प्रहलाद पुत्र शंकर को अभियुक्त अभिषेक मिश्रा द्वारा गाली गलौच करने व जान से मारने की नीयत से धारदार हथियार से प्रहलाद के पेट में दाहिनी तरफवार कर गम्भीर रुप से घायल करने के संबंध में सूचना प्राप्त हुई थी, जिसके आधार पर थाना पलिया पर मु0अ0सं0 179/23 धारा 307/504 भादवि पंजीकृत किया गया था।

आचार संहिता नियमों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश

- एसडीएम अंजलि गंगवार की अध्यक्षता में नगर पंचायत अल्लाह गंज के सभी प्रत्याशियों की बुलाई मीटिंग में एसडीएम ने कहा कि आचार संहिता का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

संवाददाता। शाहजहांपुर

नगर पंचायत अल्लाहगंज में नगर निकाय चुनाव को निष्पक्ष,पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेत अल्लाहगंज थाने में चुनाव प्रत्याशियों की मीटिंग ली गई। सभी को निर्देशित किया गया कि चुनाव आचार संहिता के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही शिथिलता न बरती जाए। आचार संहिता का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। नगर पंचायत अल्लाहगंज के सभी प्रत्याशियों की एक मीटिंग थाना परिषद अल्लाहगंज में की गई जिसकी अध्यक्षता उप जिला अधिकारी अंजलि गंगवार ने की। परिसर में एसडीएम जलालाबाद अंजलि गंगवार ने नगर निकाय चुनाव को लेकर अध्यक्ष और सभासद प्रत्याशियों के साथ बैठक में प्रत्याशियों को हिदायत देते हुए कहा कि सभी प्रत्याशी चुनाव आयोग के दिशा-निर्देश का पालन करते हुए ही प्रचार करें। बिना अनुमति के कोई प्रत्याशी चुनाव का प्रचार-प्रसार करते हुए पाया गया तो कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम ने बताया कि प्रत्याशी की मतदाताओं को लुभाने या धनबल का उपयोग नहीं किया जाएगा। उनके द्वारा किसी को शराब, साड़ी और रुपया आदि का वितरण नहीं किया जाएगा।

बिसवां में सीमा जैन पुनः भाजपा से अध्यक्ष पद पर लड़ रही हैं चुनाव

संवाददाता। सीतापुर

बिसवां में जीत की हैट्रिक लगा चुकी सीमा जैन एक बार फिर भाजपा के टिकट पर अध्यक्ष पद की प्रत्याशी हैं। स्थानीय विधायक निर्मल वर्मा भी भाजपा से हैं। बताते हैं विधायक ने सीमा जैन की जीत सुनिश्चित करने के लिए काफी प्रयास किया है, इसलिए कहा जा सकता है कि चौथी बार जीत दर्ज करने को आतुर सीमा जैन के साथ बिसवां विधायक निर्मल वर्मा की भी प्रतिष्ठा दांव पर है। नगर पंचायत महोली में अध्यक्ष पद पर अचानक उलटफेर हुआ, जिसके बाद निवर्तमान चेयरमैन दिनेश गुप्ता अचानक भाजपा छोड़ कर सपा में शामिल हो गए और सपा से अपने खास की पत्नी केतुका को सपा का टिकट दिलाया। सभी जानते है कि यह चुनाव केतुका नहीं दिनेश गुप्ता टीटू ही लड़ रहे है। महोली में ही भाजपा ने सरोजनी पत्नी शोभा राम को अपना प्रत्याशी बनाया है। इन्हें महोली विधायक शंशाक त्रिवेदी का पूर्ण समर्थन प्राप्त है। चुनाव प्रचार से लेकर मतदान के दिन तक विधायक शंशाक त्रिवेदी की जो सक्रियता नजर आई, उसे देख कर कहा जा सकता है कि यहां पर भी सरोजनी देवी की नहीं विधायक शशांक त्रिवेदी की प्रतिष्ठा दांव पर है।

महमूदाबाद में अम्बरीश गुप्ता बने भाजपा प्रत्याशी

सीतापुर। प्रतिष्ठा के इस दंगल में महमूदाबाद में भाजपा ने अम्बरीश गुप्ता को चुनाव मैदान में उतारा है, इन्हें महमूदाबाद से भाजपा विधायक आशा मौर्या का करीबी माना जाता है, इनके चुनाव प्रचार में आशा मौर्या सक्रिय भी रही है, इसलिए कह सकते है कि यहां पर भाजपा विधायक आशा मौर्या की प्रतिष्ठा दांव पर है। यहीं पर सपा से पूर्व चेयरमैन मोहम्मद अहमद चुनाव लड़ रहे है, उन्हें इस बार पोखरा कलां का आर्शीवाद होना बताया जाता है, लिहाजा कहा जा सकता है कि यहां पर सपा से 6 बार विधायक रहे पूर्व मंत्री नरेंद्र सिंह वर्मा की प्रतिष्ठा दांव पर है। महमूदाबाद में ही भाजपा के बड़े नेता और पूर्व में चेयरमैन रहे सुरेश वर्मा के बेटे अतुल वर्मा निर्दलीय चुनाव लड़ रहे है।

अभद्र टिप्पणी के खिलाफ बजरंग दल का प्रदर्शन

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

सोशल मीडिया पर की गई अभद्र टिप्पणी के खिलाफ बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किए जाने को लेकर कोतवाली लखीमपुर में शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है। तुषार सिंह पुत्र धारा सिंह निवासी मोहल्ला कपूरथला थाना कोतवाली लखीमपुर ने प्रार्थना पत्र देकर बताया कि कुछ समय से सोशल मीडिया पर अभिषेक तिवारी नाम के फेसबुक अकाउंट से फेसबुक पर हिंदू धर्म के देवी.देवताओं पर अभद्र टिप्पणी करते हुए राष्ट्र स्वयंसेवक संघ एवं हिंदू संगठनों पर अपमानजनक टिप्पणी की जा रही है। तुषार का आरोप है कि अभिषेक तिवारी ने हिंदुओं की भावनाओं के साथ खिलवाड़ करते हुए। संप्रदायिक माहौल को बिगाड़ने का काम किया है। अभिषेक तिवारी के विरुद्ध वैधानिक धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए कार्रवाई की जाए। शुक्रवार को करीब आधा दर्जन बजरंग दल के कार्यकर्ता कोतवाल चंद्रशेखर से मिले। मुकदमा दर्ज करने की मांग की। कोतवाल ने मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दे दिए हैं।

चीनी मिल जीएम के निर्देश पर दो तौल लिपिक पर रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता। बेलरायां खीरी

सरजू सहकारी चीनी मिल बेलरायां के गन्ना तौल कांटे पर तैनात तौल लिपिक द्वारा अपनी स्वयं के गन्ना सप्लाई टिकट पर्ची पर आये ट्रैक्टर.बुग्गी को तौल के दौरान ग्रास वजन में बढ़ोतरी कर गड़बड़ी करने पर मिल जीएम निर्देश पर यार्ड सुपरवाइजर ने कोतवाली तिकुनिया में लिखित तहरीर देकर दर्ज कराया मुकदमा उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जीरो टॉलरेंस नीति के अनुरूप चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास विभाग के अपर प्रमुख सचिव संजय आर भूसरेड्डी के कुशल निर्देशन में कार्य करने वाले चीनी मिल के प्रधान प्रबंधक वैभव मिश्रा के निर्देश पर बीते दिनांक 4.5 .2023 5.5.2023 की मध्य रात्रि 12:30 बजे चीनी मिल के गन्ना तौल लिपिक कांटे पर तैनात तौल लिपिक राजीव लोधी द्वारा अपने अपने स्वयं के गन्ना सप्लाई टिकट पर मिल को गन्ना आपूर्ति करने आई ट्रैक्टर.बुग्गी को तौल करने के दौरान ग्रास वजन में 34 कुंटल के लगभग गड़बड़ी कर वजन बढ़ोतरी करने पर पकड़ने पर यार सुपरवाइजर अशोक कुमार यादव द्वारा लिखित तहरीर पर प्रथम सूचना रिपोर्ट कोतवाली तिकुनिया में दर्ज कराई गई इससे पूर्व भी फरवरी माह में गन्ना भरी ट्रक को दो बार तौल कराए जाने पर अनियमितता मिलने पर चीनी मिल के जीएम के निर्देश पर दो तौल लिपिक अशोक कुमार व लवकेश कुमार पर एफआईआर दर्ज कराई जा चुकी है इधर इस संबंध में तिकुनियां कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजूराव ने बताया कि चीनी मिल की तरफ से एफ आई आर दर्ज कराई गई है विवेचना उपरांत अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

स्टेटिक ने बरेली में पहला एबी फास्ट चार्जिंग स्टेशन किया लांच

संवाददाता। बरेली

भारत में एबी चार्जिंग का सबसे बड़ा नेटवर्क प्रदान करने वाली कंपनी स्टेटिक ने बरेली शहर के सिविल लाइंस में स्थित बेहद भव्य और लोकप्रिय होटल रमादा इनकोर के परिसर में आम लोगों के लिए ईवी का तेज चार्जिंग वाला स्टेशन स्थापित किया है। बरेली में इलेक्ट्रिक वाहन चालकों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। इस पहल से उत्तर प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों के इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिए जारी विशाल अभियान को और गति मिलेगी। साथ ही यह उत्तर प्रदेश में ग्रीन मोबिलिटी को बढ़ावा देने के प्रदेश सरकार के प्रयासों में भी सकारात्मक योगदान देंगे। स्टेटिक के प्रोजेक्ट लीडर नवनीत सिनवर ने बताया कि अग्रणी स्मार्ट सिटी के रूप में इस तरह के लोगों के लिए आने-जाने के स्मार्ट और रिन्यूएबल ऑप्शंस और उनके लिए सहयोगी इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध कराया जाना जरूरी था। यह तब और भी जरूरी हो जाता है जब शहर को राज्य के सबसे प्रदूषित शहरों में से एक माना जा रहा हो। इन सब बातों को ध्यान में रखते हुए हमने बरेली में चार्जिंग स्टेशन स्थापित किया है। इस दौरान रमादा इनकोर बाई व्याधम बरेली के जनरल मैनेजर मनीष दत्त ने कहा रमाडा बरेली ईवी चार्जिंग स्टेशन वाला बरेली का प्रमुख होटल है। कार्बन फुटप्रिंटस कम करने के प्रति समर्पित हैं। श्व्याधम ग्रीन प्रोग्रामश् के अंतर्गत रमादा इनकोर बाई व्याधम बरेली सिविल लाइंस शहर में ईवी चार्जिंग स्टेशन वाला पहला होटल बन गया है। वर्तमान में इलेक्ट्रिक वाहन प्रयोग करने वालों और अन्य लोगों को भी इनके इस्तेमाल के लिए प्रेरित करने के लिए हमने योजना पेश की है। इसके अंतर्गत हमारे होटल में ईवी चार्जिंग शुविधा का प्रयोग करने पर अपनी एफएंडबी सेवा पर 10 प्रतिशत छूट दे रहे हैं। पिछले कुछ समय में सरकार ने इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए एक समग्र नीति लागू की है। इसका उद्देश्य राज्य में टीवी चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर को बेहतर करना है इसके अंतर्गत सरकारी और निजी क्षेत्र की संस्थाओं के लिए जमीन लीज पर लेने के नियम निर्धारित किए गए हैं साथ ही रेवेन्यू शेयरिंग मॉडल और प्रोत्साहन की कई योजनाएं भी शामिल की गई हैं।

कर्नाटक कांग्रेस घोषणा पत्र मामले पर हिंदूवादी संगठनों का विरोध प्रदर्शन जारी

● विहिप/बजरंग दल, दुर्गा वाहिनी ने फूंका पुतला, राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

संवाददाता। फतेहपुर

विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल एवं दुर्गा वाहिनी के जिला अध्यक्ष विजय शंकर मिश्रा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने पटेल नगर चौराहा पहुंचकर प्रदर्शन करते हुए कांग्रेस एवं कर्नाटक के घोषणा पत्र की प्रतियां जलाई। उन्होंने बताया कि कर्नाटक विधानसभा के लिए मंगलवार को अपना घोषणा पत्र जारी किया जिसमें राष्ट्रवादी संगठन बजरंग दल को पीएफआई जैसे आतंकी संगठनों के साथ जोड़ा गया जिसके विरोध में विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने घोषणापत्र की प्रतियों को जलाया और कांग्रेस का पुतला दहन किया और फिर जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को मांग पत्र भेजा गया। ज्ञापन में कहा गया है कि पीएफआई एक राष्ट्र विरोधी आतंकी संगठन है, इसकी राष्ट्र विरोधी गतिविधियों और आतंकी गतिविधियों में संलिप्तता रही है जबकि बजरंग दल सेवा, सुरक्षा, संस्कार के माध्यम से राष्ट्र के प्रति समर्पित नौजवानों का संगठन है। मांग की गई कि कांग्रेस का केंद्रीय नेतृत्व अपराध के लिए देश से माफी मांगे और कर्नाटक विधानसभा में जारी किए गए घोषणापत्र को बैन किया जाए। साथ ही कांग्रेस के घोषणा पत्र जारी करने के समय मौजूद सभी पदाधिकारियों पर करोड़ों हिंदुओं की आस्था को ठेस पहुंचाने के अपराध का मुकदमा भी पंजीकृत किया जाए।

बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस कार्यालय के बाहर किया हंगामा

उरई, जालौन। कर्नाटक चुनाव में कांग्रेस पार्टी द्वारा जारी घोषणा पत्र में पीएफआई के साथ-साथ हिंदू संगठन बजरंग दल को बैन करने को लेकर शुक्रवार को बजरंगदलियों ने कांग्रेस कार्यालय के सामने विरोध प्रदर्शन किया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने हंगामा काट रहे बजरंगियों को किसी तरह समझा-बुझाकर शांत कराया और मौके से कुछ लोगों को हिरासत में भी लिया। वही बजरंगियों ने एक ज्ञापन क्षेत्राधिकारी को सौंपा। कांग्रेस पार्टी द्वारा कर्नाटक चुनाव में जारी घोषणा पत्र में पीएफआई के साथ-साथ हिंदू संगठन बजरंग दल को बैन करने की बात कही गई थी। जिस पर प्रधानमंत्री ने अपने-अपने भाषण में कांग्रेस पर हमला बोला था। इसके बाद से ही बजरंग दल के कार्यकर्ताओं द्वारा जगह जगह कांग्रेस कार्यालयों में प्रदर्शन किया जा रहा है।

मतदान में कोई लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त : डीएम

चित्रकूट। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने मतदान कर्मियों के द्वितीय प्रशिक्षण का निरीक्षण कर प्रशिक्षण कक्ष में मतदान कर्मियों से चुनाव को संपन्न कराने बाबत प्रश्न पूंछे। उन्हें निष्पक्ष चुनाव कराने को निर्देश दिए। कहा कि किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। मतदान निष्पक्ष एवं पारदर्शी होने चाहिए। शुक्रवार को चित्रकूट इंटर कालेज में मतदान कर्मियों के प्रशिक्षण में उन्होंने कहा कि सभी बातों को अच्छे से समझ लें। प्रशिक्षण पूर्ण मनोयोग से लें। अपर जिलाधिकारी कुंवर बहादुर सिंह, परियोजना निदेशक ऋषिमुनि उपाध्याय, जिला विकास अधिकारी राजकुमार त्रिपाठी, मास्टर ट्रेनर साकेतबिहारी शुक्ला, गीत श्रीवास्तव, शारदा प्रसाद गुप्ता, अरविंद शिवहरे, सर्वजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

राजापुर में बनाएं ट्रिपल इंजन की सरकार : कश्यप

● भाजपा प्रत्याशी संजीव मिश्रा के समर्थन में प्रभारी मंत्री ने की जनसभा

संवाददाता। राजापुर, चित्रकूट

उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री व चित्रकूट जनपद के प्रभारी मंत्री नरेंद्र कश्यप राजापुर नगर पंचायत के स्थानीय निकाय चुनाव के भाजपा प्रत्याशी संजीव मिश्र की चुनावी जनसभा विस्तारित क्षेत्र कालिन्दीनगर (चिल्लीराकस) में मतदाताओं व निषाद समुदाय के लोगों को आवाहन करते हुए भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में लोगों को 11मई को कमल खिलाने की अपील किया है।

प्रभारी मंत्री ने कहा कि ट्रिपल इंजन की सरकार शहरी विकास के लिए प्रदेश के सभी निकायों के क्षेत्र के मेयर, पार्षद व अध्यक्ष विभिन्न समाज के लोग एकजुट होकर भाजपा के पक्ष में मतदान करें। उन्होने सपा व बसपा पर प्रहार करते हुए कहा कि 2007 और 2012 में भ्रष्टाचार का बोलबाला था और महिलाएं, बच्चियां सुरक्षित नहीं थी। गुंडा व माफियाओं के कारण आम जनमानस सुरक्षित नहीं था। डकैतों के कारण लूट होती रही है, आज भाजपा की सरकार में गुण्डा, माफिया थर थर कांप रहे हैं और आम जनमानस सुरक्षित है। 41 देशों के 25हजार उद्योगपति पूरे प्रदेश में अपना उद्योग लगा रहे हैं जिससे नौजवान, युवा, मजदूरों को अपने ही जनपद व क्षेत्र में रोजगार मिलेगा। उन्होंने कहा कि चित्रकूट जनपद में 68 हजार करोड़ का उद्योग उद्योगपतियों द्वारा लगाया जाएगा, जिससे यहां का युवा बेरोजगार व मजदूर रोजगार के लिए अब बाहर पलायन नहीं करेगा। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी संजीव मिश्र के पक्ष में भारी से भारी संख्या में मतदान करने की अपील की।

पांच लोगों पर की गई गुण्डा एक्ट की कार्रवाइ

चित्रकूट। नगर निकाय चुनाव के मद्देनजर अपराधियो के खिलाफ जारी अभियान के क्रम में पुलिस ने पांच लोगों पर गुण्डा एक्ट की कार्रवाई की है। शुक्रवार को प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर वीर प्रताप सिंह ने भोली-भाली जनता में भय-आतंक फैलाकर गुण्डागर्दी करने वाले दीपक कोल पुत्र श्याम कोल निवासी ऐलहा, रोशन पटेल पुत्र द्वारिका पटेल निवासी रामपुर कल्याणगढ़, देवकुमार पुत्र भुण्डा निवासी ऐलहा के खिलाफ थ्री यूपी गुण्डा एक्ट के तहत कार्यवाही की है।

मामूली विवाद में पत्नी की कुल्हाड़ी मारकर की हत्या, पति गिरफ्तार

मऊ/चित्रकूट। थाना क्षेत्र के शेषा गांव में बीती रात पत्नी को सोते समय पति ने कुल्हाड़ी से हमलाकर मौत के घाट उतार दिया। अचानक नींद खुलने पर बेटी ने देखा तो दौड़कर पड़ोस में रहने वाले दादा के घर जाकर घटना की जानकारी दी। परिजनों ने हत्यारे पति को दबोच लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पति को हिरासत में ले लिया। पुलिस का कहना है कि पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। इसके बाद रात में पति ने हत्या कर दी।

गुरुवार को आधी रात ये हत्याकांड हुआ। बताया गया कि शेषा निवासी लालचंद्र ने अपनी 38 वर्षीय पत्नी श्यामपति की रात में सोते समय हत्या कर दी। गुरुवार की रात खाना खाने के बाद सभी लोग घर में सो गए थे। लालचंद्र की 12 वर्षीय बेटी कबुतरी व उससे तीन अन्य छोटे बेटे भी सो रहे थे। आधी रात को लालचंद्र ने सोते समय कुल्हाड़ी से श्यामपति की गर्दन में ताबड़तोड़ हमले कर दिए। श्यामपति के शोर मचाने पर बेटी कबुतरी की नींद खुल गई। उसने देखा तो कुछ दूरी पर रहने वाले दादा हरिश्चंद्र के घर दौड़कर पहुंची और घटना की जानकारी दी। कुछ ही देर में परिजन मौके पर पहुंच गए। इधर, हत्या के बाद लालचंद्र भागने का प्रयास करने लगा। परिजनों ने उसे दबोचकर पुलिस के हवाले कर दिया।

नुक्कड़ सभा में की गई भाजपा प्रत्याशी को जिताने की अपील

रूरा, कानपुर देहात। राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला, विधायक महेश त्रिवेदी, एमएलसी व जिलाध्यक्ष अविनाश सिंह चौहान, पूर्व सॉसद अनिल शुक्ला वारसी सहित अन्य भाजपाईयों ने कस्बे के सुभाषनगर मोहल्ले में नुक्कड सभा का आयोजन कर भाजपा प्रत्याशी रामजी गुप्ता को भारी मतों से जिताने की अपील की। इस मौके पर भाजपाईयों ने रूरा टाउन एरिया को विकसित करने के लिये भाजपा के प्रत्याशी को जिताने का आवाहन किया, इस मौके पर प्रमुख रूप से हेमू सिंह गौर, भारत सिंह प्रधानाचार्य, शैलेन्द्र राजावत, आरयस त्रिपाठी,अखिलेश गुप्ता, प्रमोद शुक्ला, रामबाबू शुक्ला, कमलेश पाण्डेय, सॅजय द्विवेदी, महेन्द्र मिश्रा, डा0 भानुप्रकाश मिश्रा, अखिलेश गुप्ता लल्ला, अजय गुप्ता बिन्दू, अविनाश ओमर, प्रशान्त ओमर, शरद ओमर, श्रवण गुप्ता, गिरजेश द्विवेदी, सॅजय द्विवेदी, संदीप गुप्ता, विनय ओमर, शिवा पाण्डेय, बृजेन्द्र द्विवेदी, बबलू कुशवाहा,कमल गुप्ता, राकेश शुक्ला, श्याम जी ओमर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

बौद्ध महासभा ने मनाया बुद्ध पूर्णिमा का पर्व

बुद्ध पूर्णिमा पर कैलेंडर जारी करते गया प्रसाद बौद्ध

संवाददाता। चित्रकूट

भारतीय बौद्ध महासभा ने बुद्ध पूर्णिमा पर त्रिविध पावन पूर्णिमा में बुद्ध का जन्म, बुद्ध को ज्ञान प्राप्त कर बुद्ध का महापरिनिर्वाण हुआ। पांच मई को बुद्ध विहार पुरानी कोतवाली के अन्दर कर्वी में बुद्ध पूर्णिमा जयंती मनाई गई। त्रिसरण, पंचशील, बुद्ध, धम्म, संघ वन्दना के साथ हुई। शुक्रवार को बुद्ध पूर्णिमा पर हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय बौद्ध महासभा के अध्यक्ष डा ज्ञानचंद बौद्ध ने किया। बौद्ध उपासकों को खीर खिलाई गई। बुद्ध मार्ग पर चलने को हुई गोष्ठी में वक्ताओं ने अपनी बात रखी। दिनेश कुमार एड ने कहा कि बहुजन महापुरुषों की विचारधारा को आगे लायें। अतिथियों को गया प्रसाद बौद्ध ने एक-एक कैलेंडर देकर सम्मानित किया।

धूमधाम से मना बुद्ध का जन्मोत्सव

फतेहपुर। गौतम बुद्ध का जन्मोत्सव डा. अंबेडकर मिशन भारत की जनपद शाखा के तत्वाधान में मनाया गया। तथागत बुद्ध के बताए रास्तों पर चलने का लोगों ने संकल्प दोहराया। उनकी प्रतिमा व चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया गया इसके बाद विभिन्न स्थानों से आई झांकियां निकाली गई। शहर के विभिन्न मार्गों पर भ्रमण करके झांकिया आयोजन स्थल पहुंची। रास्ते में कई जगह स्वागत हुआ। मिशन के जिला सचेतक रमेश बौद्ध ने कहा कि एक दीप से हजारों दीप जलाए जा सकते हैं।

बुद्ध पूर्णिमा पर हुई संगोष्ठी और हलवादान

कालपी, जालौन। बुद्ध पूर्णिमा के अवसर व भगवान गौतम बुद्ध की जयंती पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। ग्राम देवकली में संगोष्ठी का आयोजन करके धम्म के बारे सामाजिक कार्यकर्ताओं जानकारी दी। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए राजेश गौतम ने कहा तथागत बुद्ध की पांच शीलों पंचशील को हम अपने जीवन में उतारने का प्रयास करें। तभी हम देश के अच्छे नागरिक, विचारक बन सकते है। ब्रजेश कुमार ने कहा बुद्ध का मार्ग बहुत कठिनाईयों से भरा है। उनके बताए मार्ग पर चलने से व्यक्ति का मार्ग और उसके विचार आसान बना देता है।

क्विक न्यूज

आवासीय बालिका में बुद्ध पूर्णिमा मनायी गयी

कुरारा, हमीरपुर। कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय कुरारा में आज बुद्ध पूर्णिमा धूमधाम से मनायी गयी। इस मौके पर शिक्षिकाओं ने बुद्ध के जीवन पर प्रकाश डाला और बच्चो को प्रेरित किया। विद्यालय में आज बुद्ध पूर्णिमा पर शिक्षिका संघप्रिया गौतम द्वारा बोर्ड में स्केचिंग की, जिसे देखकर छात्राओं ने भी अपनी पुस्तिका में स्केचिंग की। इसके बाद चित्र में माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। कार्यक्रम में शिक्षिका संघप्रिया, नम्रता, वन्दना, सुमन साहू भारती शुक्ला आदि ने बुद्ध के जीवन पर प्रकाश डाला, छात्राओं द्वारा बुद्ध पर गीत और भाषण प्रस्तुत किये। जिसे सभी ने सराहा।

ताला तोड़कर पार कर दिया हजारों का सामान

राठ। ब्लॉक गेट के पास रखी चाय नाश्ते की दुकान का ताला तोड़कर चोरों ने सामान व गोलक में रखे रुपए पार कर दिए। पीड़ित दुकानदार ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। बिवांर थाने के छानी निवासी रोहित सिंह ने पुलिस को बताया कि वह गायत्री नगर पठानपुरा मोहल्ले में परिवार सहित किराए के मकान में रहता है। ब्लॉक गेट पर वह लोहे की गुमटी में चाय नाश्ते की दुकान रखे हुए हैं। जिससे उसके परिवार का भरण पोषण होता है। बताया कि गुरुवार को उसने 6500 रुपए का दुकान में सामान भरा था। रात में वह दुकान बंद करके घर चला गया। रात्रि में चोर लोहे की गुमटी की छत काटकर दुकान के अंदर रखा सारा सामान और गोलक में रखे नौ सौ रुपए चोरी करके ले गए।

अधिकारियों और कर्मचारियों का हुआ प्रथम रेंडमाइजेशन

फतेहपुर। नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 मतगणना को सकुशल, निष्पक्ष, पारदर्शिता एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु ईएसडी साफ्टवेयर के माध्यम से रेंडोमाइज्ड पद्धति से अधिकारियों/कर्मचारियों की मतगणना ड्यूटी लगाये जाने हेतु साफ्टवेयर पर फीड डाटा का प्रथम रेंडमाइजेशन एनआईसी कलेक्ट्रेट में जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी श्रीमती श्रुति की उपस्थिति में किया गया। जिसमे सीएस-224 एवं सीए-672, एसीए-224 लगाए गए है। 9 एवं 10 मई 2023 को स्थानीय सरदार पटेल प्रेक्षा गृह में मतगणना का प्रशिक्षण दो पालियों में 250-250 मतगणना कार्मिकों का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

चुनाव ड्यूटी को आये सीआईएसएफकम्पनी के जवान

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी एवं सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय ने जेएम बालिका इण्टर कालेज में नगर निकाय चुनाव ड्यूटी को आये सीआईएसएफ की कम्पनी के जवानों को पुष्पगुच्छ देकर एवं फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। कम्पनी के सभी जवानों को हल्का नास्ता कराया। सभी को ऐरिया डेमिनेशन की बाबत ब्रीफकिया। शुक्रवार को अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी ने जेएम बालिका इण्टर कालेज में फोर्स की व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी दरोगा प्रवीण कुमार सिंह को सौंपी।

वोटों की बारिश कर लहराएं जनादेश का परचम : अजीत सिंह

चित्रकूट। जब वोटिंग ही 40-50 फीसदी होगी तो योग्य और अच्छे उम्मीदवारों का जनता कैसे चयन करेगी। वार्ड और नगर की सरकार बनानी है तो जनता को घरों से निकलकर शत-प्रतिशत मतदान करना होगा। फिर पांच साल पछताने से बेहतर है कि घरों की बच्चियां, बहू और मातायें मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। शुक्रवार को बुन्देली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने कहा कि आधी आबादी ने यदि वोट नहीं दिया तो समझिए अयोग्य व्यक्ति राज करने वाला है। सोच समझकर योग्य को चुनिए और वोटों की बारिश कर दीजिए, ताकि लोकतंत्र के महापर्व की धूम मचे और जनादेश का परचम लहरा जाये।

महिला को सर्प ने डंसा

फतेहपुर। कल्यानपुर थाना क्षेत्र के मौहार गांव में एक महिला को घर की सफाई करते समय जहरीले सांप ने उसको डस लिया। जिसकी जानकारी परिजनों हुई तो तुरंत परिजन महिला को इलाज के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। थानां क्षेत्र के मौहार गांव निवासी पप्पू की 35 वर्षीय पत्नी चंद्रावती आज अपने घर की सफाई कर रही थी। उसी समय कही छिपे बैठे ज़हरीले साँप ने उसको डस लिया। तुरंत परिजन महिला को गोपालगंज सीएचसी लेकर पहुंचे।

जनपद में सिर्फ 56.78 फीसदी वोटरों ने किया मतदान

● फतेहपुर सदर में हुआ सबसे कम मतदान

● हथगाव रहा अव्वल, 73.73 फीसदी पड़े वोट

● मतदान के प्रति वोटरों में नहीं दिखा उत्साह

संवाददाता। फतेहपुर

नगर निकाय चुनाव की कड़ी में गुरुवार को जनपद में हुए मतदान का अन्तिम डाटा उपलब्ध कराने में जिला प्रशासन को लगभग 24 घण्टे का समय लगा। प्रशासन द्वारा उपलब्ध करवाए गैर अधिकृत चार्ट के तहत् जनपद की सभी दस सीटों पर 56.78 फीसदी मतदान हुआ, जो पिछले चुनाव के मुकाबले कम रहा।

नगर पालिका परिषद फतेहपुर में सबसे कम सिर्फ 51.45 फीसदी मतदान हुआ जबकी नगर पालिका परिषद बिंदकी में 62.09 फीसदी वोट पड़े। इसी कड़ी में नगर पंचायत बहुआ में 59.98 फीसदी मतदान हुआ, नगर पंचायत असोथर में 61.98 फीसदी मतदान हुआ, नगर पंचायत कोड़ा जहानाबाद में 63.67 फीसदी मतदान हुआ, नगर पंचायत खागा में 63.42 फीसदी मतदान हुआ, नगर पंचायत किशनपुर में 58.18 फीसदी मतदान हुआ, नगर पंचायत हथगाव में सर्वाधिक 73.73 फीसदी मतदान हुआ, नगर पंचायत कारीकान घाता में 53.59 फीसदी मतदान हुआ जबकि नगर पंचायत खखरेरू में 58.09 फीसदी मतदाताओ ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस चुनाव में कुल 390790 मतदाता थे जिनमें सिर्फ 221873 मतदाताओं ने मतदान किया। जनपद में खासकर फतेहपुर में मतदान का प्रतिशत कम होने के पीछे कई कारण रहे जिनमें प्रमुख रूप से प्रशासन द्वारा इस मद में खास जागरूकता अभियान न चलाना एवं कई हजार लोगों के मतदाता सूची से नाम हट जाना भी अहम कारण माना जा रहा है।

मतदान के बाद आंकड़ों के बीच कयासों का दौर शुरू, प्रशासन ने ली राहत की सांस

कोंच, जालौन। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष और सभी 25 वार्डों के सभासद पद हेतु जारी चुनाव प्रक्रिया के तहत गत रोज गुरुवार को शांतिपूर्ण तरीके से मतदान संपन्न हो जाने के बाद अब अलग अलग जातिवार आंकड़ों के सहारे हार जीत के कयासों का दौर शुरू हो गया है। अध्यक्ष पद हेतु कुल 8 प्रत्याशी भाग्य आजमा रहे थे जबकि 25 वार्डों में सभासद हेतु कुल कुल 154 उम्मीदवार मैदान में थे। मतदान के बाद चाय, पान की गुमटीयों के अलावा नुक्कड़ चौराहों पर अब सुबह से लेकर देर शाम तक उम्मीदवारों के समर्थक अलग अलग जातीय आंकड़ों के आधार पर हार जीत का विश्लेषण करने में माथापच्ची करने लगे हैं। पिछले चुनाव में हुए 69 प्रतिशत मतदान के सापेक्ष इस वर्ष हुए चुनाव में 3 प्रतिशत मतदान कम हुआ है और करीब 66 प्रतिशत मतदान हुआ है। दूसी ओर बीते एक पखवाड़े से अधिक समय से चुनावी तैयारियों में लगे स्थानीय प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों ने मतदान के दिन किसी प्रकार की कोई गडबड़ी अव्यवस्था न होने और छिटपुट बातों को छोड़कर शांतिपूर्ण तरीके से मतदान संपन्न हो जाने पर राहत की सांस ली है।

आकृति ने उत्तीर्ण की जेईई मेंस परीक्षा, बनी टॉपर

जालौन, उरई। मेहनत कभी व्यर्थ नहीं जाती है। जब लक्ष्य बनाकर तैयारी की जाती है तो सफलता अवश्य मिल ही जाती है। आकृति प्रजापति ने जेईई मैंस की परीक्षा उत्तीर्ण कर परिवार के साथ जनपद का नाम रोशन किया है। बेटी की इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं मिल रही है। गोराभूपका निवासी श्रीराम प्रजापति प्रिंटिंग प्रेस लगाये है तथा उसी से उनके घर का भरण-पोषण होता है। उनकी बेटी आकृति प्रजापति ग्वालियर में रहकर जेईई परीक्षा की तैयारी कर रही थी। घोषित किये गये आईआईटी जेईई मैंस की परीक्षा में उसने 99.44 अंक पाकर सफलता प्राप्त की है। आकृति प्रजापति ने 99.44 प्रतिशत अंक पाकर न सिर्फ सफलता प्राप्त की है बल्कि ग्वालियर में गर्ल्स टापर बनी हैं और घर परिवार के साथ जनपद का भी नाम रोशन किया है।

खेलो इण्डिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2022 मशाल रैली फतेहपुर पहुंची

फतेहपुर। खेल इण्डिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2022 के तृतीय संस्करण का आयोजन 25 मई से 3 जून तक आयोजित किया जा रहा है। उक्त गेम्स के प्रचार प्रसार हेतु चार मशाल रैली प्रचार वाहन अलग-अलग दिशाओं से निकाली गयी। इस मशाल रैली को मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लखनऊ से झंडी दिखा कर रवाना किया गया। फतेहपुर में यह रैली स्पोर्ट्स स्टेडियम में आज शाम साढ़े पांच बजे के करीब पहुंची। मशाल के स्टेडियम पहुचने पर खिलाड़ियों द्वारा जोश के साथ स्वागत किया एवं फोटो सेल्फी भी लिया गया तथा मशाल के साथ खिलाड़ियों ने दौड़ भी लगाई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी श्रीमती श्रुति, विशिष्ट अतिथि मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, मशाल रैली के टीम लीडर हरिओम, लक्ष्मण पुरस्कार विजेता रविकान्त मिश्रा, राजपाल पुरस्कार से सम्मानित राष्ट्रीय हॉकी टीम के सदस्य रहे आयुश द्विवेदी लखन सिंह सदस्य जिला खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति, मुकेश तिरंदाजी प्रशिक्षक उप क्रीड़ाधिकारी सुधीर कुमार श्रीवास्तवआदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन अनुराग श्रीवास्तव क्रीड़ा अधिकारी ने किया।

पेज एक का शेष

विस्फोट में...

कुमार, जम्मू के हवलदार नीलम सिंह और हिमाचल प्रदेश के सिरमौर के पैराट्रूपर प्रमोद नेगी शामिल हैं। सेना ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) मुकेश सिंह घटना स्थल पर पहुंचे और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। राजौरी और पुंछ जिलों में सुरक्षा बल पिछले 15 दिन से बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान में लगे हुए हैं। 20 अप्रैल को भट्टा धुरियान में सेना के वाहन पर हमले के बाद यह अभियान शुरू हुआ था, जिसमें पांच सैनिक शहीद हो गए थे और एक अन्य घायल हो गया था। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी समेत राज्य के नेताओं ने भी इस हमले की निंदा की है और सेना के पांच जवानों के शहीद होने पर दुख जताया। राहुल गांधी ने कहा कि इस मुश्किल वक्त में वह शहीद जवानों के शोकसंतप्त परिवारों को अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करते हैं। नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) के उपाध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि आतंकवाद की कड़े शब्दों में निंदा की जानी चाहिए।

आतंकवाद पर...

ध्यान में रखना चाहिए। भारत बीआरआई की मुखर रूप से आलोचना करता रहा है, क्योंकि 50 अरब डॉलर की परियोजना में चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) शामिल है। सीपीईसी पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर से होकर गुजरता है। विदेश मंत्री ने कहा कि भारत ने एससीओ शिखर सम्मेलन घोषणा के रूप में नई दिल्ली घोषणा पत्र और कट्टरता रोकने पर सहयोग, रणनीति, मोटे अनाजों को बढ़ावा, जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए अनुकूल जीवनशैली और डिजिटल परिवर्तन पर चार संयुक्त घोषणा का भी प्रस्ताव दिया है। एससीओ के वर्तमान अध्यक्ष के रूप में भारत जुलाई में समूह के वार्षिक शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा। जयशंकर ने अंग्रेजी को एससीओ की तीसरी आधिकारिक भाषा के रूप में स्वीकार करने की भारत की लंबित मांग के लिए सदस्य देशों का समर्थन भी मांगा। वर्तमान में, रूसी और चीनी एससीओ की आधिकारिक भाषाएं हैं। जयशंकर ने स्टार्ट-अप और नवाचार तथा पारंपरिक चिकित्सा पर दो नए कार्य समूहों के गठन को लेकर भारत के प्रस्ताव के लिए सदस्य देशों के समर्थन की भी सराहना की। बिलावल के आतंकवाद से निपटने के बयान पर जयशंकर ने कहा कि पाकिस्तान की विश्वसनीयता इस मामले में उसके विदेशी मुद्रा भंडार से भी तेज गति से गिर रही है। पाकिस्तान के विदेश मंत्री ने एससीओ बैठक में आतंकवाद से सामूहिक रूप से निपटने का आह्वान किया था। यह पूछे जाने पर कि क्या इस समस्या से निपटने के लिए भारत और पाकिस्तान के बीच बातचीत हो सकती है, जयशंकर ने कहा कि आतंकवाद के शिकार लोग आतंकवाद पर चर्चा करने के लिए आतंकवाद के अपराधियों के साथ नहीं बैठते हैं। जयशंकर ने इस बात का भी उल्लेख किया कि जम्मू कश्मीर हमेशा से भारत का हिस्सा था, है और रहेगा। विदेश मंत्री ने कहा कि बिलावल एससीओ सदस्य देश के विदेश मंत्री के रूप में भारत आए और यह बहुपक्षीय कूटनीति का हिस्सा है। इसमें इससे ज्यादा कुछ मत देखिए।

लोगों की...

स्थापना रूस, चीन, किर्गिज गणराज्य, कजाकिस्तान, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपतियों ने 2001 में शंघाई में एक सम्मेलन में की थी। भारत और पाकिस्तान 2017 में इसके स्थाई सदस्य बने थे।

आतंकी प्रवृत्ति...

की छद्म नीतियों की साजिशों पर आधारित है। देश का इतना खूबसूरत राज्य, जहां के लोग इतने परिश्रमी और प्रतिभाशाली होते हैं। उस केरल में चल रही आतंकी साजिश का खुलासा केरल स्टोरी फिल्म में किया गया है। उन्होंने कहा कि देश का दुर्भाग्य देखिए। कांग्रेस आज समाज को तहस-नहस करने वाली इस आतंकी प्रवृत्ति के साथ खड़ी नजर आ रही है। इतना ही नहीं, ऐसी आतंकी प्रवृत्ति वालों से कांग्रेस पिछले दरवाजे से राजनीतिक सौदेबाजी तक कर रही है। कर्नाटक के लोगों को इसलिए कांग्रेस से बहुत ज्यादा सतर्क रहना है।

पीएम 14...

उम्मीद है। बयान में कहा गया है कि यह ऐतिहासिक यात्रा जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता के नुकसान और सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति सहित हमारे समय की प्रमुख चुनौतियों का जवाब देने के लिए साझा पहल भी करेगी।

राकांपा अध्यक्ष...

ने कहा कि वह अपने सहयोगियों और कार्यकर्ताओं की भावनाओं का अनादर नहीं कर सकते जो उनके इस्तीफे का फैसला वापस लिए जाने की जिद पर अड़ गए। राकांपा प्रमुख ने यह भी कहा कि किसी संगठन में किसी भी पद या जिम्मेदारी के लिए एक उत्तराधिकार योजना होनी चाहिए। पवार ने कहा कि वह पार्टी में संगठनात्मक बदलाव, नई जिम्मेदारियां सौंपने और नया नेतृत्व तैयार करने पर ध्यान देंगे। उन्होंने कहा कि मैं संगठन को आगे बढ़ाने के लिए भी पूरी ताकत से काम करूंगा और हमारी विचारधारा तथा पार्टी के लक्ष्यों को लोगों तक ले जाऊंगा। पवार ने कहा कि अपनी आत्मकथा के प्रकाशन के दौरान मैंने राकांपा प्रमुख के पद से अपनी सेवानिवृत्ति की घोषणा की थी। मैं 63 साल के सार्वजनिक जीवन के बाद सभी जिम्मेदारियों से मुक्त होना चाहता था। हालांकि, मेरा फैसला लोगों को अच्छा नहीं लगा।

यमुना सफाई...

ट्रिब्यूनल के निर्देश पर उपराज्यपाल की अध्यक्षता में गठित एक उच्च स्तरीय समिति ने यमुना में गिरने वाले नजफगढ़ नाले को लेकर सफाई और स्वच्छता को लेकर व्यापक और सूक्ष्म स्तर के कदम उठाए हैं, जिसके चलते नदी में प्रदूषण के स्तर घटने के साथ बेहतर परिणाम सामने आने लगे हैं। जिसके तहत नजफगढ़ नाले में बहने वाले उप-नालों को रोकना, कुदसिया घाट, असिता पूर्व, बाँसेरा में बाढ़ के मैदानों की बहाल करना, बेला फार्म व गढ़ी मांडू के बीच के भाग में नदी के बाढ़ के मैदान का कायाकल्प समेत कई अन्य पहल शामिल हैं। सक्सेना ने इस सप्ताह की शुरुआत में यमुना के 11 किलोमीटर लंबे सिग्नेचर ब्रिज-आईटीओ बैराज खंड का नाव से निरीक्षण किया था। इस अवसर पर उन्होंने कहा था कि वे भविष्य में 22 किलोमीटर के लंबे खंड पर नाव की सवारी शुरू करने की संभावना तलाश रहे हैं।

13 हजार...

मुठभेड़ की खबरें आ रही थीं। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि चुराचांदपुर जिले के कांगवई, पड़ोसी बिष्णुपुर जिले के पश्चिमी पहाड़ी इलाके फौगाकचाओ और इंफाल पूर्वी जिले के दोलाईथाबी और पुखाओ में जातीय हिंसा में शामिल हुए उग्रवादी समूहों और सुरक्षाबलों के बीच रुक-रुककर मुठभेड़ होने की सूचना है। उन्होंने कहा कि हालांकि, फिलहाल यह नहीं पता चल सका है कि दोनों पक्षों में कोई हताहत हुआ है या नहीं। एक रक्षा अधिकारी ने बताया कि मणिपुर में सेना और असम राइफल्स के करीब 10,000 जवान तैनात किए गए हैं। इस बीच आधिकारिक सूत्रों ने नई दिल्ली में बताया कि इस बीच पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) स्तर के कम से कम पांच अधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक स्तर व पुलिस अधीक्षक स्तर के सीआरपीएफ के सात अधिकारियों को हिंसा प्रभावित मणिपुर में विभिन्न सुरक्षा बलों की तैनाती के बीच समन्वय का जिम्मा सौंपा गया है। केन्द्र सरकार ने मणिपुर में हिंसा को देखते हुए सीआरपीएफ और बीएसएफ सहित केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) की और 20 कंपनियों को रवाना किया है। सूत्रों ने बताया कि केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह मणिपुर की स्थिति पर करीब से नजर बनाए हुए हैं और राज्य तथा केन्द्र सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों से लगातार संपर्क में हैं। सूत्रों ने कहा कि समुदायों के बीच हिंसा में कई लोग लोग मारे गए हैं और घायल हुए हैं। हालांकि, पुलिस फिलहाल इसकी पुष्टि नहीं कर रही है। अधिकारियों के मुताबिक, सेना की सिख रेजीमेंट अभी इंफाल पश्चिम जिले के लांगोल में बचाव अभियान चला रही है, जहां से 500 से अधिक लोगों को लीमाखोंग सैन्य शिविर में सुरक्षित आश्रय स्थलों में स्थानांतरित किया जा रहा है। राज्य में हिंसा को देखते हुए मणिपुर जाने वाली ट्रेनें शुक्रवार को तत्काल प्रभाव से रद्द कर दी गईं। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) के प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। रक्षा विभाग के जनसंपर्क अधिकारी (पीआरओ) ने एक बयान जारी कर कहा, भारतीय वायु सेना के सी17 ग्लोबमास्टर और एएन32 विमानों ने असम की दो हवाई पट्टियों से कई उड़ानें भरकर क्षेत्र में अतिरिक्त सुरक्षाबल पहुंचाए हैं। बयान के अनुसार, प्रभावित इलाकों में सुरक्षाबलों की तैनाती चार मई की रात को शुरू की गई। अतिरिक्त बलों ने पांच मई को तड़के ही नागरिकों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने का काम आरंभ कर दिया। प्रभावित क्षेत्रों से सभी समुदायों के नागरिकों की निकासी का काम बृहस्पतिवार को रात भर किया गया। चुराचांदपुर और अन्य संवेदनशील इलाकों में फ्लैग मार्च जारी है।

भारत और चीन सीमा पर हालात सामान्यत: स्थिर चीनी विदेश मंत्री

भाषा। बीजिंग

दोनों पक्ष इसे और सहज करने पर जोर दें

चीन के विदेश मंत्री छिन कांग ने दोहराया कि भारत-चीन सीमा पर स्थिति सामान्यत: स्थिर है और दोनों पक्षों को मौजूदा प्रयासों को मजबूत करना चाहिए तथा सीमा पर स्थिति को शांत एवं सहज करने तथा वास्तविक नियंत्रण रेखा के पास स्थाई शांति के लिए संयुक्त रूप से कार्वाई करनी चाहिए। गोवा के बेनौलिम में बृहस्पतिवार को शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के विदेश मंत्रियों की बैठक से इतर विदेश मंत्री एस. जयशंकर के साथ अपनी बातचीत में छिन ने चीन के हालिया रुख को दोहराते हुए कहा कि चीन-भारत सीमा पर मौजूदा हालात सामान्यत: स्थिर है। उनका बयान स्पष्ट रूप से पूर्वी लद्दाख में जारी सैन्य गतिरोध के संदर्भ में था, जिससे दोनों देशों के बीच संबंधों में तनाव आ गया। छिन-जयशंकर वार्ता पर शुक्रवार को यहां जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में छिन के हवाले से कहा गया, दोनों पक्षों को दोनों देशों के नेताओं के बीच बनी महत्वपूर्ण सहमति को लागू करते रहना चाहिए, मौजूदा प्रयासों को मजबूत करना चाहिए, प्रासंगिक समझौतों का सख्ती से पालन करना चाहिए, सीमा की स्थिति को और सहज एवं सरल करने पर जोर देना चाहिए तथा सीमाई इलाकों में स्थाई शांति एवं स्थिरता बनाए रखनी चाहिए। वार्ता के बाद एक ट्वीट में जयशंकर ने कहा कि शेष मुद्दों को हल करने और सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित रहा। उन्होंने कहा, दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों पर चीन के विदेश मंत्री छिन कांग के साथ विस्तृत चर्चा हुई है। लंबित मुद्दों को हल करने और सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच पूर्वी लद्दाख में नियंत्रण रेखा (एलएसी) के पास कुछ टकराव वाले बिंदुओं पर पिछले करीब तीन साल से गतिरोध की स्थिति बनी हुई है। हालांकि, सैन्य और कूटनीतिक स्तर पर की गई कई दौर की वार्ताओं के बाद कई जगहों पर दोनों देशों की सेनाएं अपने-अपने स्थान से पीछे हटी हैं। पिछले दो महीने में दूसरी बार छिन और जयशंकर के बीच यह बैठक हुई है। चीनी विदेश मंत्री ने जी-20 के विदेश मंत्रियों की बैठक में हिस्सा लेने के लिए मार्च में भारत यात्रा की थी। स्थिर एवं सतत विकास के साथ द्विपक्षीय संबंधों को फिर से पटरी पर लाने के लिए भारत के साथ संयुक्त प्रयासों का आह्वान करते हुए छिन ने कहा, दोनों पक्षों को इतिहास से सीखना चाहिए और द्विपक्षीय संबंधों को रणनीतिक और दीर्घकालिक दृष्टिकोण से संभालना चाहिए।

जापान में आया 6.2 तीव्रता का भूकंप, एक की मौत, 13 घायल

तोक्यो। मध्य जापान में शुक्रवार को 6.2 तीव्रता का भूकंप आया, जिससे एक व्यक्ति की मौत हो गई और 13 अन्य घायल हो गए। हालांकि, अधिकारियों का कहना है कि सुनामी का कोई खतरा नहीं है। अमेरिकी भूगर्भ सर्वेक्षण के भूकंप सूचना केंद्र के अनुसार, जापान के होन्शू द्वीप के मध्य पश्चिमी तट के पास स्थित इशिकावा प्रान्त में अपराह्न करीब दो बजकर 42 मिनट पर 6.2 तीव्रता का भूकंप आया। वहीं, जापान मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक, भूकंप की तीव्रता 6.5 रही। इस संबंध में एक अधिकारी ने बताया कि भूकंप के कारण इशिकावा के सुजु शहर में एक व्यक्ति की मौत हो गई और कम से कम 13 अन्य घायल हो गए। उन्होंने बताया कि भूकंप के कारण छह घर क्षतिग्रस्त हो गए। उन्होंने कहा कि बारिश के कारण भूस्खलन की आशंका है। सरकार के प्रवक्ता हिरोकाजू एम. ने बताया कि कुछ इमारतों के क्षतिग्रस्त होने की सूचना है। दो परमाणु संयंत्रों को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है।

डब्ल्यूएचओ ने कोविड महामारी का दर्जा घटाया

यह अब आपात स्थिति नही

भाषा। जिनेवा

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने शुक्रवार को कहा कि कोविड-19 अब वैश्विक आपातकाल के योग्य नहीं है, जो विनाशकारी कोरोना वायरस वैश्विक महामारी के प्रतीकात्मक अंत को चिह्नित करता है।इस महामारी की वजह से एक समय में दुनिया के विभिन्न देशों में लॉकडाउन लगाया गया था, जिससे दुनिया भर में अर्थव्यवस्थाएं प्रभावित हुईं और कम से कम 70 लाख लोगों की मौत हो गई। डब्ल्यूएचओ ने दक्षिण पूर्व एशिया व पश्चिम एशिया में संक्रमण के मामलों में आई हालिया तेजी के संदर्भ में कहा कि भले ही आपातकालीन दौर खत्म हो गया हो, महामारी का अंत नहीं हुआ है। संयुक्त राष्ट्र की स्वास्थ्य एजेंसी ने कहा कि हर हफ्ते दुनिया भर में हजारों लोग अब भी संक्रमण से जान गंवा रहे हैं। डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक टेड्रोस अद्यनोम घेब्रेएसस ने कहा, बहुत उम्मीद के साथ मैं घोषणा कर रहा हूं कि कोविड-19 वैश्विक स्वास्थ्य आपातकाल का दौर पार कर चुका है। इसका यह मतलब नहीं है कि कोविड-19 वैश्विक स्वास्थ्य खतरे के तौर पर खत्म हो गया है। संयुक्त राष्ट्र की स्वास्थ्य एजेंसी ने जब पहली बार 30 जनवरी, 2020 को कोरोना वायरस को एक अंतरराष्ट्रीय आपदा घोषित किया, तब तक इसे कोविड-19 नाम नहीं दिया गया था और चीन के बाहर इसका व्यापक प्रकोप भी नहीं था। तीन साल से अधिक समय के बाद, वायरस के कारण विश्व स्तर पर संक्रमण के अनुमानत: 76.4 करोड़ मामले सामने आए और लगभग पांच अरब लोगों को टीके की कम से कम एक खुराक मिली है।

तुर्किए में काला सागर देशों के सम्मेलन के दौरान यूक्रेनी प्रतिनिधि ने रूसी अधिकारी को पीटा

भाषा। इस्तांबुल

तुर्की की राजधानी अंकारा में आयोजित काला सागर देशों के सम्मेलन में यूक्रेन और रूस के प्रतिनिधियों के बीच हाथापाई हो गई। बृहस्पतिवार को तुर्की के संसद भवन में आयोजित सम्मेलन के दौरान यूक्रेन का झंडा हाथ से छीने जाने के बाद यूक्रेनी सांसद ओलेक्जेंद्र मारीकोवस्की ने रूसी अधिकारी के सिर पर घूंसे बरसा दिए। मारीकोवस्की के फेसबुक पेज पर एक वीडियो साझा की गई है, जिसमें वह रूस की प्रतिनिधि ओला टिमोफीसा के पीछे यूक्रेन का झंडा फहराते दिख रहे हैं। इस दौरान एक व्यक्ति मारीकोवस्की के पास जाता है और उनसे झंडा छीन लेता है। इसके बाद मारीकोवस्की उसका पीछा करके उसे पकड़ लेते हैं और सिर पर घूंसे बरसा देते हैं। तभी अन्य लोग वहां पहुंचते हैं और दोनों को एक दूसरे से अलग कर देते हैं। इससे पहले भी बृहस्पतिवार को जब टिमोफीसा सभा को संबोधित कर रही थीं तो यूक्रेनी प्रतिनिधियों ने उनके दोनों ओर यूक्रेनी झंडे फहराकर संबोधन को बाधित किया था। तुर्की की संसद के अध्यक्ष मुस्तफा सेंटोप ने घटना की निंदा की है। उन्होंने ट्वीट किया, मैं इस व्यवहार की निंदा करता हूं, जिससे शांति का माहौल खराब होता है।

जेलेंस्की पुतिन पर मुकदमा चलाना चाहते हैं, रूस ने अमेरिका पर ड्रोन हमले का आरोप लगाया

हेग। युद्ध को लेकर यूक्रेन और रूस के बीच बयानबाजी बृहस्पतिवार को भी जारी रही। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने जहां इस बात पर भरोसा जताया कि उनके रूसी समकक्ष व्लादिमीर पुतिन को युद्ध अपराध का दोषी ठहराया जाएगा, वही रूस ने आरोप लगाया कि ड्रोन हमले में अमेरिका का हाथ है। रूस इस हमले को पुतिन की हत्या का प्रयास बता रहा है। फरवरी 2022 मे रूस द्वारा युद्ध शुरू करने के बाद से अब तक दोनो देशों के नेता कई मौकों पर एक दूसरे पर निजी हमले कर चुके है। हालिया बयानबाजी बुधवार को उस वक्त शुरू हुई जब रूस ने राष्ट्रपति पुतिन को मारने के इरादे से राजधानी मास्को में क्रेमलिन (रूसी राष्ट्रपति भवन) पर यूक्रेन की ओर से ड्रोन से हमला किए जाने का दावा किया। जेलेंस्की ने इस बात से इनकार किया कि कथित ड्रोन हमले में यूक्रेन के सुरक्षा बल का हाथ है। क्रेमलिन ने इसे आतंकवादी कृत्य बताते हुए इसका करारा जवाब देने का संकल्प लिया तो क्रेमलिन समर्थकों ने इसके लिए यूक्रेन के शीर्ष नेताओ की हत्या का आह्वान किया। कथित हमले मे वास्तव मे क्या हुआ, इसे लेकर अब भी अनिश्चितता बनी हुई है। पुतिन के प्रवक्ता ने बृहस्पतिवार को इसमे अमेरिका की मिलीभगत का आरोप लगाया। क्रेमलिन के प्रवक्ता दमित्री पेस्कोव ने अपने दैनिक संवाददाता सम्मेलन के दौरान कहा कि क्रेमलिन इस बात को भलीभांति जानता है कि इस तरह की कार्वाई और आतंकवादी हमले को लेकर फैसले कीव में नही लिए जा सकते है।

राष्ट्रपति विक्रमसिंघे ने समृद्ध राष्ट्र बनाने के लिए एकजुटता का आह्वान किया

कोलंबो। राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने शुक्रवार को अभूतपूर्व आर्थिक संकट की वजह से मुश्किल दौर का सामना कर रहे श्रीलंका के लोगों से समृद्ध देश का निर्माण करने के लिए एकजुट होने का आह्वान किया। नकदी संकट से गुजर रहे देश के वित्तमंत्री की भी जिम्मेदारी निभा रहे विक्रमसिंघे ने वेसाक पोया दिवस के अवसर पर कहा कि सदा के लिए प्रासंगिक महात्मा बुद्ध के दर्शन संतुष्टि का स्रोत है।

अमेरिका की प्रथम महिला जिल बाइडन ब्रिटेन पहुंचीं

लंदन। अमेरिका की प्रथम महिला जिल बाइडन शनिवार को वेस्टमिंस्टर एबे में होने वाले महाराजा चार्ल्स तृतीय के ऐतिहासिक राज्याभिषेक समारोह मे हिस्सा लेने के लिए शुक्रवार को लंदन पहुंचीं। प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और उनकी पत्नी अक्षता मूर्ति ने उनका स्वागत किया। ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन (बीबीसी) की खबर के अनुसार बाइडन और मूर्ति के बीच निजी वार्ता हो सकती है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन राज्याभिषेक समारोह मे शरीक नही होंगे।

अमेरिका में भारतीय मूल के दो भाइयों की हत्या

ह्यूस्टन (अमेरिका)। अमेरिका के ओरेगॉन मे भारतीय मूल के दो भाइयो की बुधवार को गोली मारकर हत्या कर दी गई। हमलावर भी भारतीय मूल का ही है। पुलिस और मीडिया मे आई खबरो से यह जानकारी मिली है। केजीडब्ल्यू न्यूज चैनल की खबर के मुताबकि, घटना बुधवार की है। आरोपी जोबनप्रीत सिंह ने पोर्टलैंड सिटी मे स्थित एक मॉल मे दो लोगो को गोली मार दी। पुलिस ने मरने वालों की पहचान नही बताई है। हालांकि, मॉल मे तम्बाकू की दुकान चलाने वाले कमल सिंह ने कहा कि उनका मानना है कि मरने वाले दोनों भाई थे।

अनिल ने पत्नी को पुलिस में भर्ती के लिए प्रोत्साहित किया था

सिरसिल्ला (तेलंगाना)। जम्मू-कश्मीर मे हुई हेलीकॉप्टर दुर्घटना मे जान गंवाने वाले सेना के तकनीशियन पाब्बल्ला अनिल (29) ने अपनी पत्नी को पुलिस मे भर्ती होने के लिए प्रोत्साहित किया था, जिसके बाद वह लिखित परीक्षा मे शामिल हुई। अनिल के एक रिश्तेदार ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सेना का एक हेलीकॉप्टर किसी तकनीकी खामी के चलते जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले मे बृहस्पतिवार को दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, जिसके कारण इसमें सवार तकनीशियन अनिल की मौत हो गई और दो पायलट घायल हुए। अनिल तेलंगाना के राजन्ना सिरसिल्ला जिले के रहने वाले थे।

उपराष्ट्रपति धनखड़ ब्रिटिश महाराज चार्ल्स तृतीय से मुलाकात की

भाषा। लंदन

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ब्रिटेन के नए महाराज चार्ल्स तृतीय के औपचारिक राज्याभिषेक समारोह में शामिल होने के लिए शुक्रवार को लंदन पहुंचे। उन्होंने राज्याभिषेक समारोह से पहले चार्ल्स तृतीय से मुलाकात की।राज्याभिषेक समारोह शनिवार को वेस्टमिंस्टर एबे में होगा। धनखड़ के साथ उनकी पत्नी डॉ. सुदेश धनखड़ भी आई हैं। उपराष्ट्रपति कार्यालय ने ट्वीट किया, माननीय उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ और डॉ. सुदेश धनखड़, महामहिम महाराज चार्ल्स तृतीय के राज्याभिषेक समारोह में शामिल होने के लिए लंदन पहुंचे। एक अन्य ट्वीट में कहा गया, माननीय उपराष्ट्रपति श्री जगदीप ने महाराज चार्ल्स तृतीय से उनके द्वारा लंदन के मालबोरो हाउस में राष्ट्रमंडल नेताओं के लिए आयोजित स्वागत समारोह के दौरान संवाद किया।

चार्ल्स तृतीय अपने नाना जॉर्ज-षष्टम की गद्दी पर बैठेंगे

ब्रिटिश भारतीय शेफ मंजू मल्ही राज्याभिषेक समारोह में बतौर अतिथि शामिल होने को तैयार

लंदन। ब्रिटिश एम्पायर मेडल (बीईएम) से सम्मानित भारतवंशी शेफ (खानसामा) मंजू मल्ही शनिवार को यहां होने वाले महाराजा चार्ल्स तृतीय और महारानी कैमिला के राज्याभिषेक समारोह में हिस्सा लेने के लिए तैयार है। वरिष्ठ नागरिकों के लिए काम करने वाले परोपकारी संस्था से जुड़ी मल्ही को कोविड-19 के दौरान लंदन में सामुदायिक सेवा के लिए चार्ल्स की मां, दिवंगत महारानी एलिजाबेथ द्वितीय द्वारा बीईएम से सम्मानित किया गया था। शेफ मंजू मल्ही और बीईएम से सम्मानित 850 अन्य लोगों को राज्याभिषेक समारोह मे हिस्सा लेने के लिए आमंत्रित किया गया है। मल्ही ने कहा, जब मुझे एहसास हुआ कि यह वास्तव मे हो रहा है, तो मेरी खुशी की सीमा नही रही। मुझमे ऐसा क्या है जो मै विश्व के इतिहास मे सबसे ऐतिहासिक क्षणो मे से एक का हिस्सा बनने जा रही हूं। एब्बे मे बैठकर समारोह को देखूंगी।

महाराज चार्ल्स तृतीय के राज्याभिषेक में प्रधानमंत्री ऋषि सुनक पढ़ेंगे बाइबिल संबंधी संदेश

लंदन। ब्रिटेन के प्रधानमंत्रियो द्वारा राजकीय अवसरों पर संदेश पढ़े जाने की हालिया परंपरा को ध्यान मे रखते हुए ऋषि सुनक शनिवार को महाराज चार्ल्स तृतीय के राज्याभिषेक के अवसर पर कुलुस्सियों की बाइबिल पुस्तक से संदेश पढ़ेंगे। सुनक भारतीय विरासत के ब्रिटेन के पहले प्रधानमंत्री और एक धर्मनिष्ठ हिंदू है। बाइबिल संबंधी संदेश के साथ उनके संबोधन से छह मई को वेस्टमिंस्टर एब्बे मे ईसाई समारोह के लिए बहु-धार्मिक विषय की गूंज सुनाई देगी। कैंटरबरी के आर्कबिशप रेवरेंड जस्टिन वेल्बी के कार्यालय लैम्बेथ पैलेस ने कहा कि अन्य धार्मिक परंपराओ के सदस्य पहली बार सेवा में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। इसने कहा, "ब्रिटिश प्रधानमंत्रियो द्वारा राजकीय अवसरों पर संदेश पढ़ने की हालिया परंपरा के बाद मेजबान राष्ट्र की सरकार के प्रमुख के रूप मे इसे प्रधानमंत्री ऋषि सुनक द्वारा पढ़ा जाएगा।"

भाषा। लंदन

ब्रिटेन के महाराजा चार्ल्स तृतीय शनिवार को यहां एबे वेस्टमिंस्टर में होने वाले अपने ऐतिहासिक राज्याभिषेक के दौरान उस गद्दी पर बैठेंगे, जिसका इस्तेमाल 86 वर्ष पहले उनके नाना जॉर्ज-षष्टम की ताजपोशी के समय किया गया था। शाही परंपरा के अनुसार एबे में राज्याभिषेक के विभिन्न चरणों के दौरान पारंपरिक गद्दियों और सिंहासनों का उपयोग किया जाता है। राज्याभिषेक के दौरान महाराजा चार्ल्स और उनकी पत्नी महारानी कैमिला अलग-अलग क्षणों में सेंट एडवर्ड्स चेयर , चेयर्स ऑफ स्टेट और थ्रोन चेयर्स पर बैठेंगे। थ्रोन चेयर्स का इस्तेमाल 12 मई, 1937 को किंग जॉर्ज षष्टम और महारानी एलिजाबेथ के राज्याभिषेक के लिए किया गया था। बकिंघम पैलेस ने कहा, शाही जोड़े ने पारंपरिक वस्तुओं के महत्व को बरकरार रखते हुए पिछले राज्याभिषेकों में इस्तेमाल हुईं चेयर्स ऑफ एस्टेट और थ्रोन चेयर्स को चुना है। इन्हें आवश्यकतानुसार संरक्षित, पुनर्स्थापित और अनुकूलित किया गया है। चेयर्स ऑफ द स्टेट का निर्माण 1953 में किया गया था और उसी साल दो जून को महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के राज्याभिषेक के दौरान इसका इस्तेमाल किया गया था।

क्विक न्यूज

सर्बिया: दो दिन में दूसरी गोलीबारी की घटना में आठ लोगों की मौत, संदिग्ध व्यक्ति गिरफ्तार

बेलग्रेड। सर्बिया के बेलग्रेड से सटे एक कस्बे मे बृहस्पतिवार देर रात हुई गोलीबारी की घटना मे कम से कम आठ लोगो की मौत हो गई और 14 लोग घायल हो गए। सर्बिया के अधिकारियो ने बताया कि पिछले दो दिनो मे गोलीबारी की इस दूसरी घटना के बाद पुलिस ने रातभर जारी दबिश के बाद शुक्रवार को एक संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। इस घटना मे एक बंदूकधारी ने अंधाधुंध गोलीबारी करके तीन गांवो के आठ लोगो की जान ले ली। हमलावर ने राजधानी से करीब 50 किलोमीटर दक्षिण मे म्लाडेनोवैक के पास तीन गांवो मे लोगो पर गोलियां चलाईं। सर्बिया के राष्ट्रपति एलेक्जेंडर वुसिक ने बृहस्पतिवार को हुई गोलीबारी को पूरे देश पर हमला बताया और कहा कि गिरफ्तार किए गए व्यक्ति ने नाजी समर्थक नारो वाली टी-शर्ट पहन रखी थी। सरकारी टेलीविजन आरटीएस पर शुक्रवार को प्रसारित खबर के अनुसार, हमलावर ने राजधानी के 50 किलोमीटर दक्षिण मे स्थित म्लाडेनोवैक शहर मे एक स्वचालित हथियार से अंधाधुंध गोलीबारी की। तत्काल इस संबंध में कोई विस्तृत जानकारी उपलब्ध नही है और पुलिस ने कोई बयान जारी नही किया है। इससे पहले बेलग्रेड मे बुधवार को 13 वर्षीय लड़के ने अपने पिता की बंदूक का इस्तेमाल कर व्लादिस्लाव रिबनिकर प्राथमिक स्कूल मे अंधाधुंध गोलीबारी की थी जिसमें उसके आठ सहपाठी और स्कूल का एक गार्ड मारा गया था।

नेपाल में हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त, एक व्यक्ति की मौत, पायलट समेत चार लोग घायल

काठमांड। पूर्वी नेपाल मे शुक्रवार को एक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि पायलट समेत चार लोग घायल हो गए। एक आधिकारिक बयान मे यह जानकारी दी गई। दुर्घटनाग्रस्त हेलीकॉप्टर, नेपाल की एक निजी हेलीकॉप्टर सेवा प्रदाता कंपनी का था। बयान के मुताबिक, यह दुर्घटना संखुवासभा जिले मे भोतेखोला नदी के पास हुई, जहां निर्माण सामग्री ले जा रहा हेलीकॉप्टर उतरने के दौरान एक पेड़ से टकरा गया। जिला प्रशासन ने बयान मे कहा कि दुर्घटना मे हेलीकॉप्टर पर सवार सिमरिक एयर हेलीकॉप्टर के कर्मचारी भाविन गुरुंग की मौत हो गई। हेलीकॉप्टर मे कुल पांच लोग सवार थे। बयान मे कहा गया, हेलीकॉप्टर शुक्रवार को अपराह्न करीब एक बजकर 20 मिनट पर दुर्घटनाग्रस्त हुआ। हादसे मे सिमरिक एयर हेलीकॉप्टर के एक कर्मचारी की मौत हो गई, जबकि पायलट समेत चार लोग घायल हुए।

जॉन ली कैरी के उपन्यास पर हिंदी फिल्म

मुंबई। 'द नाइट मैनेजर' को प्रशंसकों, समीक्षकों और फिल्म जगत ने बराबरी से पसंद किया है और डिज़्नी हॉटस्टार ने हॉटस्टार स्पेशल्स द नाइट मैनेजर पार्ट 2 की तारीख की घोषणा कर दी है, जोकि अब 30 जून, 2023 को रिलीज होगा। पहले भाग में हमने शेली रूंगटा (अनिल कपूर) और शान सेनगुप्ता (आदित्य रॉय कपूर) की भिड़ंत देखी थी और प्रशंसक सोच रहे थे कि आगे क्या होगा? जॉन ली कैरी के उपन्यास द नाइट मैनेजर" के इस हिन्दी-भाषी रूपांतरण के निर्माता हैं द इंक फैक्ट्री और बनिजय आसिया और इसकी रचना तथा निर्देशन संदीप मोदी ने किया है और इसकी दूसरी निर्देशक हैं प्रियंका घोष। रचनाकार एवं निर्देशक संदीप मोदी ने कहा, पहले भाग को मिली प्रतिक्रिया देखना बहुत सुखद रहा और हर किसी से मिले प्यार के लिये मैं आभारी हूँ। द नाइट मैनेजर- पार्ट 2 में ऐक्शन और रोमांच दोगुना होगा। अनिल कपूर ने कहा, द नाइट मैनेजर को हमारे प्रशंसकों ने जो प्यार और समर्थन दिया है, उससे मैं बहुत खुश हूँ। उनके उत्साह ने हमें ज्यादा मेहनत करने के लिए प्रेरित किया है। आदित्य रॉय कपूर ने कहा, पहले पार्ट की कामयाबी वाकई में शानदार थी, और हम बेहद उत्साहित हैं कि दर्शक शैली और शान के सफर में आगे क्या होने वाला है, उसे जरूर देखें।

पाकिस्तान, अफगानिस्तान और चीन के विदेशमंत्री इस्लामाबाद में त्रिपक्षीय वार्ता करेंगे

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के विदेशमंत्री चीन और अफगानिस्तान के अपने समकक्षो के साथ शनिवार को त्रिपक्षीय बैठक करेंगे जिसका उद्देश्य जटिल अफगान मुद्दे पर सहयोग को बढ़ाना और पाकिस्तानी शीर्ष नेताओ के साथ संवाद करना है। पाकिस्तान के विदेश कार्यालय ने दो अलग-अलग बयानो मे चीन के विदेशमंत्री छिन कांग और अफगानिस्तान के कार्यवाहक विदेशमंत्री अमीर खान मुत्तकी के पांचवें चीन-पाकिस्तान-अफगानितस्तान त्रिपक्षीय विदेश मंत्री संवाद मे शामिल होने की पुष्टि की। विदेश कार्यालय ने यहां जारी बयान में कहा, चीन के स्टेट काउंसलर और विदेश मंत्री माननीय छिन कांग पांच और छह मई 2023 को पाकिस्तान की आधिकारिक यात्रा पर होंगे और इस पद पर आसीन होने के बाद यह उनकी पहली पाकिस्तान यात्रा होगी।

ईरान ने तनाव के बीच अजरबैजान के चार राजनयिकों को निष्कासित किया

तेहरान। ईरान ने अजरबैजान के साथ चल रहे तनाव के बीच पड़ोसी देश के चार राजनयिकों को निष्कासित कर दिया है। ईरानी मीडिया ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। ईरान के अर्द्धसरकारी समाचार संगठनों ने इस फैसले के पीछे की ज्यादा जानकारियां नही दी। उन्होंने केवल यह बताया कि चारों राजनयिक तेहरान मे अजरबैजान दूतावास तथा उत्तरपश्चिमी तबरीज शहर मे उसके वाणिज्य दूतावास मे काम कर रहे थे। पिछले महीने अजरबैजान ने बाकू से ईरान के चार राजनयिकों को निष्कासित कर दिया था। तेहरान और बाकू के बीच संबंध लंबे समय से तनावपूर्ण रहे हैं लेकिन हाल मे हालात तब बिगड़ गए जब जनवरी मे एक बंदूकधारी ईरान की राजधानी मे अजरबैजान के दूतावास मे घुस गया और उसने उसके सुरक्षा प्रमुख की हत्या कर दी तथा दो सुरक्षाकर्मियो को घायल कर दिया।

सीरिया की वापसी पर बैठक करेंगे अरब देशों के मंत्री

काहिरा। अरब देशों के राजनयिक इस सप्ताहांत काहिरा मे एक आपात बैठक की योजना बना रहे है जिसमें सूडान मे जारी लड़ाई और अरब लीग मे सीरिया की वापसी की संभावनाओ को लेकर चर्चा होगी। एक अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि एक दशक से ज्यादा समय पहले सीरिया की अरब लीग की सदस्यता निलंबित कर दी गई थी। अरब लीग के एक प्रवक्ता गमल रुश्दी ने पुष्टि की कि रविवार को होने वाली बैठक ऐसे समय हो रही है जब मिस्र और सऊदी अरब समेत कुछ अरब देशो ने सीरियाई राष्ट्रपति बशर असद के साथ संबंध फिर शुरू किए है और उनके विदेश मंत्रियो ने हाल के हफ्तो मे दमिश्क का दौरा किया है। सीरिया के विदेश मंत्री ने भी अप्रैल मे काहिरा और सऊदी की राजधानी रियाद का दौरा किया।

अमेरिका अपने आठ सैन्य ठिकानों के पास जमीन खरीदने के नियमों में बदलाव करेगा

वाशिंगटन। अमेरिका ने एक चीनी कंपनी द्वारा उत्तरी डकोटा मे उसके वायु सेना अड्डे के करीब संयंत्र बनाने की कोशिशो को लेकर उपजे विवाद के बीच देश के आठ सैन्य ठिकानो के पास संपत्ति खरीदने के नियमो मे बदलाव करने का फैसला किया है। इस बदलाव के तहत, विदेशी नागरिकों और कंपनियो को आठो सैन्य ठिकानो के 160 किलोमीटर के दायरे मे कोई भी भूखंड खरीदने के लिए अमेरिकी प्रशासन की मंजूरी लेने की जरूरत पड़ेगी। कोषागार विभाग का निवेश सुरक्षा कार्यालय शुक्रवार को नियमो मे बदलाव से संबंधित यह प्रस्ताव पेश करेगा। यह प्रस्ताव अमेरिकी कंपनियो और विदेशी निवेशको के बीच व्यापारिक समझौतो की जांच करने वाली विदेशी निवेश संबंधी समिति को अतिरिक्त शक्तियां प्रदान करेगा।

THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I, Rajiya W/o Mohd. Salim R/o H.no-139-D, Savitri Nagar, Malviya Nagar, New Delhi - 110017 have declare that I have changed my name from Sushama Singh to Rajiya After my marriage for all future purpose.

PD(026)C

I Tanuj Gautam Krishan Chandra Gautam S/o Krishan Chandra Gautam R/o H no-75, Kendriya Lok Nirman Sahkari Awas Samiti Ltd., Plot no-10, Sector-P4 Builder's Area Greater Noida have changed my name from Tanuj Gautam Krishan Chandra Gautam to Tanuj Gautam for all future purposes.

PD(027)C

क्या होता जब आप हवाई जहाज के शौचालय में फ्लश करते हैं?

भाषा। सिडनी

क्या होता है जब आप एक विमान में शौचालय को फ्लश करते हैं? - हरकोर्ट की छह साल की लिली ने यह सवाल पूछा। लिली यह एक अच्छा सवाल हैउ यह आपके घर के शौचालय की तरह काम नहीं करता है, जो हमारे शौचालयों से कचरे को सीवर सिस्टम में पहुंचाने के लिए गुरुत्वाकर्षण का उपयोग करता है। एक हवाई जहाज के शौचालय में नीले रंग के रसायन के साथ एक निर्वात प्रणाली का उपयोग होता है जो हर बार जब आप फ्लश करते हैं तो गंध को साफ कर देता है। एक बदबूदार टैंक: अपशिष्ट और सफाई के लिए इस्तेमाल होने वाला नीला तरल पदार्थ हवाई जहाज के कार्गो होल्ड के बिल्कुल पीछे, फर्श के नीचे एक भंडारण टैंक में जमा हो जाता है। विमान में इतने सारे लोगों द्वारा शौचालय का उपयोग करते हुए, आप कल्पना कर सकते हैं कि भंडारण टैंक कितना बड़ा होगाउ सिस्टम को बहुत हद तक उस वैक्यूम क्लीनर की तरह डिज़ाइन किया गया है जिसका उपयोग हम अपने घर के फर्श से गंदगी और धूल हटाने के लिए करते हैं। सफाई के बाद यह गंदगी और धूल वैक्यूम क्लीनर में बने एक कंटेनर में जमा हो जाती है जिसे हम कचरे के डिब्बे में खाली कर देते हैं। इसी तरह, हवाई जहाज के शौचालयों कचरे को प्लंबिंग पाइप में ले जाने के लिए वैक्यूम दबाव प्रणाली की आवश्यकता होती है जो शौचालय को भंडारण टैंक से जोड़ती है, और अंत में कचरा टैंक में चला जाता है। भंडारण टैंक पर एक वाल्व होता है जो शौचालय के फ्लश होने पर खुलता है और जब शौचालय उपयोग में नहीं होता है तो बंद हो जाता है - ताकि टैंक की गंध बाहर नहीं निकलने पाए। यह उड़ान के दौरान शौचालय का उपयोग करने वाले इतने सारे लोगों से गंध को दूर रखने में मदद करता है। नीला रसायन गंध को भी कम रखने में मदद करता है। आपको ऐसा तो नहीं लग रहा कि विमान के उड़ान भरने के दौरान विमान के कैप्टन के पास स्टोरेज टैंक से कचरे को निकालने के लिए कोई बटन होता है, तो ऐसा बिलकुल नहीं है, ऐसा कोई बटन नहीं होता है।

विमान के लैंड होने के बाद यह कहां जाता है?

विमान के लैंड करने के बाद एक विशेष ट्रक उसके पास आता है और भंडारण टैंक से अपशिष्ट और नीले सफाई रसायन को निकालने के लिए उसमे एक नली जोड़ता है। ट्रक इस नली को हवाई जहाज के अपशिष्ट टैंक वाल्व मे प्लग करता है और सारा कचरा टैंक से ट्रक मे आ जाता है।ट्रक तब कचरे को हवाई अड्डे पर एक विशेष क्षेत्र मे ले जाता है जो सभी हवाई जहाजो के कचरे के लिए आरक्षित होता है, और शौचालय के कचरे को उस हवाई अड्डे के सीवर सिस्टम मे खाली कर दिया जाता है। ट्रक चलाने का प्रशिक्षण तीन दिन का होता है।

नीली बर्फ से सावधान रहें : यह भी पता चला है कि कभी-कभी, विशेष रूप से पुराने विमानो पर, वाल्व जहां कचरा ट्रक हवाई जहाज से जुड़ता है, थोड़ी मात्रा मे अपशिष्ट और नीले रसायन का रिसाव कर सकता है। यह बर्फ मे बदल जाता है क्योंकि 30,000 फीट की सामान्य ऊंचाई पर तापमान सामान्य रूप से -56 डिग्री सेल्सियस के आसपास होता है और रासायनिक नीली बर्फ मे बदल जाता है। यह नीली बर्फ तब तक विमान से जुड़ी रहती है जब तक तापमान हिमांक से नीचे नही आता है।एक बार जब हवाई जहाज गंतव्य हवाई अड्डे पर उतरना शुरू करता है, तो नीली बर्फ पिघलनी शुरू हो जाती है और गिर भी सकती है। कई मौकों पर ऐसे समाचार सुनने को मिलते है जहां लोगो ने इस उड़ते हुए अपशिष्ट को देखा है।

रूस के वैगनर सैन्य समूह ने बखमुत से अपने सैनिक वापस बुलाने की धमकी दी

भाषा। कीव

रूस के वैगनर सैन्य समूह के प्रमुख ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि रूसी सेना उसके जवानों को गोला-बारूद उपलब्ध नहीं करा रही है, जिसके चलते समूह यूक्रेन के बखमुत में जारी अपनी लड़ाई को रोक सकता है। उन्होंने कहा कि समूह अगले सप्ताह बखमुत से अपने जवानों को वापस बुला लेगा। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के करीबी और कुख्यात करोड़पति एवगेनी प्रिगोझिन ने दावा किया कि वैगनर ने नौ मई तक बखमुत पर कब्जा करने की योजना बनाई थी। यह दिन द्वितीय विश्व युद्ध में नाजी जर्मनी की हार को चिह्नित करने वाला एक प्रमुख दिवस है और इस दिन रूस में अवकाश रहता है। प्रिगोझिन ने दावा किया कि उनके जवानों को रूसी सेना की तरफ से सोमवार से पर्याप्त मात्रा में गोला-बारूद की आपूर्ति नहीं हो रही है। वहीं, कुछ घंटे पहले प्रिगोझिन के प्रवक्ताओं ने एक वीडियो जारी किया, जिसमें वह रूसी रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगु और सेना प्रमुख वालेरी गेरासिमोव से गोला-बारूद की मांग करते हुए देखे जा सकते हैं। वीडियो में प्रिगोझिन जमीन पर पड़ी लगभग 30 वर्दीधारी लाशों के सामने खड़े हैं और कह रहे हैं कि ए वैगनर के जवानों के शव हैं, जो बृहस्पतिवार को मारे गए थे। प्रिगोझिन उग्र स्वर में बोलते हैं और वीडियो में कई अपशब्दों का उपयोग करते हैं। रूस के रक्षा मंत्रालय ने दावों पर तुरंत कोई टिप्पणी नहीं की। इस वीडियों को स्वतंत्र रूप से सत्यापित करना संभव नहीं है।

पायनियर
नई दिल्ली, शनिवार, 6 मई 2023

मुरैना में नरसंहार, छह की गोली मारकर हत्या

भाषा। मुरैना

मध्य प्रदेश के मुरैना जिले में एक दशक के बाद अपने गांव लौटने पर शुक्रवार को एक ही परिवार के छह सदस्यों की गोली मारकर हत्या कर दी गई जिनमें तीन महिलाएं भी शामिल हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। हत्याकांड में जीवित बची एक महिला ने संवाददाताओं को बताया कि हमलावर गांव में उनका इंतजार कर रहे थे। हमलावरों ने अतीत में अपने परिवार के कुछ लोगों की हत्या के लिए साफ तौर पर पीड़ितों के रिश्तेदारों को दोषी ठहराया था।पुलिस ने बताया कि यह हत्याएं जिला मुख्यालय से करीब 60 किलोमीटर दूर भिडोसा गांव से सटे लेपा गांव में सुबह करीब 10 बजे हुई। भिडोसा गांव एथलीट से डकैत बने पान सिंह

● मप्र : पुरानी रंजिश में 10 साल बाद गांव लौटने पर एक ही परिवार के साथ हुई वारदात

तोमर का जन्मस्थान है। पुलिस महानिरीक्षक (चंबल जोन) एस सक्सेना ने पीटीआई-भाषा को फोन पर बताया कि तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य ने जिला अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। उन्होंने कहा कि घटना में तीन अन्य लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राय सिंह नरवरिया ने कहा कि मृतकों की पहचान गजेंद्र सिंह (55), संजू (40), सत्यप्रकाश (35), लेस कुमारी (46), बबली तोमर (उम्र ज्ञात नहीं) और मधु कुमारी (36) के रूप में की गई है। आईजी सक्सेना ने कहा कि पुलिस ने हत्या में शामिल आठ लोगों की पहचान की है और उनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। हमले में अपने पति, दो बेटों और तीन बहुओ को खोने वाली कुसुमा तोमर ने पत्रकारों को बताया कि उनके परिवार का आरोपियों से 2013 में सरकारी जमीन के एक टुकड़े को लेकर विवाद हुआ था। उन्होंने कहा कि आरोपियों के परिवार के दो लोगों की तब हत्या कर दी गई थी। हत्याओं से हमारा कोई लेना देना नहीं था लेकिन हमारे परिवार के सदस्यों के नाम इस मामले में घसीटे गए थे। उन्होंने कहा, बाद में जेल में उनके और हमारे परिवार के बीच एक समझौता हुआ।

जम्मू-कश्मीर : पुलवामा-शोपियां में आतंकियों के तीन सहयोगी गिरफ्तार

भाषा। श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के पुलवामा और शोपियां जिलों में तलाशी अभियान के दौरान सुरक्षा बलों ने आतंकियों के सहयोगी तीन लोगों को गिरफ्तार किया और उनके पास से हथियार और गोला-बारूद बरामद किया। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। दक्षिण कश्मीर के शोपियां के नागिशेरन में एक नाका पर जांच के दौरान सुरक्षा बलों ने मोहम्मद असगर डार नामक एक व्यक्ति को रोका, तो उसने संदिग्ध रूप से बचने की कोशिश की। एक पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि इस पर असगर को गिरफ्तार कर लिया गया। प्रवक्ता ने कहा कि असगर के कब्जे से एक पिस्तौल,एक मैगजीन और अन्य गोला-बारूद समेत आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि असगर आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के सहयोगी के रूप में काम कर रहा था। उन्होंने कहा कि मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की जांच की जा रही है। असगर की गिरफ्तारी उस दिन हुई जिस दिन राजौरी जिले के घने जंगलों में आतंकवादियों द्वारा किए गए विस्फोट में सेना के पांच जवान शहीद हो गए और एक मेजर रैंक का अधिकारी घायल हो गया था। जैश-ए-मोहम्मद के दो आतंकवादी सहयोगियों को बृहस्पतिवार को दक्षिण कश्मीर के पुलवामा में गिरफ्तार किया गया। प्रवक्ता ने बताया कि विशेष सूचना के आधार पर कार्वाई करते हुए सुरक्षा बलों ने त्राल इलाके में घेराबंदी की और तलाशी अभियान चलाया। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान जैश-ए-मोहम्मद के दो सहयोगियों को गिरफ्तार किया गया जिनकी पहचान त्राल निवासी बशीर अहमद और गुलजार अहमद के रूप में हुई। इन दोनों द्वारा किए गए खुलासों के आधार पर एक एके-56 राइफल, दो एके मैगजीन, तीन पिस्तौल और अन्य हथियारों और गोला-बारूद के साथ आपत्तिजनक सामग्री भी बरामद की गई।

बुद्ध पूर्णिमा पर वाराणसी के धाट पर स्नान करते लोग

जस्सा सिंह रामगढ़िया सिख समुदाय के महानायक: अकाल तख्त जत्थेदार

अमृतसर। सिखो की सर्वोच्च धार्मिक संस्था अकाल तख्त के जत्थेदार ज्ञानी हरप्रीत सिंह ने शुक्रवार को कहा कि महान योद्धा जस्सा सिंह रामगढ़िया एक महान सिख नायक थे जिन्होने समुदाय के लिए एक मिसाल कायम की। जत्थेदार ने कहा कि सिख इतिहास मे रामगढ़िया का महत्वपूर्ण स्थान है और उनका जीवन प्रेरणा का स्रोत है। उन्होने कहा कि सिख समुदाय आज बड़ी चुनौतियो का सामना कर रहा है और उसे इतिहास के पन्नो से मार्गदर्शन लेने की जरूरत है। ज्ञानी हरप्रीत सिंह ने 18वी सदी के सिख जनरल की 300वी जयंती पर शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा आयोजित एक सभा के दौरान यह बात कही। इस सभा मे शामिल हुए कई वक्ताओ ने पंथ (समुदाय) की एकता की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होने कहा कि विभिन्न सिख गुटो और संगठनो का एक मंच पर एकजुट होना जरूरी है।

परिष्कृत परिधानों का चलन

मुंबई। आदित्य बिरला फैशन एंड रिटेल लिमिटेड और मशहूर डिजाइनर तरुण तहिलियानी का एथनिक मेन्सवियर ब्रांड तस्वा लोगों को अपने से जोड़ेगा। तस्वा का भव्य स्टोर एलिमेंट इंटीरियर्स और द पर्ल कलेक्शन समर रेंज सहित भारतीय पुरुषों के परिधानों की एक परिष्कृत और स्टाइलिश रेंज पेश करेगा। बड़ी बारीकी और ध्यान से तैयार किए गए विविध प्रकार के कुर्ते, बूँदिस, शेरवानी, बंदगला, अचकन, चूड़ीदार, अलीगढ़ी और अन्य परिधान प्रदर्शित करते हुए, तस्वा सिल्क, कॉटन, ब्रोकेड से लेकर मखमल तक से बने कपड़ों के एक ताजा एप्रोच के साथ पारंपरिक कारीगरी का जश्न मनाता है। यहां साफा, सरपेच, ब्रोच, पॉकेट स्क्वायर, बटन, सेहरा, स्टोल, शॉल और फुटवियर सहित अन्य चीजें भी मिलती हैं। यह स्टोर यूपी के लखनऊ में खोला गया है।

अवध ओझा अनएकेडमी से जुड़े

नोएडा। भारत के सबसे बड़े लर्निंग प्लेटफॉर्म अनएकेडमी ने बताया कि यूपीएससी के टॉप शिक्षक अवध ओझा यूपीएससी परीक्षा के वाईस प्रेसीडेन्ट के रूप में अनएकेडमी के साथ जुड़ गए हैं। अवध ओझा नई दिल्ली के अनएकेडमी सेंटर में यूपीएससी के लिए पढ़ाएंगे। उनकी क्लासेज को अनएकेडमी के ऑनलाईन प्लेटफॉर्म पर लाईव स्ट्रीम किया जाएगा। अनएकेडमी सेंटर में वे छात्रों को हिस्ट्री पढाएंगे और उन्हें जरूरी मार्गदर्शन भी देंगे। साथ ही उनकी क्लासज ऑनलाईन अनएकेडमी प्लेटफॉर्म पर भी लाईव होंगी। तकरीबन दो दशकों के अनुभव के साथ अवध ओझा अपने खास तरीकों के साथ छात्रों को परीक्षा के लिए तैयार करेंगे।

अनुच्छेद 32 को महत्व दिया गया, क्योंकि राज्य बिना नियंत्रण व संतुलन के निरंकुश बन सकते है

भाषा। नई दिल्ली

शीर्ष अदालत के एक न्यायाधीश ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत उच्चतम न्यायालय में जाने के नागरिक के अधिकार को इतना महत्व दिया गया है क्योंकि राज्य को अगर बिना नियंत्रण और संतुलन के छोड़ दिया जाता है, तो उनके अत्याचारी संस्था बनने का अंदेशा है जो लोगों को मिले नागरिक और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार को ले सकती है। उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश कृष्ण मुरारी ने एक मामले में खंडित फैसला सुनाते हुए ए टिप्पणियां कीं। मामले में यह सवाल उठा कि क्या कोई व्यक्ति सीमा शुल्क अधिनियम के तहत विवाद के निपटारे के लिए अनुच्छेद 32 के तहत शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटा सकता है। अनुच्छेद 32 मौलिक अधिकारों के उल्लंघन की स्थिति में व्यक्तियों को

● उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश कृष्ण मुरारी की टिप्पणी

न्याय के लिए उच्चतम न्यायालय जाने का अधिकार देता है। पीठ के दूसरे न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजय करोल, न्यायमूर्ति मुरारी से असहमत थे। उन्होंने कहा कि शीर्ष अदालत से संपर्क करने के अधिकार का सहारा लेने की अनुमति केवल वहीं दी जा सकती है जहां किसी व्यक्ति के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन किया गया हो। उन्होंने कहा, वर्तमान मामले में, ऐसा कोई उल्लंघन नहीं किया गया था और अन्य वैधानिक उपचार उपलब्ध थे। पीठ ने दोनों न्यायाधीशों के बीच मतभेद को देखते हुए रजिस्ट्री को उचित आदेश के लिए मामले को मुख्य न्यायाधीश के समक्ष सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति मुरारी ने कहा कि अनुच्छेद 32 के तहत दायर रिट याचिका, भारत के संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत दी गई व्यक्तिगत स्वतंत्रता के बड़े महत्व का मुद्दा उठाती है, जो सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 के तहत सीमा शुल्क अधिनियम के प्रावधान के जरिए ही विवाद को निपटाने के लिए एक आरोपी के अधिकार के संबंध में है। इस मामले में एक अनिवासी भारतीय (एनआरआई) से संबद्ध है जिसे चार अक्टूबर, 2022 को दिल्ली अंर्ताष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क का भुगतान करने से बचने के लिए कथित तौर पर ग्रीन चैनल के माध्यम से उच्च मूल्य के सामान, मुख्य रूप से घड़ियों की तस्करी करने की कोशिश करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तारी के बाद एनआरआई ने घर के बने खाने की मांग को लेकर याचिका दायर की।

डीवाईएफआई ने प्रधानमंत्री मोदी से केरल-विरोधी हिंदी फिल्म पर अपना बयान वापस लेने का आग्रह किया

भाषा। तिरुवनंतपुरम

केरल में सत्तारूढ़ माकपा की युवा शाखा डेमोक्रेटिक यूथ फेडरेशन ऑफ इंडिया (डीवाईएफआई) ने शुक्रवार को फिल्म द केरल स्टोरी के समर्थन में बयान को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि मोदी ने विवादास्पद फिल्म को लेकर लीपापोती करने का प्रयास किया। संगठन ने मोदी से केरल विरोधी हिंदी फिल्म के संबंध में अपने बयान को वापस लेने और माफी मांगने का आग्रह किया। कर्नाटक में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, कहते हैं द केरला स्टोरी सिर्फ एक राज्य में हुई आतंकवादियों की छद्म नीतियों की साजिशों पर आधारित है। देश का इतना खूबसूरत राज्य, जहां के लोग इतने परिश्रमी और प्रतिभाशाली होते हैं। उस केरल में चल रही आतंकी साजिश का खुलासा केरल स्टोरी फिल्म में किया गया है। देश का दुर्भाग्य देखिए। कांग्रेस आज समाज को तहस-नहस करने वाली इस आतंकी प्रवृत्ति के साथ खड़ी नजर आ रही है। इतना ही नहीं, ऐसे आतंकी प्रवृत्ति वालों से कांग्रेस पिछले दरवाजे से राजनीतिक सौदेबाजी तक कर रही है। प्रधानमंत्री के बयान की आलोचना करते हुए डीवाईएफआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सदस्य ए.ए. रहीम ने आरोप लगाया कि फिल्म संघ परिवार द्वारा समाज में अशांति पैदा करने और केरल की छवि को धूमिल करने की एक राजनीतिक साजिश है। रहीम ने ट्वीट किया, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की केरल विरोधी प्रोपेगैंडा फिल्म को लेकर लीपापोती अनावश्यक है। संवैधानिक पद पर आसीन व्यक्ति को नफरत के प्रचार के लिए नहीं, बल्कि तथ्यों के साथ मजबूती से खड़ा होना चाहिए। उन्हें अपने बयान वापस लेने चाहिए और केरल के लोगों से तुरंत माफी मांगनी चाहिए।

रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन को ईडी की अदालत ने जमीन घोटाले में जेल भेजा

भाष। रांची

झारखंड के भारतीय प्राशासनिक सेवा के अधिकारी छवि रंजन को कथित रूप से भूमाफिया के साथ मिलकर फर्जी तरीके से सेना की जमीन की रजिस्ट्री करने के मामले में विशेष अदालत ने शुक्रवार को दो सप्ताह के लिए न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा जेल भेज दिया। रंजन को ईडी ने बृहस्पतिवार को करीब 11 घंटे की पूछताछ के बाद रात दस बजे गिरफ्तार कर लिया था। झारखंड के

2011 बैच के भारतीय प्राशासनिक सेवा के अधिकारी को प्रवर्तन निदेशालय ने आज यहां विशेष अदालत में पेश किया, जहां से अधिकारी को दो सप्ताह के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। अदालत से बाहर आते हुए रांची के इस पूर्व उपायुक्त को आंसू पोंछते देखा गया। ईडी के सूत्रों ने बताया कि निदेशालय के जांच अधिकारी संभवत: शनिवार को पूछताछ के लिए अदालत से रंजन की रिमांड मांगेंगे। इससे पहले, दूसरी बार की पूछताछ के बाद एजेंसी ने सेना की जमीन की फर्जी तरीके से रजिस्ट्री करने के सिलसिले में रंजन को गिरफ्तार कर लिया और रात में ही सदर अस्पताल के चिकित्सकों से चिकित्सा जांच करवाई। जांच एजेंसी ने 24 अप्रै को रंजन को पूछताछ के लिए बुलाया था। ईडी ने उनसे उनकी संपत्ति का ब्यौरा भी मांगा था। ईडी ने इस मामले में जांच के दौरान गिरफ्तार किए गए पांच लोगों के करीब 50 बैंक खाते भी सील किए। झारखंड में ईडी ने भ्रष्टाचार के मामलों में एक वर्ष के भीतर दूसरे आईएएस अधिकारी के खिलाफ कार्वाई की है। पिछले वर्ष खनन घोटाले एवं मनरेगा घोटाले में राज्य सरकार की सचिव पूजा सिंघल को 11 मई को ईडी ने गिरफ्तार किया था और अभी तक वह न्यायिक हिरासत में जेल में हैं।

महंगाई से राहत देने का कार्य कर रही राज्य सरकार: गहलोत

भाषा। जयपुर

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शुक्रवार को कहा कि आमजन को महंगाई की मार से बचाने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य में महंगाई राहत शिविरों के माध्यम से 10 योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है।अजमेर में महंगाई राहत शिविर के अवलोकन के दौरान जनसमूह को संबोधित करते हुए गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार आमजन के उत्थान के लिए कृत संकल्प होकर काम कर रही है। उन्होंने केन्द्र सरकार से देशभर में सामाजिक सुरक्षा कानून लागू करने का आग्रह किया। गहलोत ने अजमेर में 252 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित एलीवेटेड रोड का लोकार्पण किया। रोड से शहर के हजारों लोगों को प्रतिदिन यातायात की समस्या से निजात मिल सकेगी। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि राज्य सरकार के इस प्रयास से आमजन के चेहरों पर खुशी है। उन्होंने कहा, सरकार द्वारा लोगों को 500 रुपए में गैस सिलेंडर, 25 लाख रुपए तक का नि:शुल्क इलाज,

10 लाख रूपए का दुर्घटना बीमा, सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत न्यूनतम 1000 रुपए पेंशन, कामधेनु योजना के तहत दुधारू पशुओं का बीमा, अन्नपूर्णा फूड किट, मुख्यमंत्री ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना तथा घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 100 यूनिट एवं कृषि उपभोक्ताओं के लिए 2000 यूनिट बिजली नि:शुल्क दिए जाने जैसी योजनाएं लागू की गई हैं। उन्होंने कहा कि इन 10 योजनाओं से राज्य के हर परिवार को महंगाई से लड़ने की ताकत मिल रही है। इस दौरान गहलोत ने शिविर में उपस्थित लाभार्थियों से भी संवाद किया। इससे पहले गहलोत ने नाथद्वारा (राजसमंद) में हल्दीघाटी युवा महोत्सव का उद्घाटन किया। वहां उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी के बेहतर भविष्य के लिए राज्य सरकार कई प्रभावी निर्णय ले रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं को कौशल एवं तकनीकी नवाचारों से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने, उनकी प्रतिभा को तराशने तथा निखारने के लिए सरकार निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि 2030 तक राजस्थान को देश का अग्रणी राज्य बनाने में सशक्त, शिक्षित तथा विकसित युवा पीढ़ी की अहम भूमिका रहेगी।

पूर्व राष्ट्रपति ज्ञानीजैल सिंह के जन्मदिन पर उनको पुष्प अर्पित करती राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु

मोदी 14 जुलाई को पेरिस में बेस्टाइल डे परेड में शामिल होंगे

भाष। नई दिल्ली,

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 14 जुलाई को पेरिस में होने वाली बेस्टाइल डे परेड में विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों की एक टुकड़ी भी अपने फ्रांसीसी समकक्षों के साथ परेड में भाग लेगी। इसमें कहा गया है कि भारत-फ्रांस रणनीतिक साझेदारी की 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने इस साल बेस्टाइल डे परेड में विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होने के फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के निमंत्रण को स्वीकार कर लिया है।मैक्रों ने एक ट्वीट में कहा, प्रिय नरेंद्र, 14 जुलाई की परेड के सम्मानित अतिथि के रूप में आपका

पेरिस में स्वागत करके मुझे बहुत खुशी होगी। मैक्रों के ट्वीट पर जवाब देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने अंग्रेजी और फ्रेंच में ट्वीट किया है, धन्यवाद मित्र इमैनुएल मैक्रों। मैं आपके और फ्रांस के लोगों के साथ बेस्टाइल डे और हमारी रणनीतिक साझेदारी का उत्सव मनाने को लेकर उत्साहित हूं। विदेश मंत्रालय ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा से रणनीतिक, सांस्कृतिक, वैज्ञानिक,

● भारतीय सशस्त्र बलों की एक टुकड़ी भी भग लेगी

अकादमिक और आर्थिक सहयोग सहित उद्योगों की एक विस्तृत श्रृंखला के लिए नए और महत्वाकांक्षी लक्ष्यों को निर्धारित करके भारत-फ्रांस रणनीतिक साझेदारी के अगले स्तर पर पहुंचने की उम्मीद है। इसमें कहा गया है कि भारत और फ्रांस का शांति और सुरक्षा पर साझा दृष्टिकोण है, विशेष रूप से यूरोप और हिंद-प्रशांत में। बयान में कहा गया कि दोनों देश संयुक्त राष्ट्र चार्टर के उद्देश्यों और सिद्धांतों को लेकर भी साझा दृष्टिकोण रखते हैं, जो हिंद-प्रशांत क्षेत्र में उनके सहयोग का आधार भी है। बयान में कहा गया है, यह ऐतिहासिक यात्रा जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता के नुकसान और सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति सहित हमारे समय की प्रमुख चुनौतियों का जवाब देने के लिए साझा पहल भी करेगी। यह भारत और फ्रांस के लिए भारत की जी-20 अध्यक्षता के संदर्भ सहित बहुपक्षवाद के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करने का एक अवसर भी होगा। ज्ञात हो कि फ्रांस ने इसी साल मार्च महीने में प्रधानमंत्री मोदी को जुलाई में वार्षिक बेस्टाइल डे परेड में अतिथि के रूप में पेरिस आने के लिए आमंत्रित किया था। यह फ्रांस का राष्ट्रीय दिवस है, जिसे बेस्टाइल डे के रूप में भी जाना जाता है। यह हर साल 14 जुलाई को मनाया जाता है।

क्विक न्यूज

दिल्ली पुलिस ने डब्ल्यूएफआई प्रमुख के खिलाफ मामले में सात महिला पहलवानों के बयान दर्ज किए

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ दर्ज मामलो के सिलसिले मे सात महिला पहलवानो के बयान दर्ज किए है। अधिकारियो ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।दिल्ली पुलिस ने 28 अप्रैल को सिंह के खिलाफ महिला पहलवानो द्वारा लगाए गए यौन उत्पीड़न के आरोपो के संबध मे दो प्राथमिकी दर्ज की। पुलिस के अनुसार, उनके खिलाफ भादवि की धारा 354 (महिला की लज्जा भंग करने के इरादे से हमला या आपराधिक बल), 354ए (यौन उत्पीड़न) और 354डी (पीछा करना) के तहत मामला दर्ज किया गया था, जबकि दूसरा मामला पॉक्सो अधिनियम की धारा 10 के तहत दर्ज किया गया था। एक अधिकारी ने कहा कि उन्होने पहलवानो के बयान दर्ज कर लिए है और मामले की जांच की जा रही है। प्राथमिकी मे उल्लिखित घटनाएं कथित तौर पर 2012 और 2022 के बीच विदेश सहित विभिन्न स्थानो पर हुईं। पहलवान 23 अप्रैल से जंतर-मंतर पर धरना दे रहे है। पहलवानो और कुछ पुलिसकर्मियो के बीच बुधवार रात कथित तौर पर हाथापाई हो गई।

एनआईआईटी छात्रों को आगे बढ़ाएगा

नोएडा। एनआईआईटी ग्रुप को कॉन्सेप्ट्लाइज और स्थापित करने वाले चेयरमैन और को-फाउंडर राजेंद्र एस पवार और एनआईआईटी लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर विजय थडानी से एनआईआईटी यूनिवर्सिटी को ट्रस्ट, एक्सपीरियंस, नॉलेज इनोवेशन और ग्लोबल रेप्यूटेशन की समृद्ध विरासत मिली है। उन्होंने एनयू को नॉलेज सोयाटी के उभरते क्षेत्रों में इनोवेशन और लर्निंग का प्रमुख सेंटर बनाया है। यूनिवर्सिटी को इंडस्ट्री लिंक्ड, टेक्नोलॉजी ड्रिवेन, रिसर्च बेस्ड और सिमलेस एजुकेशन प्रदान करने के मूल सिद्धांतों वाले 4 पीलर्स पर बनाया गया है। 12वीं के बाद स्टूडेंट्स बीटेक में डाटा साइंस, साइबर सिक्योरिटी, कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग, बायोटेक्नोलॉजी ब्रांच के अलावा 5 साल के इंटीग्रेटेड एमटेक प्रोग्राम्य 3 साल के बीबीए और इंटीग्रेटेड मास्टर्स इन बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन ;आईएमबीएद्ध में एडमिशन ले सकते हैं। 10 और क्लास 12 में छात्र के एकेडमिक परफार्मेंस या नेशनल लेवल एंट्रेस एग्जाम में में स्टूडेंट्स के परफॉर्मेंस के आधार पर स्टूडेंट्स को स्कॉलरशिप प्रदान करता है। ट्यूशन फीस पर 50,000 से 2,00,000 रुपये के बीच की एनुअल स्कॉलरशिप छात्रों को केवल उनकी योग्यता के आधार पर दी जाती है। एनआईआईटी यूनिवर्सिटी के प्रेसिडेंट प्रो. राजेश खन्ना ने कहा कि एक यूनिवर्सिटी के रूप में हम अपने छात्रों के लिए शानदार करियर बनाने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

99 साल पुरानी विरासत पर ध्यन

नई दिल्ली। एमजी मोटर इंडिया 99 साल पुरानी विरासत वाली ब्रिटिश ऑटोमोबाईल ब्रांड ने स्मार्ट इलेक्ट्रिक वाहन एमजी कॉमेट का अनावरण किया। जिसने भारत में अर्बन मोबिलिटी सॉल्यूशंस के एक नए युग की शुरुआत कर दी। यह बहुउपयोगी जीएसईवी प्लेटफॉर्म बेस्ड इलेक्ट्रिक वाहन ईवी मिनिमलिस्ट डिज़ाईन के साथ है। फिर भी इसमें विशाल स्पेस है और इसकी अंतर्निहित एजिलिटी फुर्ती के कारण शहर में बहुत सुगम और बिना थकान के आवागमन संभव बनता है। कॉमेट ईवी एमजी मोटर इंडिया के पोर्टफोलियो का दूसरा इलेक्ट्रिक वाहन है और इसमें फ्यूचरिस्टिक एवं यूज़र फ्रेंडली स्मार्ट टेक्नॉलॉजी हैं। इस अवसर पर राजीव छाबा प्रेसिडेंट एवं मैनेजिंग डायरेक्टर एमजी मोटर इंडिया ने कहा कि ष्हमें भारत में एमजी कॉमेट ईवी लॉन्च करने की खुशी है। यह अर्बन मोबिलिटी के विकास की ओर एक महत्वपूर्ण क्षण है। कॉमेट ईवी कार से बढ़कर है, यह शहरों में आवागमन के तरीके में परिवर्तन लाने की हमारी इच्छाशक्ति का प्रतिनिधित्व करता है। उन्होंने कहा कि कॉमेट ईवी प्योर इलेक्ट्रिक जीएसईवी प्लेटफॉर्म पर आधारित है। इसने पूरी दुनिया में 1 मिलियन इलेक्ट्रिक वाहन बिकने का आँकड़ा सबसे तेजी से छुआ है।

बूचड़खानों को पर्यावरण मंजूरी के दायरे में लाने के लिए दो महीने में फैसला हो: एनजीटी

नई दिल्ली। राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को सभी बूचड़खानो को पर्यावरण मंजूरी व्यवस्था के दायरे मे लाने के लिए दो महीने के भीतर फैसला लेने का निर्देश दिया है। एनजीटी एक याचिका पर सुनवाई कर रहा था जिसमे दावा किया गया कि मंत्रालय द्वारा मामले पर गठित एक विशेषज्ञ समिति की सिफारिशो के बावजूद बूचड़खानो की गतिविधियो के प्रतिकूल प्रभाव का मूल्यांकन और उपाय करने के लिए पर्यावरण नियामक ढांचे अपर्याप्त है। एनजीटी के अध्यक्ष न्यायमूर्ति ए के गोयल की पीठ ने मंत्रालय के जवाब का उल्लेख किया, जिसके अनुसार बूचड़खानो सहित 20,000 वर्ग मीटर से अधिक के निर्माण परियोजनाओ के लिए पर्यावरण मंजूरी आवश्यक है। मंत्रालय के जवाब मे कहा गया कि केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) को वायु और जल प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए कदम उठाने का अधिकार है और बूचड़खानो द्वारा लागू किए जाने वाले कदमो के लिए अक्टूबर 2017 मे एक आदेश जारी किया। पीठ के तीन मई को पारित आदेश मे कहा गया है कि विचार का मुद्दा यह है कि क्या पर्यावरण नियामक व्यवस्था मे कोई बदलाव आवश्यक है। पीठ मे न्यायिक सदस्य के तौर पर न्यायमूर्ति सुधीर अग्रवाल और विशेषज्ञ सदस्य ए सेथिल वेल भी थे।

शिक्षक भर्ती घोटाला : सीबीआई ने बंगाल में पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी के सहयोगियों के परिसरों की तलाशी ली

नई दिल्ली। प्राथमिक शिक्षक भर्ती घोटाला मामले मे सीबीआई ने पश्चिम बंगाल मे पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी के सहयोगियो के परिसरो की तलाशी ली। अधिकारियो ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने शुक्रवार को एक बयान मे कहा, यह पता चला है कि आरोपी कथित रुप से अभ्यर्थियो को प्राथमिक शिक्षक की नौकरी दिलाने का वादा करके उनसे स्थित वसूलने का काम करते थे। बृहस्पतिवार से शुरू हुए इस अभियान के दौरान चटर्जी के पूर्व राजनीतिक निजी सचिव पार्थ सरकार उर्फ भाजा, पूर्व ओएसडी प्रबीर बनर्जी और पूर्व सरकारी निजी सचिव सुक्रांत आचार्जी के परिसरो की तलाशी ली गई। बयान मे कहा गया है, तलाशी के दौरान विभिन्न दस्तावेजासामग्री मिली है और उनकी जांच की जा रही है।

अजित ने राकांपा प्रमुख बने रहने के शरद पवार के फैसले का स्वागत किया

मुंबई। राकांपा नेता अजित पवार ने शुक्रवार को पार्टी प्रमुख शरद पवार की इस घोषणा का स्वागत किया कि वह पार्टी पद से हटने के अपने फैसले को वापस ले रहे है। शरद पवार द्वारा मुंबई मे बुलाए गए संवाददाता सम्मेलन मे अनुपस्थित रहे अजित पवार ने एक बयान मे कहा कि उनके चाचा के सकारात्मक फैसले ने संगठन मे हर किसी को ऊर्जा से भर दिया है। उन्होने कहा पार्टी अध्यक्ष बने रहने का शरद पवार का फैसला मेरे सहित सभी राकांपा कार्यकर्ताओ को उत्साहित करेगा और महा विकास अघाड़ी तथा विपक्षी एकता को ताकत देगा। महाराष्ट्र विधानसभा मे विपक्ष के नेता अजित को इस्तीफे की शरद पवार की घोषणा के बाद पार्टी के शीर्ष पद के मुख्य दावेदारो मे से एक के रूप मे देखा जा रहा था। शरद पवार की दो मई की आश्चर्यजनक घोषणा से पहले, अजित की खुद की राजनीतिक योजनाओ के बारे मे अटकले तेज थी।

राशिद और नूर के फिरकी में फंसा राजस्थान

● गुजरात टाइटंस ने रॉयल्स को नौ विकेट से रौंदा

भाषा। जयपुर

राशिद खान और नूर अहमद की फिरकी के जादू के बाद दमदार बल्लेबाजी से गुजरात टाइटंस ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच में शुक्रवार को यहां राजस्थान रॉयल्स को 37 गेंद शेष रहते नौ विकेट से शिकस्त देकर तालिका में शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत की। राशिद ने चार ओवर में 14 रन देकर तीन विकेट चटकाए तो वहीं नूर ने तीन ओवर में 25 रन देकर दो सफलता हासिल की। मोहम्मद शमी, हार्दिक पंड्या और जोश लिटिल ने एक-एक विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए रिद्धिमान साहा ने 34 गेंद में नाबाद 41 रन बनाए जबकि हार्दिक पंड्या ने 15 गेंद की आक्रामक पारी में तीन चौके और इतने ही छक्के की मदद से नाबाद 39 रन बनाए। टीम के लिए सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल ने 35 गेंद में 36 रन का योगदान दिया। राजस्थान की पारी को 17.5 ओवर में 118 रन पर रोकने के बाद गुजरात टाइटंस ने 13.5 ओवर में एक विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया। टीम की यह 10 मैचों में सातवीं जीत है और वह तालिका में 14 अंक के साथ शीर्ष पर है। राजस्थान की टीम इतने ही मैचों में पांचवीं हार के बाद चौथे स्थान पर है। राजस्थान रॉयल्स के लिए कप्तान संजू सैमसन 20 गेंद में तीन चौके और एक छक्के की मदद से सबसे ज्यादा 30 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए साहा और गिल ने पहले विकेट के लिए 59 गेंद में 71 रन की साझेदारी कर टीम की जीत लगभग सुनिश्चित कर दी थी। दोनों ने शुरुआती चार ओवर में संभल कर बल्लेबाजी की और फिर पांचवें ओवर में ट्रेंट बोल्ट के खिलाफ तीन चौक लगाए। गिल ने अगले ओवर में संदीप शर्मा के खिलाफ भी दो चौके जड़े। सातवें ओवर में साहा के एक रन से दोनों ने अर्धशतकीय साझेदारी की। इस सत्र में दोनों की यह पहली अर्धशतकीय साझेदारी है। युजवेंद्र चहल ने 10वें ओवर में गिल को स्टंप कराया लेकिन क्रीज पर आए कप्तान पंड्या ने एडम जम्पा के खिलाफ 11वें ओवर में तीन छक्के और एक चौका लगाकर 24 रन बटोरे जिसके बाद मैच में महज औपचारिकता ही बच गई थी। साहा और पंड्या ने दूसरे विकेट के लिए 25 गेंद में 48 रन की अटूट साझेदारी की। इससे पहले लय की तलाश कर रहे जोस बटलर (छह गेंद में आठ रन) ने दूसरे ओवर में कप्तान पंड्या के खिलाफ लगातार गेंदों पर चौका लगाया लेकिन अगली गेंद पर मोहित शर्मा को कैच थमा बैठे। यशस्वी जायसवाल (11 गेंद में 14 रन) ने मोहम्मद शमी और सैमसन ने पंड्या के खिलाफ छक्का और चौका लगाया। छठे ओवर में जायसवाल गफलत का शिकार होकर रन आउट हो गए। पावर प्ले के बाद राजस्थान का स्कोर दो विकेट पर 50 रन था। अगले ओवर में गेंदबाजी के लिए आए जोशुआ लिटिल ने दो चौके खाने के बाद अपनी तेज गेंद पर सैमसन को चकमा देकर पवेलियन की राह दिखाई। कप्तान के आउट होने के बाद राजस्थान की टीम दबाव में आ गई। राशिद ने इसके बाद रविचंद्रन अश्विन (छह गेंद में दो रन), रियान पराग (छह गेंद में चार रन) और शिमरोन हेटमायर (13 गेंद में सात रन) को चलता राजस्थान की बल्लेबाजी की कमर तोड़ दी।

स्कोरबोर्ड

गुजरात टाइटंस पारी: साहा नाबाद 41, गिल स्टं. सैमसन बो चहल 36,पंड्या नाबाद 39,अतिरिक्त: (लेग बाई:02, नोबोल: 01) 03,कुल योग: (13.5 ओवर मे एक विकेट पर) 119 रन, **विकेट पतन**:1-71, **गेंदबाजी** :बोल्ट 3-0-28-0,संदीप 3-0-19-0, जम्पा 3-0-40-0, चहल3.5-0-22-1,अश्विन 1-0-8-0

राजस्थान रॉयल्स पारी:जायसवाल रन आउट (मोहित I राशिद) 14,बटलर का मोहित बो पंड्या 08,सैमसन का पंड्या बो लिटिल 30,पडिक्कल बो नूर अहमद 12,अश्विन बो राशिद खान 02,पराग पगबाधा राशिद 04, हेटमायर पगबाधा राशिद 07, जुरेल पगबाधा नूर 09 ,बोल्ट बो शमी 15, जम्पा रन आउट (मनोहर) 07, शर्मा नाबाद 02,**अतिरिक्त**: (लेग बाई: 01 , वाइड: 07) 08,**कुल योग**: (17.5 ओवर मे सभी आउट) 118 रन,विकेट पतन:1-11, 2-47, 3-60, 4-63, 5-69, 6-77, 7-87, 8-96, 9-112,**गेंदबाजी**:शमी 4-0-27-1,पंड्या 2-0-22-1, खान 4-0-14-3, लिटिल 4-0-24-1,अहमद 3-0-25-2, शर्मा 0.5-0-5-0

आईपीएल-16 स्टेडियम से

डब्ल्यूटीसी से बाहर हुए राहुल, जांघ की सर्जरी कराएंगे

नई दिल्ली। भारत के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज लोकेश राहुल ने शुक्रवार को स्वयं को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल से बाहर कर दिया और मेडिकल टीम की सलाह पर उनकी जांघ की सर्जरी होगी। लखनऊ सुपर जाइंट्स के कप्तान राहुल इस हफ्ते इंडियन प्रीमियर लीग में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के खिलाफ लगी चोट के कारण अनिश्चितकाल के लिए बाहर हो गए है। जसप्रीत बुमराह, श्रेयस अय्यर और ऋषभ पंत भी चोटों के कारण उपलब्ध नही है। डब्ल्यूटीसी फाइनल सात जून से लंदन के द ओवल में खेला जाएगा। राहुल ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर डाले गए बयान में कहा, बेहद निराश हूं कि अगले महीने टीम इंडिया के साथ द ओवल नही जा पाऊंगा। भारतीय टीम की जर्सी दोबारा पहनने और अपने देश की मदद करने के लिए जो कर सकता हूं वह करूंगा। यही हमेशा मेरी प्राथमिकता रही है। सतर्कता से विचार और चिकित्सा टीम के साथ सलाह मशविरे के बाद फैसला किया गया है कि मेरी जांघ की जल्द ही सर्जरी होगी।

हर हालात में खेलने को तैयार : किशन

चेन्नई। मुंबई इंडियंस के विकेटकीपर बल्लेबाज इशान किशन ने शनिवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग मैच में चेन्नई सुपर किंग्स से भिड़ने से पहले शुक्रवार को कहा कि वे किसी भी की परिस्थितियो मे खेलने को तैयार है। इशान ने कहा, हां, जाहिर है कि यह मेरा फैसला नही है, मुझे लगता है कि प्रबंधन तय करेगा कि क्या करना है (हम बल्लेबाजी चुननी है या गेंदबाजी) लेकिन हमारा इरादा बहुत स्पष्ट है। जैसे कि अगर गेंद मारने वाली है तो हम शॉट मारेंगे क्योंकि आप जानते है टी20 क्रिकेट मे एक या दो अच्छे ओवर की ही जरूरत होती है। हम जानते है कि उनके पास बहुत सारे स्पिनर है क्योंकि हम इतने साल आईपीएल मे खेले है और हमे पता है कि विशेषकर चेन्नई में विकेट कैसा होगा इसलिए हम किसी भी तरह के हालात के लिए तैयार है।

पंत ने बिना सहारे के चलने का वीडियो पोस्ट किया

नई दिल्ली। भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत कार दुर्घटना के बाद हुई सर्जरी से अच्छी तरह उबर रहे है क्योंकि अब वह बैसाखियो के बिना चलने मे सक्षम है। पिछले साल दिसंबर मे एक कार दुर्घटना में घायल हुए पंत ने शुक्रवार को अपने सोशल मीडिया हैंडल पर बैसाखी के बिना चलने का एक वीडियो पोस्ट किया। वीडियो मे 25 वर्षीय पंत को बेंगलुरू मे राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में अपनी बैसाखियो को फेंक कर बिना किसी सहारे के चलते हुए देखा जा सकता है। वह एनसीए में इस समय रिहैबिलिटेशन से गुजर रहे है। पंत ने वीडियो के साथ लिखा, खुशी है कि अब बैसाखी की जरूरत नही। पंत ने 2021 और 2022 आईपीएल मे दिल्ली कैपिटल्स की अगुआई की लेकिन वह कार दुर्घटना के कारण मौजूदा टूर्नामेंट से बाहर हो गए।

मेरे आस-पास जी-हुजूरी करने वाले बहुत कम : गिल

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट में त्वरित स्टारडम ने अक्सर प्रतिभाशाली खिलाड़ियों पर नकारात्मक प्रभाव डाला है लेकिन पिछले कुछ समय से शानदार लय मे चल रहे सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल का मानना है कि सही लोगो के आसपास होने से उन्हे अपने करियर में आवश्यक संतुलन बनाए रखने में काफी मदद मिली। पंजाब के 23 साल के गिल को विराट कोहली के बाद भारतीय बल्लेबाजी का अगला बड़ा सितारा माना जा रहा है। उन्होने दिसंबर से मार्च के बीच अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मे कमाल का प्रदर्शन किया। गिल की शानदार बल्लेबाजी के कारण इंडियन प्रीमियर लीग की टीम गुजरात टाइटंस लगातार दूसरे साल खिताब जीतने की दौड़ में बनी हुई है। गिल ने कम समय मे बहुत लोकप्रियता और तारीफ हासिल की है। उन्होने पीटीआई-भाषा को दिए साक्षात्कार में कहा कि उनके लिए खेल और निजी जीवन के बीच सामंजस्य बैठाना आसान है क्योंकि उनके आस-पास हर बात मे हां मे हां मिलाने वाले लोग बहुत कम है।

बीच फुटबॉल की राह पर क्रिकेट : शास्त्री

नई दिल्ली। भारत के पूर्व कोच रवि शास्त्री का मानना है कि दुनिया भर मे टी20 लीगो की बढ़ती संख्या से द्विपक्षीय क्रिकेट खासकर वनडे प्रारूप को नुकसान हो रहा है और सभी फ्रेंचाइजी का झुकाव खिलाड़ियों को दीर्घकालिन अनुबंध देने पर है। क्रिकेट फुटबॉल की राह पर जा रहा है और भविष्य मे खिलाड़ी सिर्फ वैश्विक टूर्नामेंट ही खेलना चाहेंगे। मैने हमेशा कहा है कि द्विपक्षीय श्रृंखलाओं को नुकसान होगा। दुनिया भर मे जिस तरह से लीग की संख्या बढ रही है, यह फुटबॉल की राह पर जा रहा है। टीमें विश्व कप से पहले एकत्र होगी , थोड़ा बहुत द्विपक्षीय क्रिकेट खेलेगी, क्लब टीमो को छोड़ेगे जो विश्व कप खेलेगे। आपको पसंद आए या नही लेकिन ऐसा ही होगा। मुझे इसमे कोई बुराई नही लगती। लेकिन 50 ओवरों के क्रिकेट को नुकसान होगा। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटरो के देश के लिए खेलने पर क्लब को तरजीह देने के बारेमे उन्होने कहा कि आने वाले समय मे यह चलन और बढेगा।

कोटला को कोहली का इंतजार

● दिल्ली और आरसीबी के मैच में नजरें बल्लेबाजों पर

भाषा। नई दिल्ली

पिछले मैच में चमत्कारिक जीत दर्ज करने वाली दिल्ली कैपिटल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर शनिवार को आईपीएल के महत्वपूर्ण मुकाबले में कोई कोताही नहीं बरतना चाहेंगी और इसके लिए बल्लेबाजों को बेहतर प्रदर्शन करना होगा। आरसीबी की स्थिति दिल्ली से बेहतर है लेकिन फाफ डु प्लेसी की टीम कोई जोखिम नहीं लेना चाहेगी। दूसरी ओर शीर्ष पर काबिज गुजरात टाइटंस को कम स्कोर वाले मैच में हराने वाली दिल्ली उसी प्रदर्शन को दोहराना चाहेगी। तीन सप्ताह बाद लौटे तेज गेंदबाज खलील अहमद और अनुभवी ईशांत शर्मा दिल्ली की जीत के सूत्रधार रहे और उसे स्पर्धा में बनाए रखा है। इस तरह की जीत के बाद किसी भी टीम का मनोबल उंचा होगा लेकिन दिल्ली के बल्लेबाजों को भी अपेक्षाओं पर खरा उतरना होगा। पिछले मैच के बाद कप्तान डेविड वॉर्नर अपने बल्लेबाजों से काफी मायूस नजर आए। भारतीय बल्लेबाजों ने खास तौर पर निराश किया है हालांकि अमन हकीम खान और रिपल पटेल ने आखिर में संघर्ष किया लेकिन वह नाकाफी था। फिल सॉल्ट के प्रदर्शन में निरंतरता नहीं रही है जबकि वॉर्नर पिछले तीन मैचों में रन नहीं बना सके हैं। बल्लेबाजी में पूरी टीम एक ईकाई के तौर पर नाकाम रही है। तीसरे नंबर पर प्रियम गर्ग नहीं चल सके हैं जबकि मनीष पांडे चिर परिचित अंदाज में खेल नहीं पा रहे। अक्षर पटेल ने गुजरात के खिलाफ छठे नंबर पर बल्लेबाजी की जिन्हें ऊपर उतारा जाना चाहिए। इस मैच में विराट कोहली के खेलने से स्टेडियम खचाखच भरा रहने की उम्मीद है। उन्होंने बृहस्पतिवार को नेट पर लंबा अभ्यास किया और उसके बाद अपने नाम से बने पवेलियन में चले गए।

मुंबई को हराकर जीत की राह पर लौटने उतरेगी चेन्नई सुपर किंग्स

चेन्नई। पिछले तीन मैचा मे महज एक अंक बना सकी चेन्नई सुपर किंग्स इंडियन प्रीमियर लीग के मैच मे शनिवार को मुंबई इंडियंस को हराकर जीत की राह पर लौटना चाहेगी हालांकि मुंबई के हौसले बुलंद है और यह उसका पसंदीदा मैदान भी है। पांच बार की चैम्पियन मुंबई ने एम ए चिदंबरम स्टेडियम पर पिछले दो मुकाबले जीते है। उसने 2019 में यहां चेन्नई को हराया और करीब चार साल बाद यहां चिर प्रतिद्वंद्वी चार बार की चैम्पियन टीम से खेलेगे। महेंद्र सिंह धोनी की चेन्नई टीम का लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ पिछला मैच बारिश की भेंट हो गया जबकि उससे पहले दो मैचों में उसे पराजय का सामना करना पड़ा। पंजाब किंग्स के खिलाफ 30 अप्रैल को आखिरी गेद पर पराजय का सामना करने वाली चेन्नई को उम्मीद है कि इस बार वह अपने दर्शको को निराश नही करेगी। डेवोन कोंवे (414 रन) और रूतुराज गायकवाड़ (354 रन) ने टीम को अच्छी शुरूआत दी है लेकिन मध्यक्रम उसका फायदा नही उठा सका। अनुभवी अजिंक्य रहाणे और युवा शिवम दुबे ने रन बनाए है लेकिन अंबाती रायुडू और मोईन अली का बल्ला कमोबेश खामोश ही रहा है। बल्लेबाजी क्रम मे काफी नीचे उतर रहे धोनी ने कुछ अच्छे शॉट खेले है लेकिन उनके प्रशंसक इस बात पर हैरान है कि वह खराब फॉर्म से जूझ रहे रायुडू और रविंद्र जडेजा को अपने से पहले बल्लेबाजी के लिए क्यो भेज रहे है। चेन्नई ने रहाणे की शानदार बल्लेबाजी के दम पर पहले मैच मे मुंबई को हराया था और रहाणे एक बार फिर उस प्रदर्शन को दोहराना चाहेंगे। दीपक चाहर की वापसी से गेंदबाजी मजबूत हुई है लेकिन तुषार देशपांडे (17 विकेट , इकॉनामी रेट 12.11) ने काफी रन दिए है। जडेजा ने गेंदबाजी अच्छी की है लेकिन बल्ले से कोई कमाल नही कर सके। हरफनमौला मिशेल सेटनेर को उतारने की बात हो रही है लेकिन देखना यह होगा कि वह मोईन या महीश तीक्षणा की जगह ले सकते है या नही।

विश्व मुक्केबाजी : भारत के हुसामुद्दीन और नवीन प्री क्वार्टर फाइनल में

भाषा। ताशकंद

एशियाई और राष्ट्रमंडल खेलों के कांस्य पदक विजेता मोहम्मद हुसामुद्दीन (57 किग्रा) और नवीन कुमार (92 किग्रा) ने आसान जीत के साथ शुक्रवार को यहां आईबीए पुरुष विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। दोनों मुक्केबाजों ने सर्वसम्मति से जीत दर्ज की। एशियाई चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता आशीष को हालांकि हार का सामना करना पड़ा। अंतिम 32 मुकाबले में हुसामुद्दीन ने अपनी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए चीन के ल्यु पिंग को हराया। भारतीय मुक्केबाज ने पहले दौर में ही अपनी मूवमेंट और ताकतवर मुक्कों से दबदबा बनाया और इसे अंत तक कायम रखते हुए 5-0 के सर्वसम्मत फैसले से जीत दर्ज की। हुसामुद्दीन रविवार को प्री क्वार्टर फाइनल में रूस के सेविन एडवर्ड से भिड़ेंगे।नवीन को भी दक्षिण कोरिया के ली सेंगमिन के खिलाफ जीत दर्ज करने में अधिक मशक्कत नहीं करनी पड़ी।

स्कूल ताइक्वांडो 7 मई को

लखनऊ । यूपी गुडविल ताइक्वांडो एसोसिएशन के तत्वाधान में 19वीं जिला इंटर स्कूल ताइक्वांडो चैंपियनशिप आगामी 7 मई 2023 को महानगर मंदिर मार्ग स्थित हार्नर कॉलेज में खेली जाएगी। यूपी गुडविल ताइक्वाण्डो एसोसिएशन के महासचिव व आयोजन सचिव जावेद खान ने बताया कि इस चैंपियनशिप में लखनऊ के 16 स्कूलों की टीमों से लगभग 200 खिलाड़ी भाग लेंगे। आयोजन समिति की अध्यक्ष डा.माला मेहरा प्रिंसिपल हार्नर कॉलेज ने बताया कि इस चैंपियनशिप के माध्यम से आगामी राज्य स्तरीय ताइक्वाण्डो चैंपियनशिप में भाग लेन के लिए लखनऊ की टीम चयनित की जाएगी। टूर्नामेंट कोऑर्डिनेटर रजा हुसैन के अनुसार चैंपियनशिप में मुकाबलों की शुरुआत सुबह 8 बजे से हो जाएगी जबकि औपचारिक उद्घाटन सुबह 10 बजे होगा। इस चैंपियनयशिप में क्यूरगी श्रेणी में बालक व बालिका के सभी भार वर्गो में मुकाबले के साथ पूमसे के वर्गो में मुकाबले होंगे।

चौहान ने यूएई चैलेंज में कट हासिल किया

अबु धाबी। ओम प्रकाश चौहान ने शुक्रवार को यहां यूएई चैलेंज गोल्फ के दूसरे दौर मे दो ओवर 74 के स्कोर के साथ पहली बार भारत के बाहर यूरोपीय चैलेंज टूर में कट हासिल किया। चौहान ने दूसरे दौर में तीन बोगी और एक बर्डी की। पहले दौर मे तीन अंडर 69 का स्कोर बनाने वाले चौहान का कुल स्कोर एक अंडर 143 है और वह संयुक्त 39वे स्थान पर है। स्कॉटलैंड के क्रेग होवी ने दूसरे दौर मे पांच अंडर के स्कोर से कुल आठ अंडर के स्कोर के साथ बढ़त बना ली है। वह पहले दौर के बाद शीर्ष पर चल रहे स्पेन के इवान कैंटेरो गुटिरेज (70) से एक शॉट आगे है।

जीव ने भी कट हासिल किया

सियोंगनैम (कोरिया)। करणदीप कोच्चर जीएस कैलटेक्स मेक्युंग ओपन गोल्फ टूर्नामेंट के दूसरे दौर के बाद भारतीयो के बीच सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए संयुक्त रूप से 12वें स्थान पर चल रहे है। कोच्चर ने दोनो दौर मे दो अंडर 69 का स्कोर बनाया जिससे उनका कुल स्कोर चार अंडर है। कोच्चर कट हासिल करने वाले चार भारतीयो मे शामिल रहे। उनके अलावा अनुभवी जीव मिल्खा सिंह (71 और 70) और हनी बैसोया (69 और 72) एक अंडर 70 के कुल स्कोर से संयुक्त 41वे स्थान पर रहते हुए जबकि गगनजीत भुल्लर संयुक्त 57वे स्थान पर रहते हुए कट हासिल करने मे सफल रहे।

होल इन वन के साथ शुभंकर रोम में शीर्ष 20 में

रोम। भारत के शुभंकर शर्मा शुक्रवार को यहां दूसरे दौर में होल इन वन के साथ डीएस ऑटोमोबाइल गोल्फ टूर्नामेंट मे संयुक्त 16वे स्थान पर चल रहे है। पहले दौर में दो ओवर 74 का स्कोर बनाने वाले शुभंकर ने दूसरे दौर मे पांच अंडर 67 का स्कोर बनाया। भारत के मनु गंडास (71 और 80) हालांकि कट हासिल करने मे नाकाम रहे। मैथ्यू पेवोन (63 और 70) नौ अंडर के कुल स्कोर के साथ शीर्ष पर चल रहे है। उन्होने दूसरे स्थान पर चल रहे एड्रियन ओटेगुई (68 और 67) पर दो शॉट की बढ़त बना रखी है जिनका कुल स्कोर सात अंडर है।

व्हीलचेयर क्रिकेट टीम की कप्तानी करेंगे सोमजीत

नई दिल्ली। सोमजीत सिंह 15 सदस्ईय भारतीय व्हीलचेयर क्रिकेट टीम की अगुवाई करेंगे जो सात से नौ मई तक कोलकाता मे बांग्लादेश के खिलाफ तीन मैचों की टी20 श्रृंखला मे हिस्सा लेगी। भारतीय टीम का चयन इस साल की शुरुआत मे आयोजित राष्ट्रीय टूर्नामेंट के साथ-साथ डिफरेंटली एबल्ड क्रिकेट काउंसिल ऑफ इंडिया (डीसीसीआई) के तत्वाधान मे भारतीय व्हीलचेयर क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित शिविर मे प्रदर्शन के आधार पर किया गया।

भारत 14 पदकों के साथ शीर्ष पर

भाषा। ताशकंद

भारत के कंपाउंड तीरंदाजों ने एशिया कप चरण दो विश्व रैंकिंग टूर्नामेंट में अपना दबदबा कायम करते हुए सभी पदक अपने नाम किए जिससे शुक्रवार को देश ने सात स्वर्ण, पांच रजत और दो कांस्य के साथ शीर्ष स्थान के साथ अपना अभियान खत्म किया। कंपाउंड तीरंदाजों ने पुरुष और महिला वर्ग में सूपड़ा साफ करते हुए पांच स्वर्ण, दो रजत और दो कांस्य जीते। भारतीय तीरंदाज सभी 10 स्वर्ण पदक जीतने की दौड़ में थे लेकिन रिकर्व तीरंदाज तीन फाइनल हार गए। भारतीय तीरंदाजों को यह शिकस्त चीन के तीरंदाजों से मिली। इस हार के बाद भी भारत पदक तालिका में शीर्ष पर रहा। टूर्नामेंट में कोरिया ने भाग नहीं लिया था, जिससे भारत और चीन के तीरंदाजों को ज्यादा चुनौती नहीं मिली।पुरुष रिकर्व व्यक्तिगत वर्ग में क्वालीफिकेशन में शीर्ष पर रहने वाले मृणाल चौहान चीन के वांग बाओबिन से 2-6 (29-30, 29-29, 27-28, 26-26) से हार गए। भारत के 19 साल के तीरंदाज बाओबिन से दो अंक से पिछड़ गए। चीन के तीरंदाज ने पहला और तीसरा सेट मामूली अंतर से जीतकर निर्णायक बढ़त बना ली थी। भारत को संगीता से स्वर्ण पदक की उम्मीद थी लेकिन चौथी वरीयता प्राप्त

● एशिया कप:तीरंदाजों ने किया सूपड़ा साफ

भारतीय ने 3-1 की बढ़त चौथे सेट में गंवा दी। उन्होंने इस सेट में छह अंक वाला निशाना साधा। चीन की वू जियाक्सिन से उन्हें 3-7 (27-26, 27-27, 26-27, 24-27, 26-30) की शिकस्त मिली। संगीता, मधु वेदवान और तनीषा वर्मा की रिकर्व महिला टीम को एकतरफा फाइनल में चीन की टीम ने 0-6 (52-56, 47-52, 51-52) से शिकस्त दी। रिकर्व तीरंदाजों ने हालांकि दो स्वर्ण पदक जीत कर इन तीनों हार की निराशा को कम की। भारत की पुरुष और मिश्रित टीम ने फाइनल में चीन की जोड़ियों को शिकस्त दी। मृणाल चौहान, तुषार शेल्के और जयंत तालुकदार ने पुरुष टीम फाइनल में चीन को 5-1 (57-54, 54-54, 54-51) से मात दी।

मीराबाई चूकी, छठे स्थान पर

● एशियाई चैंपियनशिप

जिन्जू (कोरिया)। भारत की स्टार भारोत्तोलक मीराबाई चानू का एशियाई चैंपियनशिप में अभियान उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा और शुक्रवार को यहां स्नैच में जूझने तथा क्लीन एवं जर्क में अंतिम दो प्रयास नहीं करने के कारण वह छठे स्थान पर रहीं। तोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता मीराबाई 49 किग्रा वर्ग में चुनौती पेश करते हुए स्नैच में 85 किग्रा और क्लीन एवं जर्क में 109 किग्रा के साथ कुल 194 किग्रा वजन ही उठा सकीं जो 207 किग्रा के उनके निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से 13 किग्रा कम है। बी ग्रुप में चुनौती पेश कर रही जापान की रिरा सुजूकी ने भी 194 किग्रा (83 किग्रा और 111 किग्रा) वजन उठाया लेकिन मीराबाई से पहले चुनौती पेश करने के कारण वह भारतीय पहलवान से आगे रहीं। मीराबाई ने स्नैच में आसानी से 85 किग्रा वजन उठाकर शुरुआत की। उन्होंने इसके बाद वजन को 88 किग्रा किया जो उनका निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। मणिपुर की यह भारोत्तोलक हालांकि अपने अगले दो प्रयासों में विफल रहीं और उन्हें स्नैच में 85 किग्रा के प्रयास के साथ संतोष करना पड़ा। स्नैच में चार भारोत्तोलकों

● सिर्फ दो वैध प्रयास

ने मीराबाई से बेहतर नतीजे हासिल किए और सभी ने 90 किग्रा या इससे अधिक वजन उठाया। मीराबाई स्वयं भी स्नैच में 2020 से 90 किग्रा वजन उठाने का प्रयास कर रही हैं लेकिन मुख्य कोच विजय शर्मा ने पीटीआई को बताया था कि इस पूर्व विश्व चैंपियनशिप के यहां इतना वजन उठाने का प्रयास करने की उम्मीद नहीं है। मीराबाई ने पिछली बार 2021 में एशियाई चैंपियनशिप में हिस्सा लिया था और तब क्लीन एवं जर्क में विश्व रिकॉर्ड (119 किग्रा) से कांस्य पदक जीतकर लौटी थीं। हालांकि इस बार उन्होंने क्लीन एवं जर्क में सिर्फ 109 किग्रा वजन उठाया और फिर अपने अंतिम दो प्रयास नहीं करने का फैसला किया जिसके कारण के बारे में पता नहीं चला है।

टेंडर व आईवीपीएस सेमीफाइनल में

लखनऊ। मेजबान टेंडर हार्ट्स स्कूल ने प्रथम टीएचएस कप अंडर.14 इंटर स्कूल लेदर बाल क्रिकेट टूर्नामेंट में एमपीबी पब्लिक स्कूल को 116 रन से हराकर अपने ग्रुप से सेमीफाइनल में जगह बनाई। एक अन्य मैच में आईवीपीएस स्कूल ने सेंट जेवियर को 97 रन से हराकर सेमीफाइनल में स्थान सुरक्षित किया। टेंडर हार्ट्स स्कूल कुर्सी रोड के खेल मैदान पर आयोजित इस टूर्नामेंट में शुक्रवार को खेले गए पहले मैच में टेंडर हार्ट्स स्कूल ने श्रेयम 50 के अर्धशतक और शिवेंद्र 3 विकेट की गेंदबाजी से जीत हासिल की। टेंडर हार्ट्स स्कूल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट पर 182 रन बनाए। जवाब में एमपीबी पब्लिक स्कूल लक्ष्य का पीछा करते हुए 11.4 ओवर में 66 रन ही बना सका। दिन के दूसरे मैच में आईवीपीएस स्कूल इंडस वैली पब्लिक स्कूल ने सेंट जेवियर स्कूल को 97 रन से हराया। आईवीपीएस स्कूल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 15 ओवर में 3 विकेट पर 127 रन बनाए। जवाब में लक्ष्य का पीछा करते हुए सेंट जेवियर स्कूल 11.4 ओवर में 30 रन ही बना सका।

बोपन्ना और एबडेन मैड्रिड ओपन के फाइनल में

भाषा। मैड्रिड

भारतीय टेनिस स्टार रोहन बोपन्ना और आस्ट्रेलिया के मैथ्यू एबडेन ने सैंटियगो गोंजालेस और एडुअर्ड रोजर वेसलीन को हराकर मैड्रिड ओपन पुरूष युगल फाइनल मे प्रवेश कर लिया। 43 वर्ष के बोपन्ना और 35 वर्ष के एबडेन ने आठवी वरीयता प्राप्त जोड़ी को 5-7, 6-3, 10-4 से हराकर सत्र के दूसरे एटीपी मास्टर्स 1000 फाइनल मे प्रवेश किया। सातवी वरीयता प्राप्त बोपन्ना और एबडेन का सामना अब रूस के करेन खाचानोव और आंद्रे रूबलेव से होगा। खाचानोव और रूबलेव ने फ्रेंच ओपन चैम्पियन मार्शेलो अरेवालो और जीन जूलियन रोजर को 6-4, 6-4 से हराया। बोपन्ना ने मार्च मे एबडेन के साथ बीएनपी परीबस ओपन जीतकर इतिहास रच दिया था चूंकि वह एटीपी मास्टर्स 1000 खिताब जीतने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बने। फरवरी मे उन्होने कतर ओपन भी जीता था।

सिटसिपास हारे, स्वियातेक का सामना सबालेंका से

मैड्रिड। लकी लूजर जान लेनार्ड स्ट्रफ ने चौथी वरीयता प्राप्त स्टेफानोस सिटसिपास पर 7-6, 5-7, 6-3 से अप्रत्याशित जीत दर्ज करके मैड्रिड ओपन टेनिस के सेमीफाइनल मे प्रवेश कर लिया। पिछले सप्ताह क्वालीफाइंग दौर का आखिरी मुकाबला असलान कारात्सेव से हारने वाले स्ट्रफ को लकी लूजर के रूप मे मुख्य ड्रॉ मे प्रवेश मिला। अब सेमीफाइनल मे उनका सामना फिर कारात्सेव से ही होगा जिन्होने चीन के झांग झिजेन को 7 . 6, 6 . 4 से हराया। वह किसी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल मे पहुंचने वाले तीसरे लकी लूजर है। महिला वर्ग मे दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी इगा स्वियातेक और दूसरे नंबर की खिलाड़ी एरिना सबालेंका फाइनल मे पहुंच गई। दो सप्ताह पहले स्टटगार्ट फाइनल मे भी दोनो का सामना हुआ था जिसमे स्वियातेक जीती थी। किसी डब्ल्यूटीए 1000 फाइनल मे 2014 मियामी ओपन के बाद पहली बार दो शीर्ष रैंकिंग वाली खिलाड़ी पहुंची है। उस समय नंबर एक खिलाड़ी सेरेना विलियम्स ने दूसरी रैंकिंग वाली लि ना को हराया था।

पहलवानों ने खुद ही बनाईं दो समितियां, रणनीति बनाएंगे

भाषा। नई दिल्ली

विरोध प्रदर्शन करने वाले पहलवानों ने शुक्रवार को भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ अपनी लड़ाई में भविष्य की रणनीति पर सलाह देने के लिए दो समितियों का गठन किया। उच्चतम न्यायालय द्वारा उनकी याचिका पर कार्यवाही बंद करने के बाद पहलवानों ने अपने अगले कदम पर विचार करना शुरू कर दिया। इस बीच खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने उनसे मौजूदा तंत्र और प्रणाली पर विश्वास रखने का अनुरोध करते हुए कहा कि जांच से सब कुछ स्पष्ट हो जाएगा।बजरंग पूनिया ने यहां कहा, विनेश (फोगाट) कानूनी टीम के साथ इस पर चर्चा कर रही है। हम इस मामले पर कल सूचित करेंगे। आज हमने दो समिति बनाई इसमें एक 31 सदस्ईय समिति है और दूसरी नौ सदस्ईय है। हमारी 31 सदस्ईय समिति में खाप पंचायत, किसान एवं महिला संगठन से जुड़े लोग हैं जबकि नौ सदस्ईय समिति कुश्ती से जुड़े फैसले करेगी। जरंग ने कहा, मैं खेल मंत्री से अनुरोध करता हूं कि वे आएं और सच्चाई का साथ दे। ओलंपिक पदक जीतने वाले इस पहलवान ने कहा, हम शायद न्यायालय जाकर अपनी लड़ाई फिर से शुरू करेंगे. यह लड़ाई तीन पहलवानों तक ही सीमित नहीं है। दिल्ली पुलिस द्वारा प्रदर्शन स्थल पर और अधिक पहलवानों के प्रवेश को रोक दिया गया है जिसके कारण विरोध प्रदर्शन के 13वें दिन कुछ ही किसान पीडि़त पहलवानों को अपना समर्थन देने के लिए जंतर-मंतर पहुंच सके। शुक्रवार को यहां पहले कर तरह गहमा-गहमी कम दिखी।इस दौरान हालांकि कुछ राजनीतिक और किसान नेताओं ने पहलवानों से मुलाकात की। इसमें कांग्रेस की कुमारी शैलजा, किरण चौधरी और अनिल कुमार ने पहलवानों को अपना समर्थन दिया।बजरंग ने कहा, ऐसा लगता है कि हम जेल में हैं। हर तरफ बेरिकेड्स लगे हैं। पुलिस भी हमारे समर्थकों को गुमराह कर रही है।

उम्मीद है कि मसला सुलझ जाएगा: गांगुली

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के पूर्व अध्यक्ष सौरव गांगुली ने शुक्रवार को कहा कि उन्हे उम्मीद है कि मौजूदा कुश्ती विवाद का समाधान हो जाएगा लेकिन उन्होंने इस मामले मे कोई और टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। विनेश फोगाट, साक्षी मलिक और बजरंग पूनिया सहित शीर्ष पहलवान 23 अप्रैल से यहां जंतर-मंतर पर भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे है और एक नाबालिग सहित सात पहलवानो के कथित यौन उत्पीड़न के आरोप मे उनकी गिरफ्तारी की मांग कर रहे है। भारतीय टीम के पूर्व कप्तान गांगुली ने यहां एक कार्यक्रम से इतर संवाददाताओ से कहा, मुझे उम्मीद है कि इसका समाधान हो जाएगा। पहलवानो ने काफी पदक जीते है और देश का नाम रोशन किया है। उम्मीद है कि इसका समाधान निकलेगा।

महावीर फोगाट ने पदक लौटाने की धमकी दी

चंडीगढ। प्रदर्शनकारी पहलवानो के समर्थन मे आए द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता कोच महावीर सिंह फोगाट ने शुक्रवार को भारतीय कुश्ती महासंघ के प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी की मांग करते हुए धमकी दी कि इंसाफ नही मिलने पर वह अपने पदक वापिस कर देंगे। महावीर फोगाट ने कहा , अगर इस मामले मे इंसाफ नही मिला तो मै अपने पदक वापिस कर दूंगा। उस पर जिस तरह के आरोप है, उसके खिलाफ कार्वाई की जानी चाहिए और उसे गिरफ्तार किया जाना चाहिए।